RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 176
नई दिल्ली, बुधवार, 3 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



देश में सबसे भ्रष्ट सरकार सिद्दरमैया की थी : शाह
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# शरद पवार ने एनसीपी अध्यक्ष पद छोड़ने का किया ऐलान

## भावुक कार्यकर्ताओं ने पद पर बने रहने का किया अनुरोध, कई नेता रोते देखे गए

● कहा- पार्टी नेताओं की समिति उनके उत्तराधिकारी का चुनाव करने पर फैसला ले

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**एक** चौंकाने वाले राजनीतिक घटनाक्रम में मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया। 1999 में कांग्रेस को छोड़ने के बाद उन्होंने इस पार्टी का गठन किया था।

पवार ने यहां यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में अपनी आत्मकथा के संशोधित संस्करण के विमोचन के अवसर पर पार्टी का अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा की, जिस पर एनसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनसे फैसले को वापस लेने की मांग की। इस दौरान कई नेता और कार्यकर्ता रोते देखे गए। पवार ने अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि पार्टी नेताओं की एक समिति को उनके उत्तराधिकारी का चुनाव करने पर निर्णय करना चाहिए। बाद में, पवार के आवास पर पार्टी नेताओं की समिति की बैठक हुई जिसके बाद एनसीपी नेता अजित पवार ने घोषणा की कि उनके चाचा को अपने फैसले पर सोचने के लिए दो-तीन ( शेष पेज 9 )



मुंबई मंगलवार को अपनी पार्टी के नेताओं के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार

## पवार को सोचने के लिए दो-तीन दिन चाहिएः अजित

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का अध्यक्ष पद छोड़ने की शरद पवार की घोषणा के बाद प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं से अजित पवार ने कहा है कि उन्हें अपने फैसले पर फिर से सोचने के लिए दो-तीन दिन का वक्त चाहिए।

पार्टी कार्यकर्ताओं को शरद पवार के संदेश से अवगत कराते हुए उनके भतीजे अजित पवार ने राकांपा पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे शरद पवार के इस अप्रत्याशित फैसले के विरोध में अपने पदों से इस्तीफा नहीं दें। अजित पवार ने यहां यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान के परिसर में ( शेष पेज 9 )

# बजरंग दल और पीएफआई पर कार्रवाई का कांग्रेस का वादा



● कर्नाटक चुनाव के चुनाव के लिए पार्टी ने जारी किया अपना घोषणापत्र

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**कांग्रेस** ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को घोषणापत्र जारी किया जिसमें उसने वादा किया है कि प्रदेश में जाति एवं धर्म के आधार पर नफरत फैलाने के लिए बजरंग दल और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। उसका कहना है कि ऐसे संगठनों को प्रतिबंधित करने की कार्रवाई भी हो सकती है।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र सर्व जनांगदा शान्तिय तोटा (सभी लोगों के लिए शांति का बगीचा) में यह वादा किया है कि वह सत्ता में आने के एक साल के भीतर उन सभी अन्यायपूर्ण और जनविरोधी कानूनों को निरस्त करेगी जो भाजपा सरकार द्वारा लाए गए थे। मुख्य विपक्षी दल ने कहा, कांग्रेस जाति और धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले संगठनों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है। उसका कहना है, हमारा मानना है कि कानून और संविधान पवित्र है।

कोई व्यक्ति या बजरंग दल, पीएफआई और नफरत एवं शत्रुता फैलाने वाले दूसरे संगठन, चाहे वह बहुसंख्यकों के बीच के हों या अल्पसंख्यकों के बीच के हों, वे कानून और संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते। हम ऐसे संगठनों पर कानून के तहत प्रतिबंध लगाने समेत निर्णायक कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसे उसने सर्व जनांगदा शान्तिय तोटा नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धरमैया सहित अन्य ( शेष पेज 9 )

## अब कांग्रेस जय बजरंगबली बोलने वालों को बंद करने की तैयारी में: मोदी

● कहा-आतंकवाद और आतंकवादियों के तुष्टीकरण का कांग्रेस का इतिहास रहा है



**एजेंसी।** चित्रदुर्गा/सिंधनूर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आतंकवाद एवं आतंकवादियों का तुष्टिकरण करने का कांग्रेस का इतिहास रहा है और उन्होंने विपक्षी दल के घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे को भगवान हनुमान को ताले में बंद करने की कोशिश करार दिया।

कर्नाटक में आज तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी से लेकर यूक्रेन और ताजा सूडान संकट का उल्लेख किया और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) के नेताओं पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा उन्हें जहरीला सांप तथा उनके बेटे प्रियंक खरगे द्वारा नालायक कहे जाने के मुद्दों को भी जिक्र किया और कांग्रेस नेताओं से चुनाव का स्तर इतना नीचे ना गिराने की अपील की।

चित्रदुर्ग में दिन की पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दिल्ली के 2008 के प्रसिद्ध बाटला हाउस मुठभेड़ का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टिकरण का रहा है। उन्होंने कहा कि जब सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक हुई तो कांग्रेस ने देश की सेनाओं के सामर्थ्य पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि यहां कर्नाटक में कांग्रेस ऐसे आतंक को बढ़ावा देती रही है और उसने राज्य की जनता को आतंकियों के रहमोकरम पर छोड़ दिया था जबकि भाजपा ने ( शेष पेज 9 )

# गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल में हत्या

● विरोधी गोगी गैंग के बदमाशों ने मंगलवार सुबह सवा छह बजे अति सुरक्षित जेल में ताबड़तोड़ वार कर दिया वारदात को अंजाम

● टिल्लू के शरीर पर घाव के 40 से 50 निशान, कनाडा में छुपे गोल्डी बरार ने ली हमले की जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** की तिहाड़ जेल में एक बार फिर गैंगवार हुआ, जिसमें गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या कर दी गई। विरोधी गैंग के बदमाशों ने रोहिणी अदालत में गोलीबारी की घटना के आरोपी टिल्लू पर मंगलवार सुबह-सुबह सुए और चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला किया।

उसके शरीर पर हमले के 40 से 50 निशान थे। एक महीने में हत्या की दूसरी वारदात से देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। कारागार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया (33) को उच्च जोखिम वार्ड के निचले तल में बंद किया गया था। हमलावर-दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टुंडा, राजेश और रियाज खान उसी वार्ड के पहले तल पर बंद थे।



सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया का फाइल चित्र

जेल अधिकारियों ने संदेह जताया कि हमलावरों ने उच्च सुरक्षा वाले वार्ड के पहले तल पर लगी लोहे की दो छड़ों को काटा और उन्हें फिर से वहां रख दिया, ताकि किसी को शक नहीं हो। हमले से पहले प्रतिद्वंद्वी गुट गोगी गिरोह के चार कैदी सुबह छह बजकर 15 मिनट पर इन सलाखों को हटाकर एक चादर की सहायता से नीचे उतर आए। अधिकारियों ने बताया कि जिस समय हमला किया गया, उस समय कैदियों की गिनती के लिए कोठरियों की खोला गया था। जब ताजपुरिया ने हमलावरों को देखा, तो वह रोहित नाम के एक अन्य कैदी की कोठरी में भागा। रोहित ने अपनी कोठरी का दरवाजा बंद कर ताजपुरिया को बचाने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद नहीं हो सकता था, इसलिए हमलावर भीतर घुस गए और इस दौरान रोहित भी घायल हो गया। उन्होंने बताया कि यह पूरा हमला दो मिनट के भीतर हुआ। जेल कर्मी और सुरक्षा कर्मी तत्काल घटनास्थल की ओर भागे और उन्होंने चारों हमलावरों को पकड़ लिया।

जेल के अधिकारी ने बताया कि जेल में प्राथमिक उपचार के बाद तेजपुरिया को सुबह छह बजकर करीब 45 मिनट पर दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) अक्षत कौशल ने बताया कि सुबह करीब सात बजे उन्हें तिहाड़ जेल से दो विचाराधीन कैदियों को लाए जाने के संबंध में दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से सूचना मिली थी। कौशल ने बताया कि तेजपुरिया को बेहोशी की ( शेष पेज 9 )

# उच्च न्यायालय से राहुल गांधी को नहीं मिली अंतरिम राहत

**मानहानि मामला**

● अदालत ने कहा, ग्रीष्मावकाश के बाद वह अंतिम आदेश सुनाएगी

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम टिप्पणी से संबंधित आपराधिक मानहानि मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार को अंतरिम राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह ग्रीष्मावकाश के बाद अंतिम आदेश सुनाएगा।

गांधी (52) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद तत्कालिकता का हवाला देते हुए अदालत से अंतरिम या अंतिम आदेश जारी करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने, हालांकि,



कहा कि इस चरण में अंतरिम संरक्षण नहीं दिया जा सकता। न्यायमूर्ति प्रच्छक ने कहा कि वह रिकॉर्ड और कार्यवाही की अधिकृत रपट पढ़ने के बाद ही अंतिम आदेश सुनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने ग्रीष्मावकाश के बाद फैसला सुनाने की बात कही। गुजरात उच्च न्यायालय में आठ मई से तीन जून तक ग्रीष्मावकाश है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गुजरात के विधायक एवं मामले के मूल शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी की ओर से पेश अधिवक्ता निरुपम नानावती ने गांधी को अंतरिम राहत प्रदान करने के सिंघवी के अनुरोध का पुरजोर विरोध किया। इस मामले में सूरत की एक अदालत ने उन्हें दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी, ( शेष पेज 9 )

# निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक में राजनीतिक दलों, प्रचारकों से संयम बरतने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने मंगलवार को राजनीतिक दलों और उनके स्टार प्रचारकों को परामर्श जारी कर कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान संयम बरतने तथा चुनावी माहौल खराब नहीं करने को कहा है। चुनाव प्रचार में संवाद के गिरते स्तर को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने विशेष रूप से स्टार प्रचारक की वैधानिक स्थिति रखने वाले व्यक्तियों द्वारा प्रचार के दौरान अनुचित शब्दावली और भाषा के इस्तेमाल किए जाने के दृष्टांतों का उल्लेख किया। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा, कई शिकायतों व जवाबी शिकायतों में इस तरह के उदाहरण सामने आए हैं और इसने मीडिया का नकारात्मक रूप से ध्यान भी आकर्षित किया है। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है और इसके मद्देनजर कांग्रेस व भाजपा के बीच जुबानी जंग भी तेज हो गई है।

# यूक्रेन की उप विदेश मंत्री ने देवी काली से संबंधित ट्वीट को लेकर माफी मांगी

**भाषा।** लंदन

**यूक्रेन** की उप विदेश मंत्री एमिन झापरोवा ने देश के रक्षा मंत्रालय द्वारा देवी काली का गलत चित्रण किए जाने को लेकर मंगलवार को खेद जताया और इस कृत्य के लिए माफी मांगते हुए कहा कि यह देश और इसके लोग अद्वितीय भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हैं। झापरोवा ने नौ अप्रैल को भारत की यात्रा की थी। यूक्रेन में पिछले साल फरवरी में रूसी हमला शुरू होने के बाद इस पूर्वी यूरोपीय देश (यूक्रेन) से किसी मंत्री की यह पहली आधिकारिक विदेश यात्रा थी।

उन्होंने देवी काली से जुड़ी इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा व्यापक स्तर पर रोष जताए जाने के बाद एक ट्वीट में कहा, देवी काली का यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा गलत चित्रण करने को लेकर हमें खेद है। यूक्रेन और इसके लोग अद्वितीय भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हैं और (भारत के) समर्थन की अत्यधिक सराहना करते हैं। चित्र हटा दिया गया है। यूक्रेन परस्पर सम्मान और मित्रता की भावना के साथ सहयोग बढ़ाने को प्रतिबद्ध है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के विवादास्पद ट्वीट को अब हटा लिया गया है। इसमें विस्फोट के धुएं के बीच देवी काली का एक विकृत चित्र लगा कर वर्क ऑफ आर्ट लिखा गया था। यह चित्र 30 अप्रैल को ट्वीट किया गया, जिसे लेकर सोशल मीडिया मंच पर रोष प्रकट किया गया था।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में वरिष्ठ सलाहकार कंचन गुप्ता ने 30 अप्रैल को यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के ट्वीट को साझा करते हुए कहा था, दुष्प्रचार करने के लिए बनाए गए पोस्टर में देवी काली का चित्र लगाया गया। यह विश्व भर में हिंदू समुदाय की भावनाओं पर हमला है। गुप्ता ने यह भी कहा था कि यूक्रेन ने देवी काली का इस तरह से उपहास किया है, जैसा कभी भी किसी सरकार या देश ने नहीं किया था। उन्होंने यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के कृत्य को नफरत भरा बयान भी करार दिया। ट्विटर के कुछ उपयोगकर्ताओं ने मुद्दे में विदेश मंत्री एस ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### ईपीएफओ ने अधिक पेंशन के आवेदन की समय-सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ऊंची पेंशन पाने के लिए आवेदन करने की समयसीमा को बढ़ाकर 26 जून कर दिया है। ईपीएफओ ने कहा कि तीन मई को खत्म होने वाली समयसीमा को बढ़ाकर 26 जून, 2023 कर दिया गया है। इस तरह पात्र कर्मचारी अब 26 जून तक अधिक पेंशन पाने के लिए अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। ईपीएफओ ने उच्चतम न्यायालय के चार नवंबर, 2022 के पेंशन संबंधी एक महत्वपूर्ण निर्णय पर अमल करते हुए मौजूदा अंशधारकों एवं सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को भी तीन मई, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन करने को कहा था। इस अहम फैसले में न्यायालय ने कहा था कि ईपीएफओ को अपने मौजूदा एवं पूर्व अंशदाताओं को अधिक पेंशन का विकल्प चुनने का अवसर देना चाहिए। इसके लिए कुछ शर्तें एवं व्यवस्थाएं भी रखी गई थीं। हालांकि कर्मचारी संगठनों के कई प्रतिनिधियों ने ईपीएफओ से समयसीमा को बढ़ाने का अनुरोध किया था। इस बात को ध्यान में रखते हुए अधिक पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की समयसीमा को बढ़ाया है।

# गो फर्स्ट आर्थिक संकट में, तीन दिन उड़ानें निलंबित

**पीएनएस/एजेंसी।** मुंबई/नई दिल्ली

● दिवाला समाधान के लिए एनसीएएलटी में किया आवेदन, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा-न्यायिक प्रक्रिया का इंतजार करना बेहतर होगा

**वाडिया** समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन गो फर्स्ट नकदी के गंभीर संकट की वजह से तीन से पांच मई तक अपनी उड़ानें अस्थाई रूप से निलंबित रखेगी। इससे पहले, एयरलाइन ने दो दिन के लिए उड़ानें निलंबित करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही एयरलाइन ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ में स्वैच्छिक दिवाला समाधान प्रक्रिया के लिए भी आवेदन किया है।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इंजन आपूर्ति से संबंधित परिचालन बाधाओं के कारण एयरलाइन की वित्तीय स्थिति को झटका लगना दुर्भाग्यपूर्ण है। एयरलाइन के ऋण शोधन समाधान कार्यवाही के लिए स्वैच्छिक आवेदन देने को देखते हुए सिंधिया ने कहा, यह बेहतर होगा कि न्यायिक प्रक्रिया का इंतजार किया जाए। सिंधिया ने बयान में कहा, सरकार हर संभव तरीके से एयरलाइन की मदद कर रही थी। मामले को संबंधित पक्षों के साथ उठाया गया है।

एयरलाइन के प्रमुख कौशिक खोना ने पीटीआई-भाषा से कहा कि एयरलाइन को प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) से इंजन की आपूर्ति नहीं मिलने की वजह से अपने बेड़े के आधे से अधिक यानी 28 विमानों को खड़ा करना पड़ा है। इस वजह से एयरलाइन के समक्ष नकदी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, दिवाला समाधान के लिए आवेदन करना एक दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है लेकिन कंपनी के हितों के संरक्षण के लिए ऐसा करना जरूरी था। एयरलाइन ने सरकार को भी इन घटनाक्रमों की जानकारी दे दी है। साथ ही वह नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने जा रही है। कंपनी ने नोटिस में कहा कि एयरलाइन की उड़ानें तीन, चार और पांच मई को निलंबित रहेंगी।

उसके बाद उड़ानों का परिचालन फिर शुरू होगा। गो फर्स्ट के कर्मचारियों की संख्या 5,000 से अधिक है। गो फर्स्ट ने यह भी कहा कि वह यात्रियों को उनके टिकट का पूरा पैसा वापस करेगी। कंपनी ने कहा, हमें इस बात का अफसोस है कि परिचालन संबंधी कारणों से गो फर्स्ट की उड़ानें तीन, चार और पांच मई, 2023 को निलंबित रहेंगी। उड़ानों के रद्द होने से यात्रियों को जो असुविधा हुई हैं, हम उसके लिए माफी मांगते हैं...हम जो भी सहायता दे सकते हैं, वह देंगे और उसके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# कम पीड़ा हो मौत की सजा में, विचार के लिए बनेगी समिति

● केंद्र सरकार ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के सुझाव पर समिति गठित करने के बारे में चल रहा सोच-विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अभी** तक मौत होने तक फांसी पर लटकाए रखने का कानून है, जिसके बारे में सोचकर किसी की भी रूह कांप जाए, लेकिन क्या फांसी की सजा पाए दोषी को कम दर्दनाक मौत भी दी जा सकती है? इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

केंद्र सरकार ने मंगलवार को सर्वोच्च अदालत से कहा कि वह मृत्युदंड के दोषियों को फांसी दिए जाने के प्रचलित तरीके की जांच करने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करने पर विचार कर रही है। उच्चतम न्यायालय ने इसी साल 21 मार्च को कहा था कि वह इस बात की जांच करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने पर विचार कर सकता है कि क्या मौत की सजा पर अमल के लिए फांसी की सजा आनुपातिक और कम दर्दनाक है। मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमण की इन दलीलों पर गौर किया कि सरकार विशेषज्ञों की समिति बनाने के उनके सुझाव पर विचार कर रही है। वकील ऋषि मल्होत्रा ने 2017 में एक जनहित याचिका दायर कर मृत्युदंड के लिए फांसी पर लटकाने के मौजूदा तरीके को समाप्त करने का अनुरोध किया था और इसके बजाय कम दर्दनाक तरीके जैसे कि जानलेवा इंजेक्शन लगाने, गोली मारने, करंट लगाने या गैस चैम्बर का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया।



पिछली सुनवाई में न्यायालय ने मृत्युदंड के तरीके से जुड़े मुद्दों पर बेहतर डेटा उपलब्ध कराने का भी केंद्र को निर्देश दिया था। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि प्रस्तावित समिति के लिए नाम तय करने से जुड़ी प्रक्रिया चल रही है और वह कुछ समय बाद ही इस पर जवाब दे पाएंगे। पीठ ने कहा कि अटॉर्नी जनरल ने कहा कि एक समिति गठित करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। इसे देखते हुए हम गर्मियों की छुट्टियों के बाद मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय करेंगे। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक विश्व के 58 देशों में सजा ए मौत के लिए फांसी दी जाती है और 73 देशों में दोषी को गोली मारकर मौत दी जाती है।

भारत सहित कुल 33 देशों में केवल एक ही तरह से यानी फांसी पर लटकाकर मौत की सजा दी जाती है। छह देश ऐसे भी हैं जहां पत्थर मारकर मौत की सजा पर अमल किया जाता है, जो फांसी से अधिक दर्दनाक और भयावह है। पांच देशों में जहर का इंजेक्शन लगाकर दोषी को मौत दी जाती है। तीन देशों में सिर धड़ से अलग कर दोषी को मौत दी जाती है। यह भी ध्यान रहे कि लगभग 97 देश फांसी की सजा का प्रावधान समाप्त कर चुके हैं। भारत में ही सीआरपीसी की धारा- ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 मई, 2023



# अंतिम मतदाता सूची में तीन हजार वोटर बढ़े

● लोनी नगर पालिका में भी बढ़ी संख्या, पतला में कोई इजाफा नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




गाजियाबाद। जिला निर्वाचन कार्यालय ने नगर निकाय चुनाव के लिए मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है। इससे पूर्व एक अप्रैल को पूरक सूची जारी की गई थी, लेकिन उसके बाद भी मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए।

इसके बाद अब अंतिम मतदाता सूची जारी की गई है जिसमें 3 हजार 321 मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। पूर्व की सूची में नौ नगर निकायों में मतदाताओं की संख्या 25 लाख 80 हजार 225 थी जो अब बढकर 25 लाख 83 हजार 845 पहुंच गई हैं। इसमें पुरूष मतदातओं की संख्या में 1789 और महिला मतदाताओं में 1532 का इजाफा हुआ है। हालांकि यह बढ़ोतरी सबसे अधिक गाजियाबाद नगर निगम और लोनी नगर पालिका क्षेत्र में हुई है।

अन्य क्षेत्र में बेहद मामूली बढ़त हुई है। पतला नगर पंचायत में एक भी मतदाता नहीं बढ़े तो वहीं मोदीनगर पालिका में एक मतदाता की संख्या में कमी आई है।

गाजियाबाद नगर निगम में पूर्व की सूची में 15 लाख 39 हजार 822 मतदाता थे जो अब बढकर 15 लाख 42 हजार 126 पहुंच गए यानि सबसे अधिक 2304 मतदाता निगम क्षेत्र में बढ़े हैं। लोनी नगर पालिका क्षेत्र में पहले मतदाताओं की संख्या 5 लाख 21 हजार 26 थी जो अब बढ़कर पांच लाख 22 हजार 23 तक पहुंच गई है। यहां भी 997 मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। नगर पालिका परिषद मुरादनगर में नौ मतदाताओं की संख्या बढ़ गई हैं अब वहां 99 हजार 823 वोटर्स हैं। खोड़ा मकनपुर में 17 मतदाताओं की संख्या बढ़ी हैं यहां भी अब 17 हजार 273 मतदाता हो गए हैं।

नगर पंचायत फरीदनगर में एक प्रत्याशी बढ़ा है तो वहीं नगर पंचायत डासना में पहले 35 हजार 332 वोटर्स थे जो अब 35 हजार 326 हो गए हैं यानि यहां छह मतदाताओं की संख्या कम हुई है। अब नई मतदाता सूची के आधार पर भी वोटर्स मतदान करेंगे।

## मतगणना केन्द्र पर प्रत्याशियों के वाहन प्रतिबंधित

गाजियाबाद। 11 मई को जिले में नगर निकाय का चुनाव होना है। एक नगर निगम, चार नगर पालिका व चार नगर पंचायत में चुनाव होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के लिए चुनावी आचार संहिता जारी की है। इसके तहत नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान के 48 घंटे पूर्व जनपद के बाहरी लोगों जो स्थानीय निकाय का निवासी नहीं होगा उसे जिला छोडना होगा। इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति सम्बंधित निकाय का निवासी नहीं होगा तो उसे भी वह क्षेत्र छोड़ना होगा। मतदान समाप्ति से पहले यह लोग क्षेत्र में प्रवेश




नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं मतदाताओं को केन्द्र तक लाने ले जाने के लिए प्रत्याशी वाहन उपलब्ध नहीं कराएंगे। इतना ही नहीं बिना किसी परमिशन के कोई भी प्रत्याशी रैली, जुलुस, जनसभा का आयोजन नहीं कर सकेंगे। लाउडस्पीकर भी निर्धारित समय में ही चलाए जा सकेंगे। इतना नहीं किसी की निजी सम्पत्ति, सार्वजनिक स्थलों पर भी प्रत्याशी अपने प्रचार के पोस्टर बैनर नहीं लगाएंगे। टीवी चैनल, केबल नेटवर्क या रेडियों पर भी कोई विज्ञापन जिला प्रशासन की अनुमति से जारी किए जा सकेंगे। मतदान के 48 घंटे पूर्व पर सार्वजनिक सभा व चुनव प्रचार बंद कर दिया जाएगा। मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व किसी प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए निर्वाचन से सम्बंधित विज्ञापन बुक कर दिया गया है तो इस प्रकार के निर्वाचन सम्बंधी विज्ञापन को 48 घंटे की अवधि में भी प्रकाशित किए जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

## आचार संहिता उल्लघंन पर कई प्रत्याशियों पर केस दर्ज

गाजियाबाद। आदर्श आचा संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में 24 घंटे के अंदर कमिश्नरेट पुलिस ने खोड़ा, टीला मोड व वेब सिटी के अलावा नगर जोन व देहात जोन में लगभग दर्जन भर ऐसे प्रत्याशियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करनी शुरू कर दी जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पाये गये। सूत्रों के मुताबिक आदर्श आचार संहिता उल्लघंन के मामले में अकेले टीला मोड़ थाना पुलिस ने ही आधा दर्जन से अधिक प्रत्याशियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उनके खिलाफ वैधानिक कार्र करनी शुरू कर दी।

## 7 मई को फिर होगी ईवीएम की जांच

**गाजियाबाद। नगर निगम का चुनाव ईवीएम से कराया जाएगा। ईवीएम के पहले रेंडीमाइजेशन की प्रक्रिया 30 अप्रैल को पूरी कर ली गई थी। दूसरी प्रक्रिया सात मई को होगी। इस बीच कमला नेहरू नगर स्थित केन्द्रीय विद्यालय के बॉयज हास्टल में ईवीएम को कमीशनिंग कार्य के लिए रखा जाएगा। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने सभी मेयर पद के प्रत्याशियों को सूचना भेजी है कि चुनाव के लिए आवंटित ईवीएम को तीन मई को निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित किया जाएगा। चार मई को कमीशनिंग का काम किया जाएगा। ऐसे में पार्टी प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि नियत स्थान पर निर्धारित तारीख में पहुंचकर प्रतिभाग करें ताकि उनके समक्ष ईवीएम का कमीशनिंग किया जा सके।**

## चुनाव को लेकर डीएम ने की बैठक

● गौतम बुद्ध नगर में बोले- छोटी से छोटी कमी को भी न करें नजरअंदाज

नोएडा। राज्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप जिले में नगरीय निकाय सामान्य चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एसएसटी, एफ एसटी तथा वीएसटी टीम के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एसएसटी, एफ एसटी, वीएसटी टीम की कार्यकुशलता, दक्षता और सजगता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए छोटी से छोटी खामियों को भी नजर अंदाज न किया जाए और राज्य निर्वाचन आयोग के जो दिशा निर्देश हैं उनका पूर्णत: पालन कराया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा समय रहते ही अपने.अपने निर्वाचन क्षेत्रों में भ्रमण कर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

## संक्षिप्त समाचार




प्रेस वार्ता के दौरान गोल्ड मेडल जीतने वाले राजू शाह।

### राजू शाह ने साइकिल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

नोएडा। नोएडा छलेरा गली नंबर 1 सेक्टर 44 रहने वाले राजू शाह ने कुंवर मेमोरियल ट्रस्ट और साइकिल एसोसिएशन ऑफ दिल्ली एक साइकिल प्रतियोगिता गोल्ड मेडल अपने नाम किया। राजू साहू का परिवार छलेरा गांव में किराए के मकान में रहता है। राजू शाह के पिता पराठे का ठेला लगाते थे। राजू ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नई दिशा फ्री एजुकेशन सोसायटी से प्राप्त की थी। बाद में कक्षा 6 से 10 तक आदर्श ज्ञान वाटिका सेक्टर 44 नोएडा सीबीएसई बोर्ड से पास की थी। राजू शाह की मुलाकात अतिन श्रीवास्तव से हुई जो नोएडा साइकिल क्लब के सदस्य हैं। राजू ने उनसे बताया कि मुझे साइकिलिंग का शौक है। उन्होंने साइट लिंक प्रशिक्षण शुरू कर दिया था। गुरु ग्राम में पहली साइकिल रेस में भाग लिया और उसने स्कोर कंप्लीट किया। राजू शाह ने अपनी कामयाबी के पीछे ग्रेटर नोएडा के साइक्लोक्रॉस साइकलिंग क्लब एवं राइड ग्रुप का सहयोग बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश

गाजियाबाद। मुरादनगर थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात को घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक गांव निवासी एक युवक रोडवेज में चालक पद पर कार्यरत है। वह सोमवार रात को ड्यूटी पर था और घर पर उनकी पत्नी अकेली थी। देर रात एक युवक दीवार फांदकर घर के अंदर आ गया। आरोप है कि युवक सीधे कमरे में आ गया और जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करनी शुरू कर दिया। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए युवक को धक्का देकर चौके में आ गई और शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देखकर युवक दीवार पर चढ़ गया और छलांग लगा दी।

### नोएडा में एनआरआई के बेटे का मिला शव

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-25 जलवायु विहार में एक युवक का शव मिला है। शव दो से तीन दिन पुराना है। इसकी पहचान ध्रुव बाली पुत्र योगेश बाली हुई है। ध्रुव एयर टिकट बुकिंग कंपनी में गुरुग्राम में जॉब करता था। वो ड्रग्स लेने का आदि था। ये जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाई गई है एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि दो दिनों तक दरवाजा मकान से कोई बाहर नहीं आने पर पड़ोसियों ने ध्रुव के मकान में जाकार चेक किया तो दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने बताया कि दरवाजे की कुंडी से अंदर से बंद थी। पड़ोसियों ने किसी तरह दरवाजा खोला। इसके बाद उन्होंने ध्रुव को देखा। पुलिस को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ध्रुव बाली की शादी नहीं हुई थी। मृतक के पिता अमेरिका में जॉब करते हैं।

### फीस में छूट नहीं मिलने पर डीएम से शिकायत

नोएडा। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के पदाधिकारियों और अभिभावकों ने डीएम मनीष वर्मा से मुलाकात कर रियान इंटरनेशनल स्कूल पर अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आदेश होने के बाद भी स्कूल में बच्चों को पढ़ाई से वंचित रखा जा रहा है। इस पर डीएम ने संज्ञान लेते हुए डीआईओएस इस मामले में कार्रवाई की बात कही है। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक प्रवीण भारतीय ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के रेयान इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा 50 प्रतिशत छूट पर लिए गए दाखिले के प्रकरण में सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में अभिभावक और स्कूल के प्रधानाचार्य सुधा सिंह के बीच समझौता हुआ था।

## लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार पर जुर्माना

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सेक्टर के पार्को की देखरेख में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। प्राधिकरण की तरफ से ठेकेदार पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस मामले में 2 सुपरवाइजर के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

दरसअल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में सेक्टर 36 के सेक्टर वासियों के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सेक्टर में बने हुए पार्कों की हालत बदहाल हो रही हैए ना तो पार्कों में साफसफाई का कार्य हो रहा है, न पेड़ों को पानी नहीं दिया जा रहा है। पार्कों में लगे हुए झूले भी टूटे हुए हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों ने इसमें संज्ञान लिया।

## एक्सप्रेसवे पर कार का गेट खोलकर स्टंट

● 37 हजार का चालान, दूसरे कार सवार युवकों ने लहराई पिस्टल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में दो स्कार्पियो सवार युवकों का वीडियो सामने आया है। जिसमें युवक रील बनाने के लिए दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे है। पहला वीडियो नोएडा एक्सप्रेस का बताया जा रहा है। ये वीडियो 14 सेकेंड का है। इसमें काले रंग की स्कार्पियो का अगला गेट खोलकर युवक स्टंट कर रहा है। वह गाड़ी को तेज रफ्तार चलाकर जिक जेक ड्राइविंग कर रहा है।

ट्रैफिक पुलिस ने काले रंग की स्कार्पियो का नंबर के आधार पर 37 हजार रुपए का चालान किया है। वहीं दूसरा वीडियो नौ सेकेंड का है। वीडियो में ग्रे रंग की स्कार्पियो की ड्राइवर सीट पर बैठा युवक हाथ बाहर निकालकर पिस्टल दिखा रहा है। दूसरा युवक पिछले गेट पर लटकर पिस्टल से फायरिंग करता हुआ दिख रहा है।



ये वीडियो भी नोएडा का बताया जा रहा है।

ट्रैफिक अनिल कुमार यादव का कहना है कि पुलिस के सहयोग से कठोर कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी नोएडा में वीडियो वायरल होते रहे है। लेकिन कई दिनों से पिस्टल के साथ युवकों का रील बनाने की चलन बढ़ गया है। वह चाहे असली पिस्टल हो या नकली।

## इंदिरापुरम कॉलोनी का विवाद वीके सिंह के पास पहुंचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम कॉलोनी के टेकओवर करने को लेकर उठा विवाद अब केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह तक पहुंच गया है। इस मामले में बीजेपी के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र त्यागी की ओर से एक पत्र केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह के पास भेजा गया है।

हालांकि यह पत्र ऑन लाइन ही वीके सिंह के पास भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि चुनाव के दौरान इंदिरापुरम कॉलोनी टेकओवर करने का नगर निगम पर दबाव बनाया जा रहा है। जबकि निकाय चुनाव चल रहे है। निकाय चुनाव के दौरान निगम के संचालन के लिए तीन सदस्य एक अफसरों की एक कमेटी बनी है। कमेटी को नीतिगत फैसला लेने का अधिकार नहीं है।

इस कमेटी को केवल फाइनेंशल पावर है। नीतिगत फैसला लेने की पावर नगर निगम बोर्ड को है। अभी नए बोर्ड के गठन की प्रक्रिया चल रही है। इंदिरापुरम कॉलोनी को लेकर यह विवाद लंबा चला आ रहा है। यहीं कारण है कि अब इस मामले में कई निवर्तमान पार्षद एक्टिव हो गए है।

## बावरिया गैंग का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

नोएडा। पुलिस ने बावरिया गिरोह के शातिर सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसने अपने साथियों के साथ मिलकर 19 जनवरी को सेक्टर-126 क्षेत्र में एक व्यक्ति से जूलरी चोरी की थी। इसकी पहचान सुरेंद्र के रूप हुई है।

पुलिस ने बताया कि सुरेंद्र अपने दो साथियों सोनू तथा संदीप उर्फ पुशा के साथ मिलकर एक गाड़ी में सवारियां बैठा लेते थे। इसके बाद सवारियों का समाना बीच वाली सीट के नीचे रखवा लेते थे। जिसमें पूशा और सोनू कार के सबसे पीछे वाली सीट पर बैठते थे। बीच में भी सवारियां बैठा लेते थे। उन्होंने बताया कि ये लोग कार की सीट को मोडिफ इड करके बीच वाली सीट को थोड़ा ऊंचा करवा देते थे, ताकि सामना पीछे खींचा जा सके।

## गर्लफ्रेंड के परिजनों ने युवक पर चढ़ा दी कार

● बाइक सवारों को करीब 200 मीटर तक घसीटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर से सटे एक गांव में महिला मित्र के घर के सामने से गुजर रहे बाइक सवार युवक और उसके दोस्त को परिजनों ने कार से रौंदने का प्रयास किया।

हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत में दोनों घायलों को मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी बेगमाबाद निवासी अभिषेक की एक युवती से करीब चार साल से दोस्ती थी। बताया गया कि करीब चार साल दोस्ती के बाद दोनों आपसी सहमति से अलग हो गए। सोमवार रात अभिषेक अपने एक दोस्त दीपक के साथ बाइक द्वारा युवती के घर के बाहर से गुजर रहा




था। इसी दौरान युवती के परिजन मिल गए। आरोप है कि इससे युवती के परिजन आग बबूला हो गए और उन्होंने कार से अभिषेक का पीछा किया। आरोपियों ने तिबड़ा मार्ग पर पहुंचते ही बाइक सवारों की जान लेने की नीयत से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

उन्हें 200 मीटर तक घसीटा गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। घायल युवक अभिषेक की बहन ने घटना की तहरीर दी। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई। मगर वह फरार मिले। आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हैलो- शाइस्ता बस से हरदोई की तरफ जा रही!

● फोन के बाद दिल्ली व गाजियाबाद पुलिस ने चेकिंग की, कॉल निकली फर्जी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हैलो पुलिस कंट्रोल रूम। अतीक की पत्नी शाइस्ता झज्जर हरियाणा से हरदोई की बस में जा रही है। बस में बहुत सारी महिलाएं हैं। उनमें शाइस्ता भी है। आप बस का नंबर नोट कीजिए, सोमवार रात 9 बजे दिल्ली पुलिस के कंट्रोल रूम में एक युवक ने फोन करके यह जानकारी दी।

शाइस्ता का नाम सुनते ही दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई। उन्होंने तुरंत यूपी पुलिस को सूचना दी। यूपी पुलिस ने हरियाणा से सटे बॉर्डर के जिलों को अलर्ट भेज दिया। कॉल के बाद गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस टीम हाईवे पर एक्टिव हो गई। हरियाणा से दिल्ली वाया यूपी आने वाली बसों की चेकिंग की गई। कॉलर ने जो बस नंबर दिया थाए उसको ट्रेस किया गया। पता चला कि वह बस दिल्ली के बवाना से निकल चुकी है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर पुलिस ने उस बस को ट्रेस किया। बस में बैठी एक.एक महिला की जांच की गई। लेकिन, बस में शाइस्ता नहीं मिली। गाजियाबाद ग्रामीण रवि कुमार ने बताया कि बस में सवार ज्यादातर महिला मजदूर थीं, जो पूर्वांचल की तरफ जा रहीं थी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा पहली हुआ था जब किसी ने कंट्रोल रूम में फोन करके शाइस्ता के बारे में जानकारी दी।पुलिस ने उस नंबर की बस को कई किलोमीटर ट्रेस करके रुकवाया, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। घंटों चेकिंग के बाद जब पुलिस ने सूचना देने वाले नंबर पर कॉल बैक की तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला।



अब पुलिस इस कॉल को किसी की शरारत मानकर जांच कर रही है। रवि कुमार ने बताया, गाजियाबाद, दिल्ली से सटा हुआ है, इसलिए हमने भी अलर्ट इनपुट पर चेकिंग की। कॉलर कौन था, कहां का रहने वाला है, इसकी जांच दिल्ली पुलिस ही करेगी। अब सवाल उठता है कि जानकारी देने वाले ने दिल्ली पुलिस को ही क्यों चुना।

दरअसल, शाइस्ता की मेरठ में रिश्तेदारी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी लगातार शाइस्ता की तलाश जारी है। मेरठ और नोएडा इस इनपुट पर बीते कई दिनों से काम कर रही हैं। दिल्ली-मेरठ में रहने वाले शाइस्ता के रिश्तेदारों के मोबाइल नंबर पहले से सर्विलांस पर हैं।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू पत्नी श्री चंदर सैन पिता श्री सोहन लाल मकान नंबर 246, वार्ड नंबर 03, फिरोजपुर झिरका मेवात, हरियाणा-122104, सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रही है। इसके बदले में संपत्ति यानी एरिया परिमाप 6 मरला का प्लॉट, खेवट/खाता सं. 113/115 में से, म्यू.सं. 104, किला नंबर 14(8-0), मौजाः फिरोजपुर झिरका, तहसीलः फिरोजपुर झिरका, जिलाः नूह, हरियाणा में स्थित, इस संपत्ति का कागजात एसएचएफएल को दिया है पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 19.12.2005 के माध्यम से उसी का मालिक श्रीमती मंजू रानी पत्नी श्री चंदर सैन (1) श्री बोध राज (2) श्री उदयराज दोनों पुत्र श्री धरमू (स्वयं के लिए) और जीपीए धारक के रुप में (1) श्रीम्ती कटुली पत्नी श्री धरमू (2) श्रीमती सावित्री (3) श्रीमती रेशम और (4) श्रीमती सुमरती सभी पुत्री श्री धरमू के द्वारा श्रीमती मंजू रानी पत्नी श्री चंदर सैन के पक्ष में निष्पादित किया था। उप पंजीयक के कार्यालय-फिरोजपुर, झिरका में विधिवत पंजीकृत, दस्तावेज सं. 1037, पुस्तक सं. 1, दिनांक 19.12.2005 को पंजीकृत। उपरोक्त संपत्ति से संबंधित उक्त मूल बिक्री विलेख दिनांक 19.12.2005, दस्तावेज सं. 1037, मेरे मुवक्किल द्वारा कहीं खो दिया गया है। और उसके लिए ई-एफआईआर, आवेदन/एलआर नंबरः 399782/2023, दिनांक 02.05.2023 के तहत थानाः अपराध शाखा, दिल्ली में दर्ज किया गया है। और इसका पता नहीं चल रहा है, अगर किसी व्यक्ति को यह मिलता है तो कृपया इसे नीचे दिए गए पते पर वापस कर दें। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति में ऐसे सभी दावों, हित, प्रभारों, भार आदि से पूरी तरह मुक्त हैं।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014,ईमेलः sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Amar Chand Goel** intends to purchase & mortgage the **Plot No. D-189, admeasuring 233.33 Sq. Yds., Khasra No. 3525, 3526, 3527, 3528, 3529/1, 3529/2, 3529/3, 3531, 1342/3, 123/1, 123/2, 124, 125 & 149/5, situated at Rameshwar Park, Village Loni, Ghaziabad (U.P.),** with our client against the financial assistance. Whereas, **Mr. Y. K. Shukla** had acquired the Said Property by way of Sale Deed dt. 05-09-1967 and after his death, his son Mr. Kartik Yagneshwar Shukla becomes the owner thereof by way of Letter of Administration dt. 03-05-2017 and now, he intends to sell the same to **Mr. Amar Chand Goel.**

If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** will proceed with the mortgage process.

DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-110049 # 011-40587824

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 453/ई-निविदा सूचना/2023-24 ई-निविदा संशोधनः दिनांक : 01/05/23

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के कार्यो हेतु ई-निविदा, सिंगल बिड के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कालसी | नराया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 73000.00 | ₹2500 + GST | 06 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 01.05.2023 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 04.05.2023 at 11.00 Hrs. |
| 3 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 08.05.2023 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 15.05.2023 up to 17.00 Hrs |
| 5 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 15.05.2023 upto 17.00 Hrs. |
| 6 | बिड खोलने की तिथि। | 16.05.2023 at 11.00 Hrs. |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खैरून राठौर/ स्पाक सुपर इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ LBFDB00002022054 | फ्लैट नंबर 1, दूसरी मंज़िल, रॉयल रिट्रीट 3, चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद- 122009/ फ्लैट नंबर 2, दूसरी मंज़िल, रॉयल रिट्रीट 3, चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद- 122009/ अप्रैल 29, 2023 | नवंबर 30, 2022/ रु. 2,27,59,048/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मेसर्स स्पाक सुपर इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ खैरून राठौर/ LBFDB00002022053 | फ्लैट नंबर 1, दूसरी मंज़िल, रॉयल रिट्रीट 3, चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद- 122009/ फ्लैट नंबर 2, दूसरी मंज़िल, रॉयल रिट्रीट 3, चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद 122009/ अप्रैल 29, 2023 | नवंबर 30, 2022/ रु. 1,44,91,044/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 03, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# फार्मास्यूटीकल विवि की भर्ती में धांधली के आरोप, जांच के आदेश

● डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेनिंग एंड टेक्निकल एजुकेशन को नियुक्तियों में पक्षपात और भ्रष्टाचार की मिली शिकायतें : उपराज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) की भर्ती में बड़े पैमाने पर हुई धांधली की जांच के आदेश दिए हैं। प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को इस संस्थान की नियुक्तियों में पक्षपात और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली थीं।

संस्थान में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के पदों पर हुई नियुक्तियों में अनियमितता की शिकायतें आई थीं। शिकायतों में दावा किया गया था कि वर्ष 2019 में फैकल्टी स्टाफ की जो नियुक्तियां हुई थीं, उनमें बड़े पैमाने पर घोटाले, पक्षपात और भ्रष्टाचार हुए हैं। इस संस्थान में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए फरवरी और जुलाई 2019 में आवेदन निकाला गया था। इसके कुछ ही महीने बाद वर्ष 2020 में इन नियुक्तियों में अनियमितता की शिकायतें चर्चा में आने लगी थीं।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि उपराज्यपाल ने दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी में फैकल्टी सदस्यों के पदों पर हुई नियुक्ति में बड़े पैमाने पर अनियमितता की शिकायतों की जांच के आदेश दिए हैं। शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने डीपीआरएसयू से रिकार्ड मंगाया और उसके आधार पर विभाग की सतर्कता शाखा ने उन छह उम्मीदवारों की नियुक्ति से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जिनके खिलाफ शिकायतें मिली थीं। सूत्रों के मुताबिक सतर्कता विभाग ने इसमें बहुत बड़ी गड़बड़ी उजागर की। सतर्कता विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि संबंधित उम्मीदवारों के पास या तो उपरोक्त पदों के लिए अनुभव की कमी थी या उन्होंने पात्रता मानदंड को पूरा करने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा किए थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि फैकल्टी सदस्यों की नियुक्ति में इतने बड़े पैमाने पर हुई धांधली डीपीआरएसयू के वाइस चांसलर के सक्रिय हस्तक्षेप के बिना संभव नहीं है। खासकर तब जब वीसी ही चयन समिति के चेयरमैन थे। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी एक्ट, 2008 की धारा 8 (3) के तहत निरीक्षण और पूछताछ के लिए डीपीएसआरयू को 7 दिनों का नोटिस देने का आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि उपराज्यपाल डीपीएसआरयू के चांसलर भी हैं।

गौरतलब है कि डीपीएसआरयू ने यूनिवर्सिटी में फैकल्टी सदस्यों के 21 पदों के लिए 23 फरवरी 2019 को आवेदन निकाला था।

इसके तुरंत बाद विवि ने एसिस्टेंट प्रोफेसरों पर नियुक्ति के लिए उम्र सीमा को 35 सेबढ़ाकर 40 साल कर दिया। इसके साथ ही कई अन्य बदलाव भी किए। भर्ती नियमों में तब्दीली के बाद विवि ने 26 जुलाई 2019 को 52 पदों के लिए फिर से विज्ञापन दिया। इन पदों में पहले वाले 21 पद भी शामिल थे।

विभाग ने प्रारंभिक जांच में पाया कि यह संभव है कि यूनिवर्सिटी ने खास उम्मीदवारों को भर्ती करने के लिए नियमों में बदलाव किया हो। इसलिए 26 जुलाई 2019 को प्रकाशित आवेदनों से संबंधित भर्तियों की जांच करने की जरूरत है।

# एक माह में दो हत्याएं, तिहाड़ की सुरक्षा पर उठे सवाल

टिल्लू ताजपुरिया हत्याकांड

## एनएचआरसी ने दिल्ली सरकार, जेल महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में एक महीने के अंदर दो गैंगस्टर की हत्या कर दी गई। इस तरह की घटनाओं को टालने के लिए एक विस्तृत योजना लागू करने के अधिकारियों के दावे पर सवाल खड़े करती है। कड़ी सुरक्षा वाली जेल में बंद सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया की गोगी गिरोह के चार कैदियों पर मंगलवार सुबह हत्या करने का आरोप है। इस बीच टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के कुछ घंटों बाद ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली सरकार और जेल महानिदेशक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

एनएचआरसी ने कहा कि रिपोर्ट में तिहाड़ जेल के भीतर कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए या प्रस्तावित उपायों की जानकारी शामिल होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की हिंसक और घातक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ताजपुरिया को कड़ी सुरक्षा वाली जेल में निचले तल पर रखा गया था। हमलावर-दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टुंडा, राजेश और रियाज खान उसी वार्ड के प्रथम तल पर रखे गए थे। उन्होंने उच्च सुरक्षा वाले वार्ड के प्रथम तल पर लगी लोहे की जाली को कथित तौर पर काटा और चादर की सहायता से वे नीचे उतर आए। इसके बाद हमलावरों ने ताजपुरिया पर धारदार वस्तु से हमला किया।



तिहाड़ जेल से टिल्लु के शव को ले जाती वैन।

हमले में घायल हुए ताजपुरिया को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इससे पहले, 14 अप्रैल को जेल में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के प्रिंस तेवतिया की एक कैदी से कहासुनी होने के बाद विरोध गुट के सदस्यों ने हत्या कर दी थी। तेवतिया एक विचाराधीन कैदी था और उसे जेल संख्या तीन के वार्ड नंबर छह में रखा गया था, जहां करीब 380 कैदी थे। अधिकारियों ने दावा किया कि तेवतिया के साथ हुई घटना के बाद वे धारदार हथियार और मोबाइल फोन जैसी अन्य अवैध वस्तुओं को ढूंढने के लिए सभी वार्ड में गहन तलाशी ले रहे हैं। वे सीसीटीवी कैमरे से भी जेल के अंदर हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि इस तरह की घटना फिर से कैसे हुई, जेल के एक अधिकारी ने कहा कि हमले को डेढ़ मिनट के अंदर अंजाम दिया गया और हमलावर ताजपुरिया की कोठरी में उन स्थानों से होकर गए थे जो कैमरे की जद में नहीं थे। हमलावर सीधे बैरक में नहीं घुसे, अन्यथा वे पकड़ लिए जाते। जब टिल्लू ने हमलावरों को देखा, वह अन्य कैदी की कोठरी की ओर भागा।

रोहित नाम के कैदी ने उसे बचाने की कोशिश की थी लेकिन घटना को डेढ़ मिनट के अंदर अंजाम दे दिया गया। यह पूछे जाने पर कि सभी स्थानों पर कैमरे क्यों नहीं लगाए गए हैं, अधिकारी ने कहा कि कैदियों की निजता सुनिश्चित करने के लिए वाशरूम जैसे स्थानों पर इन्हें नहीं लगाया गया है।

### कैदियों के बीच झड़प होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की योजना पर विचार

अधिकारियों ने बताया कि चूक का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि कैदियों के बीच झड़प होने की स्थिति में उन तक पहुंचने में लगने वाला समय घटाने के लिए एक विस्तृत योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है। जेल में जिन स्थानों पर कुख्यात अपराधियों और प्रतिद्वंद्वी गुटों के सदस्यों को रखा गया है, वहां तलाशी लेने की जिम्मेदारी तमिलनाडु विशेष पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कर्मियों को दी गई है तथा तेवतिया की हत्या के बाद इसमें तेजी लाई गई है।

# दरियापुर में जल्द शुरू होगा सरकारी स्कूल

● 94 कमरों वाला विद्यालय विश्वस्तरीय सुविधाओं से होगा लैस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दरियापुर गाँव में बन रहा दिल्ली सरकार का स्कूल लगभग तैयार है। उम्मीद की जा रही है जुलाई से यहां पर क्लास शुरू हो जाएंगी।

मंगलवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने अधिकारियों संग स्कूल का दौरान किया। यह विद्यालय 4 मंजिला होगा। 94 कमरों वाले इस स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, 10 शानदार लैब, लाइब्रेरी, 250 बच्चों की क्षमता वाले एमपी हॉल आदि से लैस है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिक्षा मंत्री को बताया कि स्कूल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और बचा हुआ कार्य 2-3 हफ्ते में पूरा हो जाएगा और जल्द ही स्कूल बच्चों के लिए शुरू किया जा सकेगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बवाना के दरियापुर गांव का यह स्कूल शिक्षा को लेकर केजरीवाल सरकार की गंभीरता और प्राथमिकता का उदाहरण है। 2015 में आप सरकार से पहले सरकारी स्कूलों का हाल किसी खंडहर से कम नहीं होता था। अब दिल्ली सरकार ने अभिभावकों को ये भरोसा दिया है कि पैसों की कमी कभी भी उनके बच्चों के अच्छी शिक्षा के आड़े नहीं आएगी।

# दिल्ली दंगा: अदालत ने पुलिस को दिए साक्ष्य उपलब्ध कराने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने पुलिस से कहा कि वह वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के मामले में कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने वाले शाहरुख पठान और अन्य आरोपियों की भूमिका के विवरण के साथ एक चार्ट दाखिल करे।

उच्च न्यायालय पठान की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा, विशेष लोक अभियोजक को निर्देश दिया जाता है कि वह याचिकाकर्ता सहित आरोपी व्यक्तियों की भूमिका और उनके समर्थन में उपलब्ध कराए गए सबूतों को दर्शाने वाला एक चार्ट दाखिल करे। सुनवाई के दौरान, पठान के वकील ने कहा कि उसने जनवरी 2022 में जमानत याचिका दायर की थी और यह पिछले 15 महीनों से लंबित है तथा उनका मुवक्किल तीन साल से अधिक समय से हिरासत में है। वकील ने कहा कि गवाहों द्वारा पहचाने गए अन्य आरोपी जमानत पर रिहा किए जा चुके हैं, लेकिन पठान का न तो प्राथमिकी में नाम है और न ही किसी ने उसकी पहचान की है, फिर भी वह अब भी हिरासत में है। उन्होंने दावा किया कि उनके मुवक्किल की कोई भूमिका नहीं बताई गई है और पूरा मामला एक मजाक के समान है। अभियोजक ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जेल में पठान के पास से एक मोबाइल मिला था।

# पहलवानों के समर्थन में आए 360 गांव

● जंतर-मंतर पर ग्रामीण इलाके के विधायक व पार्षद भी पहुंचेंगे : गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर इंसाफ की मांग को लेकर धरना दे रहे पहलवानों के समर्थन में दिल्ली के 360 गांवों के किसान भी आ गए हैं।

बुधवार को इन गांवों के प्रतिनिधि धरना स्थल पर पहुंचेगे और आगे की रणनीति बनाएंगे। इस बीच आम आदमी पार्टी भी भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे पहलवानों के आंदोलन को धार देने के लिए खुलकर सामने आ गई है।

दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि 360 गांवों के इलाके के विधायक, पार्षद भी धरनास्थल पर पहुंचेंगे। गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कभी प्रधानमंत्री देश का नाम रोशन करने वाली इन बेटियों पर गर्व करते थे, लेकिन आज वो इनकी आवाज नहीं सुन रहे हैं। लगता है कि केंद्र सरकार को गलतफहमी है कि खिलाड़ियों की आवाज को दबा देगी, लेकिन ऐसा नहीं होगा। खिलाड़ियों की आवाज को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर पिछले 9 दिनों से बेटियां धरना दे रही हैं। इन बेटियों ने पूरे विश्व में देश का नाम रोशन किया है और इन पर देश को गर्व है। अपने धरने के दौरान ये लोग मौसम की मार और मच्छरों का प्रकोप भी झेल रही है। सोमवार को बारिश में भी बेटियां वहीं डटी रहीं। प्रधानमंत्री के पास उनका पक्ष सुनने या उनकी मांगों पर विचार करने के लिए समय नहीं है।

इसके उलट पहलवानों को एफआईआर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को आदेश देना पड़ा। जिस तरह से किसानों के आंदोलन को हर तरह से बदनाम कर उनके मनोबल को तोड़ने की कोशिश की गई है।


पहलवानों के समर्थन में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत। फोटो: रंजन डिमरी

## राष्ट्रीय शिविर शुरू करने की मांग

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह से जुड़े विवाद और राष्ट्रीय शिविर बंद होने के बीच प्रदर्शन से खुद को अलग थलग रखने वाले पहलवानों ने भारतीय खेल प्राधिकरण के अभ्यास केंद्र खुलवाने की मांग की है ताकि एशियाई खेलों की तैयारियां की जा सके। फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन पुरूष पहलवानों के राष्ट्रीय शिविर बहालगढ (सोनीपत) और महिलाओं का शिविर लखनऊमें आयोजित किया जाता है। राष्ट्रीय शिविर आठ अप्रैल से बंद है और अभी तक शुरू नहीं हुआ।

# नगर निगम के खजाने में 1650.75 करोड़ की बढ़ोतरी

● उपराज्यपाल के निर्देश पर समृद्धि योजना ने अकेले 654.71 करोड़ रुपये का योगदान दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आर्थिक तंगी से जूझ रहे दिल्ली नगर निगम के खजाने में वित्त वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड राजस्व की प्राप्ति की है। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब 22.77 प्रतिशत अधिक है। उपराज्यपाल विनय कुमार के निर्देश पर लिए गए साहसिक निर्णयों की वजह से जून 2022-मार्च 2023 के बीच यह बढ़ोतरी सुनिश्चित हुई है। वर्ष 2021-22 की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में निगम का राजस्व बढ़कर 8900 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 में करीब 7249.25 करोड़ रुपये था। इस बार यह 1650.75 करोड़ रुपये अधिक है। इस राजस्व में से 654.51 करोड़ रुपये अकेले उपराज्यपाल द्वारा 26 अक्टूबर 2022 को शुरू की गई समृद्धि योजना से प्राप्त हुआ है।

उपराज्यपाल ने एमसीडी को समृद्धि योजना के सफल क्रियांवयन के लिए बधाई दी है, जिससे निगम को 654.51 करोड़ रुपये कीअतिरिक्त आमदनी हुई है।

नगर निगम ने इस दौरान 1,32,565 नई संपत्तियों और करदाताओं को कर के दायरे में जोड़ाजो अभूतपूर्व है। वी. के. सक्सेना ने विश्वास जताया कि भविष्य में इससे निगम को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा।

# दिल्ली सरकार की याचिका पर आठ मई को सुनवाई

## एमसीडी में सदस्यों के मनोनयन का मामला

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली निगम में 10 सदस्यों को मनोनीत करने के एजली के अधिकार को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर वह आठ मई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने इस तथ्य का संज्ञान लिया कि उप राज्यपाल कार्यालय की ओर से पक्ष रख रहे वकील ने पत्र देकर कार्यवाही स्थगित करने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने इस बारे में पहले मौखिक रूप से कहा था कि उपराज्यपाल एमसीडी में 10 सदस्यों को मनोनीत करने में मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता के बिना किस तरह काम कर सकते हैं। इससे पहले न्यायालय ने नोटिस जारी किया था जिसमें 10 सदस्यों के मनोनयन को रद्द करने का अनुरोध किया गया था।

## आवास सौंदर्यीकरण मामले में केजरीवाल को जेल जाना होगा: बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को दावा किया कि अपने सरकारी आवास के सौंदर्यीकरण पर 45 करोड़ रुपए खर्च करने के मामले में मुख्यमंत्री को जेल जाना होगा।

बिधूड़ी यहां केजरीवाल के घर के बाहर धरने पर बैठे भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। भाजपा ने सोमवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास के सौंदर्यीकरण पर 15 लाख रुपए तक खर्च करने के हकदार थे लेकिन इसके बदले उन्होंने 45 करोड़ रुपए खर्च कर डाला।

# आप ने शराब नीति से मिले रुपये गोवा चुनाव में लगाए : ईडी

● पूरक आरोप-पत्र मे जांच एजेंसी ने कहा, हवाला के जरिए नकद भुगतान का रास्ता अपनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय ने आप पर दक्षिण समूह की शराब लॉबी से कथित तौर पर मिली 100 करोड़ की दलाली का इस्तेमाल के गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार में करने का आरोप लगाया है।

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की ओर से दायर पूरक आरोप-पत्र में यह आरोप लगाए गए हैं। इसने अभियोजन शिकायत में एक मीडिया प्रचार कंपनी, चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसके मालिक-प्रवर्तक राजेश जोशी को आरोपी बनाया है।

अदालत ने इस आरोप-पत्र का संज्ञान लिया। जांच के निष्कर्षों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने से पता चला है कि राजेश जोशी और उनकी कंपनी चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के अलावा कई व्यक्ति दक्षिण की शराब लॉबी से मिली 100 करोड़ रुपए की दलाली के हिस्से से जुड़ी कई प्रक्रियाओं गतिविधियों में शामिल हैं। जांच एजेंसी ने कहा है, चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड न केवल बैंकिंग चैनल के माध्यम से भुगतान करने में शामिल है, बल्कि हवाला नेटवर्क के माध्यम से नकद भुगतान करने में भी सलिप्त है।

## किसी भी जांच में मेरा नाम नहीं : चड्ढा



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने ईडी की जांच में उनका नाम आने की चर्चा को सरासर गलत और राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने दावा किया कि ईडी या किसी भी एजेंसी की जांच में उनका नाम आरोपी, संदिग्ध व्यक्ति या गवाह के रूप में नहीं है। मेरी छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए ये झूठी खबर फैलाई जा रही है। राघव चड्ढा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किसी भी व्यक्ति की छवि व विश्वसनीयता बहुत कीमती होती है और कड़ी मेहनत से बनती है। इसलिए वह मीडिया से अपील करते है कि गलत सूचना को वापस लें, अन्यथा उन्हें कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने का रास्ता साफ

## मुख्यमंत्री की योजना को एमसीडी की हरी झंडी, सड़कों के सौंदर्यीकरण व साफ-सफाई पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली नगर निगम ने केजरीवाल सरकार की योजना को झंडी दिखा दी है। इससे लोक निर्माण विभाग की 1400 किलोमीटर लंबी सड़कों के सौंदर्यीकरण और नियमित साफ-सफाई का काम आसान हो गया है।

इन सड़कों की साफ सफाई के लिए दिल्ली सरकार 100 से ज्यादा मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें, 150 से ज्यादा टैंकर और स्प्रिंकलर मशीनें खरीदेगी। जिनकी मदद से सड़कों, रेलिंग और पेड़-पौधों को धोया जाएगा। इसके अलावा प्रदूषण को काबू करने के लिए 250 एंटी स्मॉग गन कम स्प्रिंकलर खरीदे जाएंगे। साथ ही सेंट्रल वर्ज, सड़कों और फुटपाथ के किनारे पेड़ पौधे लगाना, घास लगाना, उनपर पानी का छिड़काव करना, समय-समय पर उनकी कटाई छटाई के लिए माली की व्यवस्था करना। यह सब इस प्लान का हिस्सा है। दिल्ली को वर्ल्डक्लास शहर बनाने में यह योजना बड़ी भूमिका निभाएगा। आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस परियोजना पर कई सालों से काम कर रहे थे, आज उस प्रॉजेक्ट को एमसीडी ने हरी झंड़ी दिखाई है।

पीडब्लयूडी की लगभग 1400 किलोमीटर की सड़के हैं, उनकी साफ सफाई और रखरखाव की बड़ी समस्या रहती है। इसके तहत सीएम ने एक बड़ा प्लान बनाया था जिसकी सूचना वह मीडिया के माध्यम से पहले ही दे चुके हैं। लोग विदेशों की सड़के देखते है उनकी नियमित सफाई होती है। सड़कों पर पानी डाला जाता है और मशीनों की मदद से मैकेनिकल स्वीपिंग का काम किया जाता है। सकड़ों के किनारे पेड़ पौधे लगे होते हैं, जहां धूल मिट्टी की काफी समस्या होती है। कई-कई दिनों तक उनकी सफाई नहीं होती है। फुटपाथ गंदे रहते हैं।

इन सभी की नियमित रूप से साफ सफाई की जाएगी। इसी में डीप स्क्रबिंग भी शामिल है। कई बार सड़कों पर ऐसी गंदगी होती है जिसको सामान्य झाड़ू से साफ नहीं किया जा सकता है। ऐसी सफाई के लिए डीप स्क्रबिंग मशीनें मंगाई जा रही हैं। इस प्लान के तहत जगह-जगह पड़े कूड़े को साफ करने का काम किया जाएगा। सड़कों के दोनों तरफ जो रेलिंग हैं, उनको साफ करना, पानी से धोना, यह भी इस प्लान में शामिल है।

# आरओ वाली यूवी तकनीक से साफ होगा पानी

● ओखला में बनेगी कृत्रिम झीलें, शोधित पानी का दोबारा हो सकेगा इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने यमुना एक्शन प्लान-3 के अंतर्गत विकसित किये जा रहे ओखला वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र के ट्रीटमेंट एरिया और निर्माण स्थल का निरीक्षण किया।

डीजेबी इस परियोजना के अंतर्गत ओखला वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के 4 फेज को अपग्रेड और पुनर्वास कर रहा है। यह संयंत्र के 30 जून तक चालू हो जाएगा। यहां के सीवेज के पानी को साफ करने के लिए पहली बार किसी डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी में यूपी तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तकनीक का इस्तेमाल आमतौर से आरओ प्लांट में पानी को पीने योग्य बनाने के लिए किया जाता है। सोमनाथ भारती ने बताया कि ओखला वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के रिहैबिलिटेशन और अपग्रेडेशन का काम लगभग पूरा होने वाला है। सोमनाथ भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश में यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए ओखला में एशिया के सबसे बड़े और दुनिया के चौथे सबसे बड़े वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी क्षमता रोजाना 564 एमएलडी यानी 56 करोड़ 40 लाख लीटर सीवेज को शोधित करने की है। इस प्लांट में सीवेज का गंदा पानी 10 /10 के मापदंडो के अनुरूप शोधित किया जायेगा। इस संयंत्र केचालू होने से यमुना के प्रदूषण में बहुत बड़ी कमी आने की उम्मीद है। साथ ही दावा किया कि प्लांट के शोधित पानी का इस्तेमाल नहाने में भी किया जा सकेगा। क्योंकि यमुना के साथ आस्था जुड़ी हुई है और सब चाहते हैं कि पर्यावरण, सुंदरीकरण और हमारी आस्था के लिए महत्वपूर्ण यमुना जल्द से जल्द स्वच्छ बने।

# चौधरी छोटूराम व चौधरी देवीलाल के दिखाए राह पर दुष्यंत चौटाला: दलबीर धनखड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रचार सचिव एवं प्रवक्ता दलबीर धनखड़ ने कहा कि पिछले दिनों सीएम मनोहर लाल के एक बयान को विपक्षी दल जिस प्रकार जननायक जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और खास कर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि विपक्ष को जनता की जरा भी परवाह नहीं है। अगर उन्हें जनता की परवाह होती तो वो दुष्यंत चौटाला पर आक्षेप लगाने की बजाय उनके प्रयासों का समर्थन करते।

दलबीर धनखड़ ने आगे कहा कि दुष्यंत चौटाला चौधरी छोटूराम की दिखाई राह पर चल रहे हैं। जैसे सर छोटूराम जनता का काम करवाने के लिए सरकार का हिस्सा बने थे, वैसे ही दुष्यंत चौटाला जनता के हित, अपने समर्थकों और वोटर्स के हित को ध्यान में रखते हुए उनके काम करवाने के लिए और पार्टी को मिले समर्थन का कर्ज चुकाने के लिए सरकार में भागीदार बने हैं। ऐसा ही चौधरी छोटू राम ने भी किया जब उन्होंने सरकार का हिस्सा रहते हुए किसानों-कमेरों हक में काम किया और आज हम उन्हें याद करते हैं।


दलबीर धनखड़।

दलबीर धनखड़ ने कहा कि चौधरी छोटूराम और चौधरी देवीलाल का यह सपना रहा होगा कि किसानों को उनकी फसल खरीद का भुगतान तुरंत मिले लेकिन उन महान आत्माओं को अपना आदर्श मानकर चलने वाले दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से आज यह संभव हुआ। किसानों को फसल खरीद का भुगतान 72 घंटे में सीधा उनके खातों में मिल रहा है। दुष्यंत चौटाला समस्या को न केवल समझते हैं, बल्कि उसे जड़ से खत्म करने वाले सबसे सक्षम नेता हैं।

# जुलाई 2024 तक तैयार होगा गुरुग्राम का पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज

## प्रधानमंत्री ने डिजिटली किया था मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास

### अब तक 15 प्रतिशत कार्य हुआ है पूरा

### जून में खुलेगा द्वारिका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा सेक्शन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम जारी है। सरकारी मेडिकल कालेज, नागरिक अस्पताल, नगर निगम कार्यालय और द्वारका एक्सप्रेस-वे आदि यहां निर्माणाधीन हैं। यहां सेक्टर-102 खेड़की माजरा में बन रहा गुरुग्राम का पहला सरकारी श्रीमाता शीतला देवी मेडिकल कॉलेज का निर्माण जुलाई 2024 तक पूरा होगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा लगभग 542 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे इस मेडिकल कॉलेज का 15 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

हरियाणा सरकार में वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं गुरुग्राम जिला के प्रशासकीय सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को विभिन्न सरकारी विभागों की बड़ी परियोजनाओं, मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य परियोजनाओं में सेक्टर-10 के नागरिक अस्पताल का विस्तार करके इसे 100 बेड से 200 बेड का किया जाएगा। जनवरी 2024 तक इसे पूरा किया जाएगा।


श्रीमाता शीतला देवी राजकीय मेडिकल कॉलेज का मैप।

इसी प्रकार, सेक्टर 14 के व्यापार सदन में निर्माणाधीन नगर निगम गुरुग्राम के कार्यालय का 30 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। लगभग 129 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा यह भवन इस वर्ष यानी 20 सितंबर 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मानेसर में 25 एमएलडी की क्षमता वाले एसटीपी व एसबीआर पर आधारित मैन पम्पिंग स्टेशन का कार्य भी प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट निर्माण का करीब 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह प्रोजेक्ट इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक पूरा हो जाएगा।

जून माह में द्वारिका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा सेक्शन ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा। गुरुग्राम दिल्ली एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने व दिल्ली के द्वारका से गुरुग्राम की सीधी कनेक्टिविटी के लिए विकसित किया जा रहा द्वारका एक्सप्रेस-वे वर्ष 2023 में चालू हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे (स्वर्णिम चतुर्भुज की दिल्ली-जयपुर-अहमदाबाद-मुंबई शाखा का हिस्सा) और मुख्य रूप से पश्चिम दिल्ली के यात्रियों से गंभीर यातायात भीड़ का अनुभव करने वाली मुख्य सड़कों पर दबाव कम करेगा। एनएच-8 पर 50 से 60 प्रतिशत ट्रैफिक को नए एक्सप्रेसवे पर डायवर्ट किया जाएगा, जिससे सोहना रोड, गोल्फ कोर्स रोड और एयर एक्सटेंशन की ओर यातायात में सुधार होगा। उन्होंने कहा वर्ष 2023 में इस एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने में भी काफी मदद मिलेगी। यह एक 16-लेन एक्सेस-नियंत्रित राजमार्ग है, जिसमें दोनों तरफन्यूनतम 3-लेन सर्विस रोड का प्रावधान है।

### द्वारिका एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य होगा अगस्त महीने तक पूरा

29 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे में लगभग 19 किलोमीटर लंबाई हरियाणा में आती है, जबकि शेष 10 किलोमीटर लंबाई दिल्ली में है। प्रशासकीय सचिव ने 25 करोड़ रूपये से अधिक की लागत की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला में किसी भी परियोजना में कोई अड़चन हो तो उनके संज्ञान में लाएं, ताकि वे मुख्यालय पर संबंधित विभाग के साथ विचार-विमर्श करके उस अड़चन को दूर करवा सकें।

# ग्रामीण विकास में खुले मन से भागीदार बनें ग्राम संरक्षक अधिकारी: अनुराग रस्तोगी


गुरुग्राम के लघु सचिवालय में ग्राम संरक्षक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेते अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी।

**गुरुग्राम।** हरियाणा में वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) तथा गुरग्राम जिला के प्रशासकीय सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि हरियाणा सरकार की ग्राम संरक्षक योजना के तहत प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को स्वयं द्वारा गोद लिए गांव का महीने में कम से कम एक बार दौरा अवश्य करना चाहिए। साथ ही ग्रामीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा रिपोर्ट भी पोर्टल पर अपडेट करनी चाहिए।

मंगलवार को यहां लघु सचिवाालय में ग्राम संरक्षक योजना की जिला में प्रगति की समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि ग्राम संरक्षक योजना से जुड़े अधिकारियों को खुले मन से ग्रामीण विकास से जुड़ी गतिविधियों में भागीदारी करनी चाहिए। गांव में जाकर सबसे पहले व्यायामशाला, आंगनवाड़ी केंद्र, शिवधाम, सरकारी स्कूल व परिवार पहचान पत्र की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मंत्र का पालन करते हुए इस योजना का शुभारंभ किया है। प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के अलावा लोगों की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रदेश के सभी प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को स्वयं द्वारा गोद लिए गांव में विकास के लिए कार्यान्वित परियोजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही गांव में विकास से जुड़ी परियोजना में आ रही बाधाओं को भी दूर करना होगा। जो भी अधिकारी गांव का दौरा करें तो पहले बीडीपीओ कार्यालय से भी संपर्क करें, ताकि गांव से जुड़े ग्राम सचिव व अन्य कर्मियों को मौजूदगी के निर्देश दिए जा सके। साथ ही परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापन को लेकर सरकार के निधार्ज़रित मानकों का पालन किया जाए। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी और विभिन्न विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

# मंडियों में खरीद के साथ-साथ उठान के कार्य में भी लाई जाए तेजी : रस्तोगी



गुरुग्राम में फसलों की खरीद को लेकर बैठक लेते हरियाणा में वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) तथा गुरुग्राम जिला के प्रशासकीय सचिव अनुराग रस्तोगी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**हरियाणा** में वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) तथा गुरुग्राम जिला के प्रशासकीय सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में रबी सीजन की फसलों की खरीद व उठान की जिला में प्रगति की समीक्षा की। डीसी निशांत कुमार यादव ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को फसल खरीद से जुड़े कार्य की प्रगति से अवगत कराया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मंडियों में फसल खरीद के साथ-साथ उनके उठान के कार्य की भी नियमित मॉनिटरिंग की जानी चाहिए, ताकि मंडी में किसानों के लिए फसल लाने का स्पेस मौजूद रहे और समय पर फसल की स्टोरेज की जा सके। उन्होंने मौसम में आए बदलाव से मंडियों पर पड़े प्रभाव के बारे में भी जानकारी ली और खरीद एजेंसियों से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला में सरसों की अब तक दो लाख छह हजार 901 क्विंटल की खरीद की एमएसपी पर खरीद की जा चुकी है, वहीं गेहूं की तीन लाख 12 हजार 63 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। वहीं मंडियों से सरसों के उठान का कार्य 68 फीसदी तथा गेंहू के उठान का कार्य 65 फीसदी हो चुका है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की क्षेत्रीय प्रशासक मीतू धनखड़ ने मार्केट कमेटी वार खरीद व उठान से अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत कराया। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा, सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया, डीएफएससी अनिल कुमार, डीडीए अनिल तंवर सहित खरीद से जुड़े अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# अरावली पहाड़ी में सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** नगर परिषद सीमा क्षेत्र या उससे लगता अरावली रिट्रिट हमेशा ही विवादों के घेरे में रहा है। अवैध निर्माण से लेकर अवैध खनन कार्य, अवैध फार्म हाउस, धवन प्रदूषण, अवैध रुप से पेड़ों की कटाई और अब अरावली की गोद में बने फार्म हाउसों के अंदर अवैध स्वीमिंग पूल निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। आखिर अरावली में अवैधता का खात्मा कब और कैसे होगा।

सोहना नगर परिषद सीमा क्षेत्र से लेकर नगर निगम गुरुग्राम की सीमा तक अरावली पहाड़ी श्रंखला में सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों को अंदेखा कर गैर कानूनी कार्य धड़ल्ले से हो रहे है। अरावली पर्वतमाला 1990 के बाद से सवालों के घेरे में खड़ी रही है। 2005 से पहले अरावली पर्वत माला अवैध खनन को लेकर चर्चा में रही। अरावली को हरा भरा करने के लिए 1990 से पहले विश्व बैंक की तरफसे आर्थिक मदद की गई थी। लेकिन अवैध खनन के बाद से अरावली पर्वत श्रंखला हर छह में नये विवाद को लेकर चर्चा का विषय बन जाता है। यही कारण है कि 1990 के बाद ये अरावली पहाड़ी एक बाद एक विवाद को लेकर सवाल खड़ें हो रहे है।


सोहना नगर परिषद के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में अवैध रुप से काटा गया पेड़।

## फार्म हाउसों में अवैध स्वीमिंग पूल

**रायसीना** से लगती अरावली पर्वम श्रंखला से लेकर सोहना शहर से लगते क्षेत्र तक 400 से भी अधिक फार्म हाउस कटें हुए है। जिनमें से 300 के लगभग फार्म हाउसों की पक्की चार दीवार और तार फेंसी हुई है। अब अरावली पहाड़ी की गोद में बनें फार्म हाउस के अंदर स्वीमिंग पूल बनाने की प्रथा चल पड़ी है। 25 से 30 फीसदी फार्म हाउसों में अवैध स्वीमिंग पूल बनें हुए है।

## बाहुबलियों का सहारा

**अरावली** पहाड़ी में बनें फार्म हाउस मालिकों ने गार्ड व माली के साथ-साथ अपने फार्म हाउस की सुरक्षा की जिम्मेदारी बाहुबलियों के हाथों में सौंप रहे है। जानकार सूत्रों के अनुसार एक तरफ बाउंसरों ने अरावली पहाड़ियां में रोजगार खोज रहे है। वहीं दूसरी ओर फार्म हाउस मालिक बाहुबलियों के दम पर अवैध कार्यों को अंजाम देने में देरी नहीं कर रहे है।

## प्रशासन क्यों है मौन

**अरावली** पहाड़ियों चल रही अवैध गतिविधियों को रोकने में पर्यावरण विभाग से लेकर खनन विभाग, वन विभाग, जीव जन्तु विभाग, नगर परिषद और पुलिस के अधिकारी क्यो चुप्पी साधें हुए है। अरावली पहाड़ी के फार्म हाउसों में पार्टियों के बीच अवैध रुप से शराब परोसकर जश्न मनाएं जाते है। लेकिन कार्रवाई चंद फार्म हाउसों पर ही होती है।

# संक्षिप्त समाचार

## गोल्ड मेडल जीतकर आया आशीश का हुआ सम्मान



**सोहना।** बीते एक माह में दिल्ली के अंदर हुई तीन बॉडी बिल्डिंग में तीसरा गोल्ड मेडल लाने पर शहरवासियों ने आशीश बठेजा को पलकों पर बैठा लिया। आशीश बठेजा का खुली गाड़ी में बैठते हुए पूरा मान व सम्मान दिया। बीतें एक माह में दिल्ली के महरौली में हुई एफबीबीए बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी निवासी आशीश बठेजा ने गोल्ड मेडल जीतकर शहर के साथ-साथ अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। आशीश बठेजा को शहर की अनाज मंडी से खुली गाड़ी में बैठा और उसे पूरे शहर में घूमाया। इस दौरान आशीश बठेजा का उत्साह बढ़ाने वालों की लाइन लग गई। फूल मालाएं एवं ढौल-बाजे व डीजे की धुनों पर पूरे शहर में घुमाया। आशीश ने बताया कि दिल्ली में हुई अलग-अलग प्रतियोगिताओं में उसने दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीता है। हाल ही में उसने बदरपुर बोर्डर पर हुई इंडिया क्लासिक बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताता गोल्ड मेडल जीतकर ही अपने घर पहुंचा है। आशीश के सम्मान में युवाओं से लेकर बुर्जुग महिलाओं ने भाग लिया। आशीश ने बताया कि वह ओलम्पिक में पदक जीतकर देश का नाम विश्व स्तर पर नाम रोशन करना चाहता है। वह एक दिन अपने इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।

## जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक करोबारी घायल

**सोहना।** रायपुर से सांचौली जाने वाले रास्ते में तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल। घायल बाइक सवार को रोहतक के पीजीआई अस्पताल में दाखिल कराया यगा है। रायपुर की कॉलोनी निवासी अजीत ने पुलिस को बताया कि वह जिला पलवल में अपनी दुकान चलाता है। रोजाना घर से आना व जाना करता है। 25 अप्रैल को वह बाइक से अपने कारोबार पर जा रहा था। सांचौली नहर की पुलिया पर सामने से आर ही जेसीबी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। उसे सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। डॉक्टरों ने दवाइयां देकर घर भेज दिया। लेकिन 26 अप्रैल को उसे लगी चोटों में अधिक दर्द होने लगा। वह फिर से नागरिक अस्पताल सोहना में गया। जहा से गुरुग्राम और गुरुग्राम से रोहतक की पीजीआई अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां पर उसका उपचखर किया जा रहा है। वह उपचार के लिए इधर से उधर भटकने के कारण पुलिस को अपने ब्यान घटना के 6 दिन बाद दर्ज करा सका हूं। पुलिस ने अज्ञाज जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरु कर दी है।

## पुलिस ने चाय की टपरी पर सट्टा खाई करने वाला दबोचा

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने अनाज मंडी में चाय के खोखा पर सट्टा खाई करने वाले को दबोचा। गिरफ्तार आरोपी से तलाश के दौरान 5640 रुपये की नकदी बरामद की। आरोपी के खिलाफ सट्टा खाई करने का मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार को शहर थाना में तैनात एएसआई नरेश कुमार को सूचना मिली कि अनाज मंडी में इसराइल निवासी पठानवाड़ा वार्ड-16 ने अनाज मंडी में चाय का खोखा रखा है। जहा पर इसराइल चाय बेचने के साथ-साथ ग्राहकों को सट्टा खेलने के लिए भी उत्साहित करता है। उन्हे सट्टा पर नंबर लगाकर मोटी कमाई करने का लालच देता है। जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने क बाद कच्ची जमानत पर छोड़ दिया।

## विवि के डीन पर महिला प्रोफेसर ने लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर पर एक महिला प्रोफेसर ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आरोपित प्रोफेसर को सभी प्रशासनिक पदों से हटा दिया है, ताकि जांच को लेकर कोई सवाल खड़े ना हों। साथ ही विवि की आंतरिक शिकायत समिति को इस मामले की जांच सौंप दी है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम विश्वविद्यालय की एक महिला प्रोफेसर ने एक पुरुष प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ शिकायत दी। इस मामले की जानकारी भी विश्वविद्यालय में फैल गई। इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है। आरोपी प्रोफेसर फार्मेसी विभाग के डीन, चेयरपर्सन, प्रॉक्टर कई शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्तव्यों का कामकाज देख रहे थे। जैसे ही यह मामला सामने आया तो प्रशासन की ओर से मंगलवार को उनको सभी पदों से हटा दिया गया। गुरुग्राम विवि के प्रवक्ता के अनुसार गुरुग्राम विवि में यौन उत्पीड़न के मामले को जांच के लिए विवि की आंतरिक शिकायत समिति, आईसीसी को सौंप दिया है। आंतरिक शिकायत समिति आईसीसी ने आरोपी प्रोफेसर के मामले की जांच भी शुरू कर दी है। विवि परिसर में मामले की जांच के लिए आईसीसी की दो मीटिंग आयोजित हो चुकी हैं। प्रवक्ता ने बताया कि दोषी पाए जाने पर प्रोफेसर धीरेन्द्र के खिलाफ उचित कारवाई की जाएगी। विवि प्रशासन ने पुलिस अधिकारियों को जांच में सहयोग करते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दिए हैं।

## दुबई से कराटे चैंपियनशिप में मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ी



**गुरुग्राम।** दुबई में इण्टरनेशनल कराटे चैंपियनशिप हुई, जिसमें इसमें 22 देशों ने भाग लिया। भारत से लगभग 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से हरियाणा के गुरुग्राम के साई कराटे एकेडमी के चार खिलाड़ी भी शामिल रहे। इनमें से एक खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीता। कोच एवं रेफरी शिहान सुनील सैनी और टीम कोच विक्रम तिहाल इंडियन कराटे टीम के साथ इण्टरनेशनल कराटे चैंपियनशिप भाग लेने पहुंचे। इस चैंपियनशिप के लिए हरियाणा, दिल्ली, चेन्नई, कर्नाटक और राजस्थान राज्यों से खिलाड़ियों का सलेक्शन हुआ था। चैंपियनशिप में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दुर्जोयदुर सिंह (6) ने गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल किया। आशका गोदारा (13) ने सिल्वर और ब्राउंज मेडल, आत्मान जैन (11) ने 2 ब्राउंज मेडल और गीता गोदारा (59) ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

# गुरुग्राम पहुंची जेजेपी महिला अध्यक्ष शीला भ्याण

### विभिन्न दल छोड़कर बड़ी संख्या में महिलाओं ने ज्वॉइन की जेजेपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंगलवार** को जननायक जनता पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला भ्याण गुरुग्राम पहुंची। इस दौरान उनकी मौजूदगी में विभिन्न दलों को छोड़कर अनेक महिलाओं ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की।

शीला भ्याण ने सभी महिलाओं को पार्टी का पटका पहनाकर विधिवत रूप से जेजेपी में शामिल करवाया और कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिलेगा। जेजेपी महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला भ्याण ने कहा कि पार्टी महिलाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने महिलाओं से किए अपने प्रमुख वादे पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण, महिलाओं को डिपो संचालन में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी जैसे कई बड़े कदम उठाए है।


गुरुग्राम में महिला कार्यकर्ताओं के साथ जेजेपी की महिला अध्यक्ष शीतला भ्याण।

भ्याण ने कहा कि जेजेपी की नीतियों से प्रभावित होकर आज बढ़-चढ़कर महिलाएं पार्टी से जुड़ रही है। उन्होंने संगठन में महिलाओं की हिस्सेदारी के बारे में बताया कि पार्टी द्वारा एक बूथ एक सखी कार्यक्रम चलाया जा रहा है और इसके तहत महिलाएं जेजेपी की मजबूती में अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार सचिव व प्रवक्ता दलबीर धनखड़, शैलजा भाटिया, नीलम बालू, विभा पाण्डेय, निर्मल, अनीता, शिखा, मनजीत बैनीवाल, कुसुम शर्मा, रितु, कोमल, सोमवती, विमला, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

# अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज के साथ एक से सात मई के बीच इस क्रिकेट सीजन में कीजिए बड़ी बचत!

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खेल** के शौकीनों के लिए क्रिकेट का मौसम एक रोमांच से भरपूर समय होता है। वहीं अपने पसंदीदा स्नेक्स का मजा उठाने क्रिकेट देखने का मजा ही कुछ और होता है? यही ध्यान में रखते हुए एक से सात मई के बीच अमेजन फ्रेश का सुपर वैल्यू डेज आपके सभी पसंदीदा स्नेक्स की खरीदारी को और भी आसान बना रहा है।

यहां से आप अपने पसंदीदा स्वादिष्ट स्नैक्स जैसे चिप्स और पॉपकॉर्न, या चॉकलेट और कुकीज जैसी मीठी ट्रीट का मजा उठा सकते हैं और अपनी पसंदीदा टीम के खेल का आनंद लेते हुए ताजे जूस, आइसक्रीम और दही की विस्तृत रेंज के साथ गर्मी के इस मौसम में तरोताजा रह सकते हैं। सुपर वैल्यू डेज के दौरान सुपर सेवर ऑफर्स के साथ, स्वादिष्ट खरबूजे और रसीले आम सहित अन्य घरेलू उत्पादों और मौसम के ताजे फलों और सब्जियों की खरीदारी कीजिए। अपने घर पर सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ आप नेचुरल, क्वालिटी वॉल्स, फॉर्च्यून और दावत जैसे विभिन्न लोकप्रिय ब्रांडों पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

ग्राहक एक से 4 मई 2023 के बीच आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10 प्रतिशत के इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर न्यूनतम 2,500 रुपये के लेनदेन पर लागू है और आपको 300 रुपये तक की छूट प्राप्त होगी। इस क्रिकेट के सीजन में खुद का ख्याल रखते हुए और एक भी बॉल मिस किए बिना आप इस विशेष रूप से तैयार किए गए अमेजन समर स्टोर और क्रिकेट मेनिया स्टोर पर आवश्यक ग्रॉसरी की खरीदारी कर सकते हैं।

# प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर सत्यप्रकाश जरावता का किया स्वागत


प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता का स्वागत करते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पटौदी** विधायक सत्यप्रकाश जरावता को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने के बाद मानेसर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मानेसर स्थित उनके कार्यालय पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर और बुके भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक सामान्य कार्यकर्ता को विधानसभा की टिकट देकर विधायक बनाया और संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष का पद दिया है। यह पार्टी की निष्पक्षता को साफदिखाता है। भाजपा में आम कार्यकर्ता को पीछे की लाइन में नहीं बैठाया जाता।

पार्टी सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत को देखती है। पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के जो मान सम्मान दिया है। उसे पूरी ईमानदारी से निभाया जाएगा। इस दौरान भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदरलाल यादव, विजय पाल सरपंच नाहरपुर मानेसर मंडल के युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रवीण यादव, दयाराम चेयरमैन, संजय यादव फिल्बी, लक्ष्मण यादव नखड़ौला और सेवादास शीतल दास दीपक यादव साधु सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 मई, 2023



# फरीदाबाद के विकास कार्यों को अधिकारी निर्धारित समय सीमा में कराएं : गुर्जर

**केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने जिला के विकास कार्यों की विभाग वार समीक्षा की**

**कहा, अधिकारी विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें ध्यान, अनियमितता पाए जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई**



अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सरकार द्वारा घोषित किए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता पूरी तरह से नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। सरकार की घोषणा के जो विकास कार्य शुरू नहीं किए गए हैं, उन्हें यथाशीघ्र शुरू करवाना सुनिश्चित करें और जो विकास कार्य पूरे हो गए हैं, उन्हें ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिस विभाग की फाइल मुख्यालय में गई है, उसके स्टेटस की पूरी अपडेट रखें। जिस विभाग के मुख्यालय में फोन पर बात करनी है या डीसी व संबंधित अधिकारी द्वारा डीईओ लेटर भिजवाना जरूरी है तो डीसी कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है, उन्हें निर्धारित समय पर यथाशीघ्र पूरा करवाना सुनिश्चित करें। गुर्जर ने मंगलवार को डीसी कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता का सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में पूरा ध्यान रखा जाए। ताकि विकास कार्य प्रभावी रूप से हो सकें।

बैठक में एमसीएफ कमिश्नर जितेंद्र दहिया, डीडीपीओ राकेश मोर, कार्यकारी अभियंता पीडब्ल्यूडी बीएंडआर प्रदीप सिंधु, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गजेंद्र सिंह सहित जिला के विकास कार्यों से जुड़े विभागों के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

**बैठक में क्रमवार अधिकारियों को दिए ये निर्देश**

- सेक्टर-25 में खराब सड़क, स्टॉर्म वाटर, सीवरेज और वाटर सप्लाई जो भी काम अभी शुरू नहीं हुए, ठेकेदार का टेका रद्द कर उनके नए टेंडर जारी करके काम को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।
- एचएसवीपी एक्सईन को बिजली का खंबा और गैस पाइपलाइन शिफ्ट करने के निर्देश दिए।
- बड़खल झील का कार्य दो महीनों के अंदर पूरा करें, ताकि उसका उद्घाटन कर पर्यटक स्थल को खोला जाए।
- भाखरी रोड पर एसटीपी के लिए जल्द से जल्द जगह चिन्हित करें।
- सेक्टर की स्मार्ट रोड के दोनों साइड के गेटों को बंद करें।
- एफएमडीए सभी 30 मीटर सड़कों पर स्लिप रोड बनायें और सभी चौकों के सौन्दर्यीकरण के कार्य को पूरा करें व तिरंगा लाइटें लगवाएं।
- मंझावली पुल का निर्माण कार्य अगले दो दिन में शुरू कराया जाए।
- अगले एक सप्ताह में टेंडर जारी करके ड्रेनों की सफाई को पूरा करवाएं।

# तिरखा कॉलोनी में 10.50 लाख की लागत से बनेगी सड़क



तिरखा कॉलोनी में बनने वाली सड़क के कार्य का शुभारंभ करते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व उन्हें आशीर्वाद देते बुजुर्ग।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नारियल फुड़वाकर कार्य की विधिवत शुरुआत कराई**

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने निजी कोष से करीब 10 लाख 50 हजार की लागत से तिरखा कॉलोनी में आरएमसी से बनने वाली सड़क के कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर कार्य की विधिवत शुरुआत कराई।

मंत्री ने कहा कि बल्लभगढ़ शहर में किसी प्रकार के विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुए और हाल ही में हुई बेमौसम की बरसात के मद्देनजर नगर निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि वे बल्लभगढ़ विधानसभा के सभी मुख्य मार्गों के साथ बने नाले व नालियों की सफाई करना सुनिश्चित करें, ताकि बरसात होने पर लोगों को किसी प्रकार के जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े। इस अवसर पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, फूल सिंह प्रधान, निवर्तमान पार्षद दीपक यादव, प्रताप सिंह भाटी, लखन बेनीवाल, सुभलेश मालिक, पुष्पा शर्मा, मंडल महामंत्री संजय कुमार सहित कॉलोनी के अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडी कॉलेज में एनसीसी विंग ने चलाया बर्ड फीडिंग कैंपेन



पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम करते एनसीसी छात्राए

**पलवल।** जीजीडीएसडी कॉलेज में एनसीसी गर्ल्स विंग के अंतर्गत पक्षियों के लिए फीडिंग कैंपेन चलाया जा रहा है। इस कैंपेन के अंतर्गत सभी कैडेट्स पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम खुद से कर रहे हैं। कैडेट्स ने वेस्ट मैटेरियल का उपयोग करके विभिन्न कंटेनर्स बनाए हैं, जिसमें पक्षियों के लिए दाना पानी रखा गया है। सभी कैडेट्स ने मिट्टी के बर्तनों को पेंट करके अपना कैडेट नंबर, यूनिट का नाम और कॉलेज का नाम भी लिखा है। सभी कैडेट्स नियमपूर्वक मिट्टी के बर्तनों में पानी भरते हैं और पक्षियों के खाने पीने का पूरा ध्यान रखते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा सिंगला और आईक्यूएसी के कन्वीनर डॉक्टर पीके वर्मा ने कैडेट्स के इस प्रयास की प्रशंसा की। 4 हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राम अवतार यादव और एनसीसी गर्ल्स विंग की इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉक्टर मनीषा अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जन जागरण अभियान चलाना है। जिसमे सभी को पक्षियों के संरक्षण और उनके खाने पीने का ध्यान रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### लापता किशोरी को तलाश कर किया परिजनों के हवाले



लापता किशोरी को परिजनों को सौंपती पुलिस टीम।

**फरीदाबाद।** सिटी बल्लभगढ़ थाने व क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने पांच दिन से लापता किशोरी को सकुशल बरामद करके उसके परिजनों तक पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल को सिटी बल्लभगढ़ थाने में लड़की के परिजनों ने शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी लड़की 26 अप्रैल से लापता है और उन्होंने उसे ढूंढने की हर संभव कोशिश की, परंतु उन्हें उसकी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके थाना प्रभारी ने लड़की की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया। लड़की की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच कैट टीम से संपर्क स्थापित करके उनसे मदद मांगी गई। इसके पश्चात क्राइम ब्रांच कैट टीम ने किशोरी को सिटी बल्लभगढ़ बस स्टैंड से सकुशल बरामद कर लिया। लड़की को उसके परिजनों से मिलवाया गया। जहां उसने बताया कि वह परिजनों द्वारा डांटने के कारण उनसे नाराज थी और इसलिए वह बिना बताए घर छोड़कर चली गई थी।

### माहेश्वरी ट्रस्ट के पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न



चुनाव के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को स्वागत करते सदस्य।

**फरीदाबाद।** हरियाणा पंजाब प्रादेशिक माहेश्वरी ट्रस्ट के सत्र 2023-2026 के लिए पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी राजकुमार बांगड़ ने महेश गट्टानी फरीदाबाद को अध्यक्ष, सोहनलाल महेश्वरी बठिंडा को सचिव, पवन मूंदड़ा गुरुग्राम को कोषाध्यक्ष एवं पंकज मालू अमृतसर को सह सचिव पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। अन्य पदों एवं कार्यकारिणी हेतु अध्यक्ष को अधिकार दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित महासभा उपसभापति (उत्तरांचल) अशोक सोमानी, केंद्रीय चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश पसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पेरीवाल, पूर्व प्रादेशिक ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील नेवर, पवन होलानी, रामनिवास झंवर, प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र कलंत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। गुरुग्राम में आयोजित चुनाव सभा में यह निर्वाचन हुआ।

### मानसिक कमजोर युवक परिजनों तक पहुंचाकर लौटाई मुस्कान




युवक को परिजनों को सौंपते हुए पुलिस टीम।

**फरीदाबाद।** एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने दिल्ली से लापता होकर फरीदाबाद आए 18 वर्षीय एक युवक को वापिस उसके परिजनों तक पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बताया कि थाने की टीम रात के समय नीलम चौक के पास के पास गश्त कर रही थी कि उन्हें एक युवक लावारिस हालत में घूमते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा लड़के के पास जाकर उसके रात के समय में घूमने का कारण पूछा तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। बातचीत करने पर पता चला कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है और वह किसी भी बात का सही से जवाब नहीं दे पा रहा है। उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम उसे अपने साथ लेकर थाने आ गई और उसे अपने विश्वास में लेने के लिए बिस्किट का पैकेट खिलाया व पूछताछ करने की कोशिश की, परंतु वह कुछ भी जवाब नहीं दे पाया। टीम ने जब अखबार देखा तो उसमें लड़के के गुम होने का इश्तिहार छपा हुआ था। जिससे पुलिस को लड़के के दिल्ली का जीटीबी नगर एरिया का होने का पता लगा। उन्होंने दिए गए फोन नंबर पर संपर्क करके लड़के की पहचान उसके परिजनों से करवाई, जिन्होंने तुरंत लड़के को पहचान लिया। इसके बाद लड़के के परिजन उसे लेने के लिए फरीदाबाद आए और उसकी सकुशल बरामदगी करने के पश्चात उन्होंने पुलिस टीम द्वारा किए गए कार्य के लिए धन्यवाद किया।

### शीला भयाना का फरीदाबाद आगमन पर किया स्वागत



शीला भयाना का स्वागत करते जजपा कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21 में जननायक जनता पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला भयाना महिला कार्यकर्ताओं की मीटिंग के लिए अनुपमा बक्शी के निवास स्थान पर पहुंची। शीला भयाना का पार्टी नेतृत्व द्वारा लगातार दूसरी बार महिला प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जाने के बाद पहली बार फरीदाबाद आगमन हुआ था। इस अवसर पर जननायक जनता पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष हरमीत कौर ने अपनी टीम के साथ शीला भयाना को बुक्के भेंटकर स्वागत किया। इस बैठक में जेजेपी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़, प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़, जेजेपी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नलिन हुडा, अजय भडाना, मनिक मोहन शर्मा, हल्का अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, किशन कपासिया व देवेंदर बक्शी ने भी शीला भयाना को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बुजुर्ग महिला पर पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने किया हमला, घसीटकर किया घायल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सूरजकुंड थाना पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

**सूरजकुंड** रोड स्थित अनंगपुर गांव में दुकान जा रही एक बुजुर्ग महिला पर पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने हमला कर दिया। वह 65 वर्षीय सुरमरती नामक महिला के पांव को नोचते हुए उन्हें काफी दूर तक घसीटा। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधर, स्थानीय लोगों की की मानें तो पिटबुल महिला को छोड़ने के बाद पास से गुजर रहे एक बेसहारा कुत्ते पर भी हमला कर दिया और उसे मार दिया। सूरजकुंड थाना की पुलिस पिटबुल नस्ल के कुत्ता मालिक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार अनंगपुर गांव निवासी प्रवेश ने अपनी शिकायत में बताया है कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे उनकी 65 वर्षीय मां सुरमती पास स्थित दुकान सामान खरीदने जा रही थी। आरोप है कि जैसे ही वह गांव के ही सोनू उर्फ जोजो नामक युवक के घर के पास पहुंची, उसके घर से पिटबुल नस्ल का कुत्ताा निकल कर, उनकी मां पर हमला कर दिया।

कुत्ते ने उसकी मां के पांव को पकड़ लिया और घसीटने लगा। उनकी मां शोर मचाते हुए कुत्ते से बचने के लिए काफी प्रयास किया। लेकिन कुत्ता उसे छोड़ नहीं रहा था। यह देख उसके होश उड़ गए। वह स्थानीय लोगों के साथ कुत्ते की तरफ भागे और किसी तरह से अपनी मां को उसके जबड़े से छुड़ाए। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने तुरंत अपनी मां को बीके अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उनकी मां का इलाज चल रहा है।

प्रवेश का कहना है कि उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर कुत्ता मालिक सोनू से इसका विरोध किया और कुत्ते को बांध कर रखेन को कहा। आरोप है कि इसपर सोनू बदतमीजी शुरू कर दी। साथ ही गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगा। सूरजकुंड थाना की पुलिस पीड़ित की शिकायत पर सोनू के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है

# नेहरू महाविद्यालय में प्राध्यापकों के लिए कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में भाग लेते प्राध्यापक।

**फरीदाबाद।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य एमके गुप्ता के निर्देशन व प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. प्रतिभा चौहान के संयोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण अवधारणा उद्यम स्टार्टअप को प्रसारित करने, छात्रों के बिजनेस आइडियाज को सफल स्टार्ट- अप बनाने के लिए प्राध्यापकों को रोमांचक ट्रेनिंग दी गई। इसमें 50 शिक्षकों ने उद्यमिता के बारे में सीखने के लिए इस कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य स्टार्टअप विचारों को बनाना और शिक्षक और उद्यमी पारितंत्र के बीच की खाई को भरना था।

स्टार्ट-अप पर इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है, बदलते परिवेश में स्टार्टअप की चुनौतियों का सामना कर उसे मुनाफा बिजनेस में प्रयुक्त किया जा सके। साथ ही बढ़ती आवश्यकताओं का सामना किया जा सके और शिक्षकों को इस पारितंत्र के मौजूदा तटबंदियों से जोड़ा जा सके।

# कैब चालक की सड़क हादसे में मौत

**फरीदाबाद।** दिल्ली-आगरा हाइवे पर पर सोमवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक कैब चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान समयपुर रोड स्थत राज कॉलोनी निवासी जाहिद हुसैन के रूप में हुई है। हादसे के दौरान वह हाईवे किनारे अपनी कैब पार्क कर उसकी टायर को बदल रहा था। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हादसे के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस चौकी सेक्टर-15ए के अधिकारियों ने बताया कि हादसा सोमवार रात करीब एक बजे की है। मृतक जाहिद हुसैन कैब चलाता था। रात में सेक्टर-15/16 डिवाइडिंग पर उसकी कैब पंचर हो गई। वह सड़क किनारे कार पार्क कर उसकी टायर बदलने लगा।

# मेडिकल स्टोर पर एमटीपी किट बेचते हुए दुकानदार गिरफ्तार



थाना सिटी बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज कराते डिप्टी सीएम मान सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** सुभाष कॉलोनी स्थित वंशिका मेडिकल स्टोर पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने छापा मारा। यहां पर एमटीपी किट बरामद हुई। इस टीम का नेतृत्व डिप्टी सीएमओ डाक्टर मान सिंह कर रहे थे। छापे की यह कार्रवाई दोपहर तीन बजे मारी गई थी। गुप्त सूचना के आधार पर मेडिकल स्टोर संचालक को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। 500-500 रुपये के दो नोट किट देने के लिए दिए गए थे।

# किराए पर कार लगाने का झांसा देकर महिला से चार लाख हड़पे

**फरीदाबाद।** दिल्ली के पीडब्ल्यूडी विभाग में किराए पर कार लगाने का झांसा देकर एक व्यक्ति ने एक महिला की कार समेत चार लाख रुपये हड़प लिए। पीड़िता ने मामले की शिकायत सेक्टर-17 थाना में दी है। पुलिस धोखाधड़ी में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता मिन्टु कुमारी ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह मौजूदा समय में दिल्ली स्थित पुल प्रहलाादपुर में परिवार के साथ रहती हैं। उनका टूर एंड ट्रेवल्स का काम है। पीड़िता ने बताया कि साल-2020 में जब वह सेक्टर-17 में रहती थी, दौरान एक जानकार के माध्यम से उनकी मुलाकात मयंक अग्रवाल नामक व्यक्ति से हुई। वह अपने-आपको दिल्ली के आईटीओ स्थित पीडडब्ल्यूडी विभाग का कर्मचारी बताया। उसने पीडब्ल्यूडी के आईटीओ कार्यालय में उनकी कार को किराए पर लगाने का झांसा दिया। साथ बताया कि विभाग की ओर से कार का मासिक किराया 55 हजार रुपये दिया जाएगा। पीड़िता को आरोपी ने पीडब्ल्यूडी विभाग का एक फर्जी एग्रीमेंट लेटर भी दिया। पीड़िता का आरोप है कि कुछ दिनों तक तो मयंक अग्रवाल ने नकद व बैंक खाता पर कार का किराया भेजा। लेकिन बाद में वह पैसा देना बंद कर दिया। इसके बाद से आरोपी से उनका संपर्क नहीं हो रहा है। पीड़िता का आरोप है कि मयंक अग्रवाल ने उनसे किराए के चार लाख रुपये के साथ उनकी कार भी हड़प ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेडल जीतने पर सोनू को किया सम्मानित




सोनू को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**दीप** सीनियर सेकेंडरी स्कूल असावटी में सोनू राजपूत को दिल्ली में आयोजित बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मैडल व किंग ऑफ दिल्ली का अवार्ड प्राप्त करने व हरियाणा में आयोजित बॉडी बिल्डिंग व फिटनेस में दूसरा स्थान प्राप्त करने तथा इंडियन लेवल पर कम्पटीशन में गोल्ड मेडल लेने पर दीप स्कूल के चेयरमैन कुलदीप कौशिक फूल माला व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सोनू राजपूत दीप स्कूल असावटी का पूर्व विद्यार्थी रहा है। तीन गोल्ड मेडल लेकर अपने स्कूल, गांव, जिले, राज्य का नाम रोशन किया। कुलदीप कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर चुने 20 बॉडी बिल्डर में से सोनू को टाइटल ऑफ विनर के अवार्ड से भी सम्मानित किया।

# 221 ऑटो चालकों के काटे गए चालान, पांच ऑटो इम्पाउंड किए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



ऑटो का चालान करते पुलिसकर्मी।

**ट्रैफिक** पुलिस द्वारा शहर में यातायात को व्यवस्थित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से वाहन चालकों का बचाव करने के लिए यातायात नियमों का पालन न करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाया है। इसके तहत ऑटो स्टैंड के बाहर सही तरीके से ऑटो न खड़ा करने, ओवरलोडिंग तथा कागजात पूरे न रखने वाले ऑटो चालकों के चालान किए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा तीन दिन पहले एडवाइजरी जारी की गई थी, जिसमें ऑटो चालकों को ऑटो स्टैंड पर ही ऑटो खड़ा करने, अपने कागजात पूरे रखने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के बारे में जागरूक किया गया था। इससे पहले भी 19 अप्रैल को एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार द्वारा ऑटो यूनियन के साथ बैठक आयोजित करके उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा यातायात को सुचारू रूप से चलाने में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करने के निर्देश दिए गए थे। यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार से अभियान शुरू किया गया है, जिसमें यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले ऑटो चालकों के चालान काटे गए है। यातायात पुलिस द्वारा 221 ऑटो चालकों के चालान काटकर 100500 रुपये कैश कलेक्ट किया गया है। वहीं कुछ ऑटो चालकों की आरसी और लाइसेंस जप्त दिए गए हैं, जोकि कोर्ट में अपना चालान भरकर वापिस प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा पांच ऑटो इम्पाउंड किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने कहा है कि फरीदाबाद पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। ऑटो चालक सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से अपना ऑटो खड़ा करके जाम न लगाएं अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई इसी तरह जारी रहेगी।

# सड़क पर घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है : यशवर्धन

**ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों की सुविधा के लिए जारी किया ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 0129-2267201**

**आमजन यातायात या सड़क सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार का दे सकते हैं सुझाव**



डीसीपी अमित यशवर्धन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**यातायात** पुलिस ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और आए दिन यातायात व्यवस्था में कुछ ना कुछ सुधार किए जाते रहे हैं। इसी को आगे बढ़ाते हुए डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने वाहन चालकों की सुविधा के लिए यातायात से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या सड़क दुर्घटना की सूचना देने के लिए ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 0129-2267201 जारी किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए यातायात पुलिस हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जिससे वाहन चालकों को सुविधा होगी और किसी भी प्रकार की जाम की समस्या या सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस को तुरंत सूचना मिलने पर पुलिस मदद पहुंचा सकेगी, जिससे यातायात में होने वाली है असुविधाओं से जल्द निजात मिल पाएगी। डीसीपी ट्रैफिक ने एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एसएचओ ट्रैफिक, जेडओ, टीआई सहित ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की मीटिंग लेकर उन्हें इस बारे में निर्देश देते हुए बताया कि पुलिस कंट्रोल पर सूचना प्राप्त होते ही यातायात पुलिसकर्मी बताए गए स्थान पर पहुंचकर वाहन चालकों की मदद करेंगे तथा सड़क दुर्घटना के मामले में आमजन की सहायता लेकर पीड़ित को तुरंत अस्पताल पहुंचाएंगे, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पुलिस विभाग द्वारा उचित इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य लोग भी आमजन की मदद करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 मई, 2023



# लुधियाना में मौतें

## घोर लापरवाही

**लुधियाना** में 11 लोगों को इस कारण जान गंवानी पड़ी कि किसी दुष्ट ने जहरीला पदार्थ नाले में डाल दिया था। लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में तीन बच्चों समेत 11 लोगों की अकाल मौत ने एक बार फिर औद्योगिक प्रदूषकों से खतरे का मुद्दा गंभीर रूप से सामने ला दिया है। स्थानीय अधिकारियों को आशंका है कि जहरीला पदार्थ अवैध रूप से सीवर में छोड़ दिया गया जिससे पैदा जहरीली गैसें इन लोगों की मौत की जिम्मेदार हैं। इनके अलावा गंभीर रूप से प्रभावित चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल-एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और अनेक निवासियों को प्रभावित क्षेत्र से हटाया गया। हालांकि, ये तात्कालिक संकट से निपटने के उपाय हैं, जबकि वास्तविक समस्या बहुत बड़ी है। ग्यासपुरा जहरीली गैस लीक के दोषियों को तलाशना कठिन है। एक अधिकारी ने अखबार को बताया, 'ग्यासपुरा इलाके में अनेक रंग बनाने वाली डाई यूनिटें तथा अन्य फैक्ट्रियां हैं। पिछले कुछ साल से फैक्ट्रियों से अवैध रूप से रासायनिक कचरा सीवर में छोड़ा जा रहा था। आमतौर पर ऐसी घटनायें सप्ताहान्त पर होती थीं।' लेकिन सवाल है कि अधिकारियों ने इन सूचनाओं के बाद क्या किया? अखबार के अनुसार, स्थानीय पार्षद जसपाल सिंह ग्यासपुरा ने बताया कि वे फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले प्रवाह को सीवर में एक गिरोह द्वारा डालने से परिचित थे। उनका दावा है कि उन्होंने यह मुद्दा कई बार नगर निगम, पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समक्ष उठाया था। लेकिन इन सबने क्या किया? अनेक राजनेताओं व नौकरशाहों ने इन सूचनाओं पर समुचित प्रतिक्रिया नहीं की। सक्रियता दिखाना तो दूर, उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही की। अब कुछ लोगों की मौत और कुछ के अस्पताल पहुंचने के बाद पंजाब सरकार ने मृतकों के परिवारों को 2 लाख तथा इलाज करवा रहे लोगों को 50,000 रुपये की सहायता घोषित की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी समान भुगतान की घोषणा की है क्योंकि पीड़ित उनके राज्य के हैं।




इस त्रासदी के बाद अवैध रूप से अशोधित औद्योगिक कचरा नालियों में डालने वालों को गिरफ्तार कर जेल में बंद किया जा सकता है, लेकिन असली मुद्दा औद्योगिक कचरे का समुचित निस्तारण है। पिछले साल नवंबर में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण-एनजीटी के अध्यक्ष ए.के. गोयल ने गंगा नदी के रास्ते में पड़ने वाले सात राज्यों की खिंचाई की थी। उन्होंने कहा था कि केन्द्र ने स्वच्छ गंगा मिशन के लिए 25,000 करोड़ रुपये आबंटित किए थे, पर इनमें से किसी राज्य सरकार ने अब तक गंगा में गंदे पानी व औद्योगिक कचरे का प्रवाह रोकने के समुचित कदम नहीं उठाए। इसकी संभावना नहीं है कि पिछले 6 महीनों में स्थिति में कोई खास सुधार हुआ होगा। एक साल पहले एनर्जी रिसोर्स इंस्टीट्यूट द्वारा कराए अध्ययन से पता लगा कि दिल्ली क्षेत्र में यमुना में जहरीले हैवी मैटल्स की उपस्थिति मुख्यत: लोगों द्वारा सीवर में औद्योगिक कचरा फेंकने का नतीजा है। यमुना नदी के जल की गुणवत्ता में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। देश के अन्य भागों में भी नदियों के प्रदूषण तथा उनमें जहरीले सीवर के निस्तारण की स्थिति लगभग ऐसी ही बनी हुई है। इसका प्रमुख कारण अनेक राजनेताओं में स्वच्छ पर्यावरण तथा आम लोगों का जीवन बेहतर बनाने के प्रति दिलचस्पी में कमी है। विडंबना है कि अनेक राजनेता केवल अपने एजेंडों और राजनीतिक व चुनावी खेलों में व्यस्त हैं और आम लोगों को लुधियाना के ग्यासपुरा की तरह उनकी किस्मत पर छोड़ दिया गया है।

# विकासवाद का अध्ययन जरूरी

**अनेक वैज्ञानिकों व शिक्षाशास्त्रियों ने पाठ्यक्रम से विकासवाद सिद्धान्त को बाहर रखने पर सवाल उठाए हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आम जनता तक विज्ञान व तकनीक पहुंचाने के विचार से असंगत है।**



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



**कार्ल** मार्क्स ने कहा था कि इतिहास पहली बार स्वयं को त्रासदी और दूसरी बार प्रहसन के रूप में दुहराता है। 2017 में राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान के कट्टरपंथी शासन ने डार्विन के विकासवाद सिद्धान्त को स्कूली पाठ्यक्रम से हटा दिया क्योंकि यह उनके विचार से 'विवादास्पद विषय' व 'छात्रों के स्तर से ऊपर' तथा 'प्रत्यक्ष रूप से प्रासांगिक' नहीं था। यह तुर्की के लिए एक त्रासदी थी क्योंकि इस राज्य की स्थापना मुस्तफा कमाल पाशा ने की थी जिन्होंने 'इस्लामवाद' व 'राजनीतिक बहुलतावाद' को एकसाथ लाकर तुर्की को इस्लामी दुनिया में आधुनिक लोकतंत्र बना दिया था। हालांकि, ईसाई व मुस्लिम रचनावादियों ने विकासवाद का सिद्धान्त खारिज किया है। विख्यात वैज्ञानिक व विज्ञान लेखक असीमोव ने कहा था, 'अंधकार व अज्ञान की शक्तियों को कभी स्थाई रूप से पराजित नहीं किया गया।' अमेरिका में भी शक्तिशाली एवेंजिलिस्ट समूहों ने कुछ राज्यों और स्थानीय स्कूलों से विकासवाद को प्रतिबंधित करने में सफलता पाई थी। 1925 में एक हाईस्कूल के बायलोजी शिक्षक जान थामस स्कूप्स पर टेनिसे की एक अदालत ने पांच सौ डालर का जुर्माना लगा दिया था क्योंकि वे पढ़ा रहे थे कि मनुष्यों का विकास निचली श्रेणी के जीवधारियों से हुआ था। यह टेनिसे विधायिका द्वारा पास एक कानून के विरोध में था जिसने स्कूलों में शिक्षकों द्वारा सार्वजनिक रूप से विकासवाद पढ़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

आज भी अमेरिका के अनेक सरकारी धन से संचालित स्कूलों में विकासवाद व रचनावाद पढ़ाने पर बराबर समय दिया जाता है। लेकिन यह सोचा भी नहीं जा सकता था कि ऐसा भारत में होगा क्योंकि विज्ञान और तकनीक ने इस देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है, जबकि एक समय इसे 'सिक मैन आफ एशिया' कहा जाता था। लेकिन इतिहास हमारे सामने हमेशा आश्चर्य पेश करता रहा है। वास्तव में यह पाठ्यक्रम को तार्किक बनाने तथा छात्रों पर बोझ घटाने के नाम पर किया गया है। एनसीईआरटी ने अब विकासवाद के सिद्धान्त को कक्षा 9-10 के पाठ्यक्रम से हटा दिया है। अध्याय 9 'हेरिडिटी एंड इवोल्यूशन' के स्थान पर अब 'हेरिडिटी' या विरासत अध्याय लाया गया है। हटाए गए अन्य अध्यायों में चार्ल्स राबर्ट डारविन, धरती पर जीवन का जन्म, मोलीक्यूलर फाइलोजीनी, इवोल्यूशन, ट्रेसिंग इवोल्यूशनरी रिलेशनशिप व मानव विकास शामिल हैं।

टीआईएफआर, आईआईएससी, आईआईएसईआर, आईआईटी व अनेक अन्य संस्थानों के 1800 से अधिक वैज्ञानिकों, विज्ञान शिक्षकों व शिक्षाविदों ने इस कदम का विरोध करते हुए एक खुले पत्र-'पाठ्यक्रम से विकासवाद हटाने के खिलाफ एक अपील', पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने मांग की है कि सेकेंड्री शिक्षा में खासकर डार्विन के विकासवाद का सिद्धान्त शामिल किया जाए। पत्र में कहा गया है, 'वर्तमान शिक्षा ढांचे में छात्रों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षाओं में विज्ञान की धारा चुनता है। अध्ययन के विषय के रूप में बायलोजी चुनने वाले छात्रों की संख्या तो और भी कम है। इस प्रकार कक्षा 10 तक पाठ्यक्रम से एक प्रमुख अवधारणा को बाहर रखने का अर्थ बहुसंख्य छात्रों का इस क्षेत्र में अनिवार्य शिक्षा के एक महत्वपूर्ण हिस्से से अपरिचय होगा।' पत्र में कहा गया है कि विकासवाद की प्रक्रिया समझना 'एक विधि नियंत्रित प्रक्रिया है जिसमें ईश्वरीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।' यह वैज्ञानिक सोच तथा तार्किक विश्व दृष्टिकोण विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। पत्र पर हस्ताक्षरकर्ताओं के अनुसार, 'डार्विन के गहन प्रेक्षणों तथा उनकी गहन अंतर्दृष्टि से प्राकृतिक चयन का सिद्धान्त विकसित हुआ जो छात्रों को विज्ञान की प्रक्रिया तथा तार्किक चिंतन का महत्व बताता है। दसवीं कक्षा के बाद बायलोजी न पढ़ने वाले छात्रों को इस अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र से वंचित करना शिक्षा के प्रति विडंबना होगी।' एनसीईआरटी ने हाल ही में पाठ्यक्रम समीक्षा का अभियान चलाया है। उसने इतिहास की पुस्तकों से कई अध्याय हटाए हैं जिनका संबंध मुख्यत: भारत में मुगल शासन से है। इसने अकादमीशियनों में विवाद पैदा कर दिया है। लेकिन बायलोजी में हालिया दु:साहस गंभीर खतरों से भरा है क्योंकि यह एक आधुनिक लोकतांत्रिक व पंथनिरपेक्ष भारत की पहचान पर सवाल खड़े कर सकता है।

यदि भारत कट्टरपंथी तुर्की या सऊदी अरब के स्तर पर पहुंचता है तो इतिहास सचमुच एक त्रासदी बन जाएगा। पाठ्यपुस्तकें केवल सिखाने या सीखने का ढांचा ही नहीं प्रदान करती हैं, बल्कि इसका असर देश के भविष्य को गहराई से ढालने पर पड़ता है। पाठ्यपुस्तकें युवा सोच को निर्धारित करने का काम करती हैं और उनको समाज के लाभ के लिए प्रयोग किया जा सकता है। ऐसे में युवाओं को किसी खास विचारधारा से प्रभावित करने के प्रयास उचित नहीं कहे जा सकते हैं। विकासवाद का कुछ लोग विरोध करते हैं जिनका मानना है कि हम ऋषियों व मुनियों की संतान हैं। मजेदार बात है कि 2018 में मानव संसाधन विकास से जुड़े एक मंत्री ने कहा था कि विकासवाद का सिद्धान्त 'वैज्ञानिक रूप से गलत' है क्योंकि 'किसी ने कभी किसी बंदर को मनुष्य बनते नहीं देखा है।'

विज्ञान के प्रति वर्तमान अवस्थापना के दृष्टिकोण से बहुत से लोग भ्रमित हैं। हाल ही में विज्ञान एवं तकनीक विभाग-डीएसटी के अंतर्गत कार्यरत स्वायत्तशासी संस्थान 'विज्ञान प्रसार' को बंद करने की अधिघोषणा जारी हुई। इस संस्थान का उद्देश्य देश में विज्ञान को लोकप्रिय बनाना तथा वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। यह भारत का एक विशिष्ट संस्थान था जिसका सरकार या उसके बाहर कोई समानान्तर नहीं था। इस संस्थान की स्थापना 1989 में हुई थी और तब से यह खामोशी से विज्ञान को लोकप्रिय बनाने तथा प्रिंट व एलेक्ट्रानिक मीडिया, पुस्तकों, जर्नलों, न्यूज़लेटरों व फिल्मों के माध्यम से वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार में लगा था। देश भर में आयोजित कार्यशालाओं व आयोजनों के माध्यम से वह काम करता था। इसमें केवल 10 वैज्ञानिकों व लगभग 25 प्रशासनिक कर्मचारियों का स्टाफ था जो अवस्थापना खर्च के साथ ही प्रति वर्ष अपनी सभी गतिविधियों पर केवल 14 करोड़ रुपये के मामूली बजट में काम चलाता था। अपने अस्तित्व के थोड़े से समय में उसने जो काम किया, वह किसी संगठन के लिए ईर्ष्या का विषय हो सकता है।

उसने सुपरिचित वैज्ञानिकों व विज्ञान लेखकों की 400 पुस्तकें प्रकाशित कीं, 19 भाषाओं तथा 12 बोलियों में 3,000 से अधिक रेडियो साइंस कार्यक्रम किए तथा लोकप्रिय विज्ञान पर 5,000 से अधिक फिल्में बनाईं। यह अंग्रेजी व हिंदी में द्विभाषी जर्नल 'ड्रीम 2047' प्रकाशित करता है जिसकी पहुंच देश के लगभग हर सरकारी स्कूल तक है। इसके साथ ही वह असमिया, बंगाली, तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मैथिली, उर्दू, कश्मीरी व पंजाबी में 10 अन्य मासिक न्यूज़लेटर प्रकाशित करता है। वह इंटरनेट पर आधारित चौबीसों घंटे व सातों दिन चलने वाले ओटीटी चैनल 'इंडिया साइंस' का दूरदर्शन व संसद टीवी से प्रसारण करता है जो हमारे अधिकांश छात्रों तथा ग्रामीण लोगों के लिए वैज्ञानिक सूचना का एकमात्र स्रोत बना हुआ है। इससे आम जनता अत्यन्त सरल भाषा में विज्ञान सीख सकती है।

इतने उल्लेखनीय व बहुत कम खर्च में काम करने वाले संस्थान को समाप्त करने का निर्णय एक अराजनीतिक व तटस्थ स्पेस को समाप्त करना है जो देश में विज्ञान और वैज्ञानिक सोच का प्रसार करता था। देश को ऐसे संस्थानों की बहुत आवश्यकता है। अत: इसे समाप्त करना आश्चर्यजनक कहा जा सकता है क्योंकि इससे देश में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के काम को धक्का लग सकता है। यह सरकार के उन इरादों के विपरीत है जिनके अनुसार वह देश के हर नागरिक तक विज्ञान एवं तकनीकों का लाभ पहुंचाना चाहती है। संभवत: यह काम विज्ञान प्रसार का स्थान लेने वाले 'नए संचार ढांचे' के विकास के लिए किया जा रहा है, हालांकि इसके कोई विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं हैं।

इससे आशंका होती है कि किसी वैकल्पिक संस्थान की स्पष्ट रूपरेखा अभी तैयार नहीं है। यह भी समझ से परे है कि डीएसटी में अकेले ये काम करने की क्षमता है। विज्ञान प्रसार कोई नौकरशाही काम नहीं है और इसके लिए विज्ञान को जनता तक ले जाने का विशेष कौशल चाहिए जिसका नौकरशाहों में मिलना बहुत कठिन है। आखिरकार इतने सक्षम संगठन को समाप्त करने का निर्णय क्यों किया गया जो अपना उद्देश्य बहुत अच्छी तरह पूरा कर रहा था। इसे देश में विज्ञान को प्रोत्साहित करने का रास्ता नहीं कहा जा सकता है जहां अभी भी अनेक गहरे तक जमे अंधविश्वास व अतार्किक विश्वास, व्यवहार व दृष्टिकोण तथाकथित शिक्षित वर्ग में भी पाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा विज्ञान संबंधी दृष्टिकोण के बारे में स्पष्टवादी व तार्किक रहे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार के बाकी अधिकारी भी विज्ञान के बारे में सरकार की नीतियों को सही ढंग से समझेंगे और इस मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करेंगे।

# 'मन की बात' के द्वारा देशवासियों से संवाद

> पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में नहीं बल्कि परिवार के एक बुजुर्ग व्यक्ति के रूप में अपने देशवासियों के साथ संवाद स्थापित किया है।

**सच्चिदानंद जोशी**
(लेखक, आईजीएनसीए के सदस्य सचिव हैं।



**पीएम** मोदी ने देश के नाम 'मन की बात' के 100वें संस्करण में कहा 'इस साल, जैसा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव में आगे बढ़ते हैं और जी 20 की अध्यक्षता करते हैं, हमारी विविध वैश्विक संस्कृतियों को और समृद्ध करने के लिए हमारा संकल्प मजबूत हुआ है। हमने हमेशा सांस्कृतिक संरक्षण के मामले को बढ़ावा दिया है।' 'मन की बात' की यात्रा भारत की रेडियो सेवा के इतिहास में उल्लेखनीय और प्रेरक रही है। उन्होंने इस यात्रा की तुलना उपनिषदों के मंत्र चरैवेति चरैवेति से की, जो सदियों से प्रेरणा देती आ रही है। उन्होंने इस बात पर और जोर देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से हर देशवासी दूसरों का प्रेरणास्रोत बनता है और यही आशावाद देश को आगे बढ़ाता है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि 'मन की बात' ने देश में एक नई परंपरा शुरू की है, जिसमें सभी के प्रयास देखे जा सकते हैं।

3 अक्टूबर 2014 को जब 'मन की बात' शुरू हुई तो दो सवाल बहुतों को परेशान कर रहे थे : एक मरता हुआ या इतना लोकप्रिय रेडियो क्यों नहीं और 'मन की बात' क्यों। अब जबकि इसने 100 एपिसोड पूरे कर लिए हैं तो इन सवालों का जवाब अपने आप मिल गया है। हम अपने जीवन में विभिन्न स्तरों पर चीजों से निपटते हैं और यह हमारे भारतीय दर्शन में बहुत अच्छी तरह से समझाया गया है, एक व्यक्ति का अंतरतम चक्र चित्त है और चित्त के ऊपर मन है। मन हृदय के साथ-साथ मन से भी जुड़ा है इसलिए यह बुद्धि के साथ-साथ नियमित जीवन को भी नियंत्रित करता है। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि हमें अपने जीवन में उचित संतुलन के लिए अपने मन को वश में रखना चाहिए। 100वें एपिसोड में पीएम ने माना कि देशवासियों के प्रयासों के बारे में बताते हुए उन्होंने कई बार अपना गला दबाया था. इससे पता चलता है कि इस कार्यक्रम से उनका जुड़ना सतही नहीं था बल्कि सच था 'मन से।'

जब एक प्रधानमंत्री अपने देशवासियों से प्रधानमंत्री के रूप में नहीं बल्कि परिवार के एक बुजुर्ग व्यक्ति के रूप में संवाद स्थापित करने के बारे में सोचता है तो रेडियो से बेहतर माध्यम का विकल्प क्या हो सकता था और उस पर करने के बजाय 'मन की बात' करने से बेहतर क्या हो सकता था और कुछ।

'मन की बात' त्योहारों, कला रूपों, विरासत, स्थानों, लोगों और व्यक्तित्वों के सांस्कृतिक संदर्भों से परिपूर्ण है। 100वें एपिसोड में उन्होंने लक्षदीप के कुम्मेल ब्रदर्स चैलेंजर्स क्लब और कर्नाटक कविमश्री की कला चेतना मार्च का जिक्र किया। उन्होंने आगे हमारी विविध वैश्विक संस्कृतियों को समृद्ध करने पर जोर दिया। आज के वैश्विक संदर्भ में, भारत के विभिन्न व्यक्तित्व, उनकी सोच, विश्वास और भारत की संस्कृति के विकास में योगदान एक मंथन के दौर से गुजर रही दुनिया के लिए एक संदेश है। उल्लेखनीय रूप से 'मन की बात' के अब तक प्रसारित एपिसोड में लगभग 300 बार विभिन्न सांस्कृतिक संदर्भों का उल्लेख है। अगर हम 'मन की बात' में सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा करने में लगने वाले समय की गणना करें तो यह लगभग 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक आ जाएगा। अपनी सांस्कृतिक जड़ों को पहचानने और मजबूत करने के उत्साह को फिर से प्रज्वलित करके दैनिक जीवन के मुद्दों पर नागरिकों से जुड़ने की यह एक अनूठी पहल है।

इन प्रसंगों के सार का जबरदस्त मूर्त प्रभाव पड़ा है लेकिन जनता की विचार प्रक्रिया को जाग्रत करने में यह उपलब्धि दिखाई देती है। ये एपिसोड किसी की जीवन शैली में आध्यात्मिकता और स्थिरता की सांस्कृतिक खोज को भी सामने लाने में लगे हुए हैं। इटली में एंटोनियेटा रोज़ी जैसे व्यक्तियों ने पूरे यूरोप में योग को लोकप्रिय बनाया और %'मन की बात'% की 54वीं कड़ी में इसका उल्लेख मिलता है। जापान के केंजी योशी-जी और मात्सुओ-जी फिल्म निर्माता हैं जिनके योगदान को 89वीं कड़ी में जापानी में रामायण की कई फिल्में बनाने के लिए स्वीकार किया गया है। 'मन की बात' की 75वीं कड़ी में, पीएम असम के सीकरी टिसो के बारे में बात करते हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन कार्बी भाषा के दस्तावेज के लिए समर्पित कर दिया है। आजादी का अमृत महोत्सव ने पूरे देश को फिर से देखने और हमारे नायकों के बलिदानों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रेरित किया।

लगभग ऐसा लगा जैसे पूरे देश में एक क्रांति आ गई हो जहां नागरिकों ने क्रांतिकारी भावनाओं से लबरेज और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए अपनी भावपूर्ण रचनाएं डालीं। अल्लूरी सीताराम राजू, लचित बोरफुकन, सुब्रमण्यम भारती, बिरसा मुंडा और कई अन्य जैसे हमारे नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय रूप से उत्पादित हस्तशिल्प, और पारंपरिक खाद्य पदार्थों के उपयोग को मुखर करना, और पारंपरिक तरीके से जीवन यापन करना 'मन की बात' के कुछ एपिसोड से प्रमुख सीख रहा है। स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान करने के लिए बहुआयामी कार्यक्रम आयोजित किए गए और उनकी कला और शिल्प को जनता के साथ जोड़ने की सुविधा प्रदान की गई।

'मन की बात' अपने 100वें एपिसोड में पहुंच चुकी है, यह 21वीं सदी में हमारी सांस्कृतिक जड़ों को संशोधित करने के लिए सबसे शक्तिशाली सूत्रधार बन गई है। जैसा कि पीएम ने खुद बताया है, 'मन की बात' किसी भी माला के धागे की तरह है, जो प्रत्येक मनके को एक साथ रखती है। हर कड़ी में देशवासियों की सेवा भावना और क्षमता दूसरों को प्रेरणा देती रही है। एक खुशहाल, स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने के लिए पीएम ने सही राग छुआ है। भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने में।

## आप की बात

### फर्जी खबरें

**इंटरनेट** युग में फर्जी ख़बरों या फेक न्यूज़, नकली समाचार का आरोप एक नई सामाजिक बुराई के रूप में सामने आया है। एनसीआरबी के अनुसार, अफवाहें फैलाने वाले लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों में 214 प्रतिशत वृद्धि हुई। भारत में इसके खिलाफ कानून की आवश्यकता है। मीडिया संस्था द्वारा तथ्य-परीक्षण व तथ्य-जाँच की आवश्यकता है। भारत में राजनीतिक उद्देश्यों के लिए व विशेष रूप से चुनावों के दौरान फेक न्यूज का उपयोग किया जाता है। कुछ राजनीतिक दल जनमत में हेराफेरी के लिए फेक न्यूज का इस्तेमाल करते हैं। फेक न्यूज़ का मुकाबला करने के लिये शिक्षा और जागरूकता महत्त्वपूर्ण साधन हैं। लोगों को यह सिखाया जाना चाहिये कि स्रोतों को कैसे सत्यापित किया जाए, दावों का या तथ्य का परीक्षण कैसे किया जाए और विश्वसनीय एवं अविश्वसनीय समाचार स्रोतों के बीच के अंतर को कैसे समझा जाए। फेक न्यूज़ की पहचान के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई साधनों का इस्तेमाल किया जा सकता है। लोगों को पढ़ी-सुनी बातों पर सवाल पूछने और सूचना के विश्वसनीय स्रोतों की तलाश के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। मीडिया, पत्रकारों व संपादकों को इस दिशा में पहल करनी चाहिए।

– **रवि रंजन,** नई दिल्ली

### मन की बात

**हमारे** देश में नरेंद्र मोदी वह वाहिद प्रधानमंत्री है जिन्होंने आम जनता से अपनी ओर से लगातार संवाद बनाए रखा है। पिछले जितने भी प्रधानमंत्री रहे उन्होंने कभी भी इस हद तक जनता से संवाद कभी कायम नहीं रखा था जितना आज नरेंद्र मोदी ने कायम रखा है। उनकी इसी कार्यशैली को जनता काफी पसंद करती है। मन की बात के जरिए उनके संवाद से आम जनता का भी काफी फायदा भी होता है, यही कारण है कि जनता उनकी मन की बात का हर माह इंतजार करती है। देश के कोने-कोने में रेडियो के जरिए हर आदमी उनकी बातों का इंतजार करता है। देश के हर कोने में अनेक प्रतिभाशाली कलाकार हैं मगर उनकी प्रतिभा को कोई नहीं जानता है, उनको भी हमारे प्रधानमंत्री अपनी ओर से पूरी तरह से प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करते हैं। रेडियो के माध्यम से नरेंद्र मोदी ने अपनी मन की बात को हिंदी के अलावा दक्षिण के राज्यों में भी काफी लोकप्रिय बना दिया है। प्रधानमंत्री ने 91 और आकाशवाणी केन्द्रो का उद्घाटन किया है। हमारे शाजापुर को भी एफएम रेडियो स्टेशन मिल गया है। बहुत खुशी की बात है कि अब मन की बात और अधिक लोगों तक पहुंचेगी।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### निकाय चुनाव

**उत्तर प्रदेश** में निकाय चुनाव की सरगर्मी अपने चरम पर है। स्वयं को शिक्षित, योग्य, कर्मठ, ईमानदार होने का दावा करने वाले प्रत्याशी अपना-अपना भाग्य आजमा रहे हैं। धार्मिक एवं जातिगत कार्ड खेलकर मतदाताओं को अपने पाले में करने का प्रयास जारी है। समर्थक वोटों का गणित बैठाकर अपने-अपने उम्मीदवारों को विजय श्री का तिलक लगा चुके हैं। पल-पल में समीकरण बन एवं बिगड़ रहे हैं। कोई निर्दल तो कोई पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है। आम शहरियों की बात करें तो सबसे अधिक समस्या सड़क, नालियों एवं कचरा कुप्रबंधन की है। समुचित जल निकासी व्यवस्था न होने के कारण बरसात के दिनों में कई जगह लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जाता है। ठोस कचरे का कुप्रबंधन भी एक गंभीर समस्या है। वैसे तो चुनावी रण में उतरे प्रतिनिधि इन सारी समस्याओं को समाप्त कर विकास की गंगा बहाने की बात करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि नगरों की समस्याएं नहीं जाती। मतदाता हर बार अपने को ठगा महसूस करता है। निकाय चुनाव में ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करे जो मूल समस्याओं के प्रति गंभीर हो तथा उसमे इनसे निपटने की योग्यता और क्षमता हो।

– **शिवेंद्र यादव,** कुशीनगर

### लोकप्रिय रेडियो

**प्रधानमंत्री** मोदी जी ने मन की बात के एक सौ एपिसोड पूरे कर लिये। दूरदर्शन के पहले रेडियो ही पूरे देश का लोकप्रिय सर्वसुलभ संचार माध्यम था और आज भी सुदूर कस्बों व गांवों में यह माध्यम उतना ही लोकप्रिय है। मोदी जी ने मन की बात के लिए रेडियो को चुनकर एक दूरगामी सोच का परिचय दिया। खेतों पर काम करते हुए कृषकए मजदूर तक रेडियो की अब भी आसान पहुंच संभव है! जिन गरीब परिवारों के पास टीवी नहीं है। उनके भी मनोरंजन का एकमात्र साधन आज भी रेडियो ही है और इस पर प्रधानमंत्री की नियमित रूप से प्रसारित होने वाली मन की बात लोगों को खूब लुभा रही है। प्रधानमंत्री ने संवाद की इस नई परंपरा में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करके लोगों के दिलो दिमाग में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की है। इनमें परीक्षा, पर्यावरण, खेती - किसानी, रोजगार अथवा खेलों-खिलाड़ियों समेत अनेक विषय शामिल हैं। मन की बात से रेडियो के उपयोग के अनेक नए आयाम सामने आए हैं। उम्मीद है कि आकाशवाणी भविष्य में इसका लाभ उठाएगी।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# सपा-बसपा ने पेशेवर माफियाओं को दिया संरक्षण: योगी

● मुख्यमंत्री ने लखनऊ, प्रयागराज व झांसी में जनसभाएं कर की भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रथम** चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज, झांसी और प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए जनसभाएं कीं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के तेलीबाग में आयोजित जनसभा में कहा कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार और स्थानीय निकाय की संस्थाओं में तारतम्यता हो तो कोई चीज नगरीय क्षेत्र में असंभव नहीं है। लखनऊ में 110 वार्ड हैं, यह भी सबसे बड़ा नगर निगम है। यहां भी भाजपा का बोर्ड बनेगा तो उसमें लखनऊ के विकास से जुड़े हुए हर कार्यक्रम समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा ने विकास तो सपा-बसपा ने पेशेवर माफियाओं को संरक्षण दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के तेलीबाग में भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्यों को जनता का अपार समर्थन मिला है। 37 जनपदों में चुनाव होंगे। ऐसे में लगभग सभी बड़े नगरों में मैंने अपार जनसमर्थन देखा है। इससे मैं कह सकता हूं कि भारतीय जनता पार्टी को अपार सफलता मिलेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि आपको पहले मतदानए फिर जलपान करना होगा। आप सभी भारी संख्या में मतदान करिए क्योंकि यह आपका केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनता को बुनियादी सुविधा दिलाने वाला बोर्ड होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने झांसी में आयोजित जनसभा में कहा कि बुंदेलखंड आजादी के बाद जिस आस के साथ विकास की प्रक्रिया के साथ जुड़ने का विश्वास लगा, हुए था, उन लोगों ने विकास के लिए कभी इधर नहीं झांका। इस क्षेत्र में उनके गुर्गे संसाधनों में डकैती डालने से गुरेज नहीं करते थे। एक समय ऐसा लगता था कि जैसे ये लोग बुंदेलखंड के प्राकृतिक संसाधन के साथ यहां की इज्जत भी लूट रहे हैं। हम सब पीएम मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने विकास का विजन दिया। बुंदेलखंड के लिए डिफेन्स कॉरिडोर का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने इसी झांसी में किया है। भारत डायनामिक्स का बेहतरीन प्लांट भी यहां लग रहा है। इससे हजारों नौजवानों को रोजगार मिलेगा। पीएम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर दिया है। उसके झांसी लिंक का काम हम शुरू करने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में हमने झांसी बुंदेलखंड औद्योगिक अथॉरिटी के निर्माण के लिए छह हजार करोड़ रुपये की घोषणा की है। राज्य सरकार ने पैसा आवंटित कर दिया है। बुंदेलखंड का कोई नौजवान अब दुनिया या देश के अन्य क्षेत्रों में नहीं जायेगाए बल्कि उसे यहीं रोजगार मिलेगा। बाहर से लोग यहां नौकरी करने आएंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड जल के संकट से जूझता था। हर घर नल की योजना के जरिये अगले तीन चार महीनों में बुंदेलखंड के सातों जनपदों में शुद्ध पेयजल पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बुंदेलखंड में किसी नेता का गुर्गा यहां के संसाधनों पर डकैती नहीं डाल सकता। सरकार ने पहले से कह रखा है कि किसी गरीब और शरीफ को छेड़ना नहीं हैए लेकिन किसी गुंडे किसी अपराधी को सीना तानकर चलने नहीं देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक लाख इक्कीस हजार गांवों में बिजली पहुंचाने का काम किया गया। जो काम भाई-बहन और बुआ-बबुआ की पार्टी नहीं कर पाई थी। मात्र पांच वर्ष में डबल इंजन की सरकार ने गांव गांव में बिजली पहुंचाकर एक करोड़ पचपन लाख गरीबों को फ्री में बिजली का कनेक्शन दिया। योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में कहा कि आज नगरों में किसी प्रकार का शोहदों का आतंक नहीं है। आज हमारे नगर सेफ सिटी (सुरक्षित शहर) हो रहे हैं। लड़कियां सुरक्षित स्कूल जा सकती हैं।

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने योगी का किया भव्य स्वागत

● कहा, कर्मयोगी सीएम के लिए प्रदेश का विकास है तपस्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरोजनीनगर** में स्थानीय भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनसभा में हिस्सा लेने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया। राजेश्वर सिंह ने जनसभा को सफल बनाने के लिए अपना पूरा दमखम लगाया और भाजपा की महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल व सभी पार्षद प्रत्याशियों के साथ-साथ नगर पंचायत बंथरा से अध्यक्ष प्रत्याशी शांति देवी एवं सभी सभासद प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डालने की अपील की। सीएम योगी का स्वागत करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि वे ऐसे योद्धा हैं जिनकी प्रचंड इच्छाशक्ति ने माफियाओं को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया हैं। वे ऐसे शूरवीर हैं जिन्होंने जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद को प्रदेश से जड़ से खत्म किया। वे एक ऐसे तपस्वी योगी हैं जो धर्म युद्ध लड़ रहे हैं और जिनके नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। वे ऐसे कर्मयोगी हैं जिन्होंने प्रदेश के विकास को ही तपस्या माना है। वे ऐसे महानायक हैं जो प्रदेश के युवाओं के सपनों को साकार कर रहे हैं और महिलाओं को सम्मान दिला रहे हैं, वे ऐसे सीएम का जो पूरे देश का गौरव हैं।

इसके साथ ही उन्होंने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा-बसपा ने माफियाओं को टिकट दिया, उनके काल में प्रदेश में गुंडा राज रहता था। लेकिन सीएम योगी ने प्रदेश की कानून का राज स्थापित किया। आज प्रदेश में देश के सर्वाधिक एक्सप्रेसवे, हवाईअड्डे, मेट्रो हैं, भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश एक विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित है।

बता दें कि सरोजनीनगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने चुनाव प्रचार अभियान को सफल बनाने के लिए अपना पूरी ताकत लगाई। प्रचार के पहले दिन से लेकिन अंतिम दिन तक कई भव्य चुनावी रैलियां निकाली और जनसंपर्क किया। कभी पैदल घर-घर जाकर उन्होंने जनता से मिलकर तो कभी बाइक, जीप व बुलडोजर पर चढ़कर प्रत्याशी के लिए समर्थन जुटाया।

## चुनाव में विपक्षी दलों पर विभिन्न हथकंडे अपनाने का मायावती ने लगया आरोप

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने विपक्षी दलों पर नगर निकाय चुनाव में साम, दाम, दंड, भेद जैसे अनेक हथकंडे अपनाने का आरोप लगाया है। मायावती ने मंगलवार को कहा कि लोगों को वोट के अपने बहुमूल्य संवैधानिक हक और दायित्व के प्रति वफादार और ईमानदार रहते हुए मतदान करना है। मायावती ने कहा कि यूपी निकाय चुनावों के तहत चार मई को होने वाले पहले चरण के चुनाव हेतु हालांकि विरोधी पार्टियों ने साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों हथकंडों का लगातार इस्तेमाल किया है लेकिन लोगों को वोट के अपने बहुमूल्य संवैधानिक हक व दायित्व के प्रति वफ़ादार व ईमानदार रहकर ही वोट डालना है। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही, इस चुनाव के लिए भी भाजपा व अन्य विरोधी पार्टियों ने लुभावने वादों, हवा हवाई बातों तथा कागजी दावे करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है लेकिन वोटरों को इनके बहकावे में न आकर अपने व अपने क्षेत्र के हित एवं विकास के लिए बीएसपी उम्मीदवारों को ही वोट देने की अपील।

## भारत की आजादी के विविध ऐतिहासिक पक्षों से बच्चों को कराया रूबरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजभवन** में चल रही मन की बात और आजादी का अमृत महोत्सव विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी में आज तीसरे दिन लखनऊ के लॉरेटो कान्वेंट स्कूल एवं बाल विद्या मन्दिर के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अन्य महानुभावों ने भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर प्रदर्शनी में रखी विवरण पुस्तिका में प्रदर्शनी सम्बन्धी अपने उद्गार भी अंकित किए। विद्यार्थी प्रदर्शनी के पटों में प्रदर्शित विवरण को जिज्ञासा के साथ देखते, पढ़ते और उस पर आपस में विषयगत चर्चाएं करते भी नजर आए। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के पदाधिकारियों ने मौके पर ही विद्यार्थियों की विविध जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें भारत की आजादी के विविध ऐतिहासिक पक्षों और प्रधानमंत्री के प्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात के बारे में कई विषयों पर जानकारी साझा की। प्रदर्शनी से प्रभावित विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी स्थल पर कई देशभक्ति के गीत गाकर मातृभूमि को नमन किया। भ्रमण पर आये विद्यार्थियों ने राजभवन की ऐतिहासिक इमारत में गांधी सभागार, जनकक्ष, प्रज्ञाकक्ष, कलाकक्ष, अतिथि कक्षों के अतिरिक्त इसके परिसर में पंचतंत्र वाटिकाए धनवंतरी वाटिका, कमलताल, बारादरी, चिड़ियाघर तथा उद्यानों आदि को भी देखा। विद्यार्थियों ने राजभवन की तरफ से वितरित पौष्टिक छाछ के पेय का आंनद भी लिया। बता दें कि गत रविवार 30 अप्रैल 2023 को राजभवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के सीधे प्रसारण के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा यहाँ के अन्नपूर्णा हाल में एक तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगायी गयी है। यह प्रदर्शनी ष्मन की बात और आजादी का अमृत महोत्सव पर आधारित है।

## बौद्ध परिपथ में होने वाले विकास कार्यों पर कोरियन डेलीगेट्स के साथ हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विशेष** सचिव पर्यटन एवं निदेशक पर्यटन उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को पर्यटन भवन के सभागार में पर्यटन से संबंधित पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कोरियन डेलीगेट्स के आठ पदाधिकारियों के समक्ष विभागीय कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष सचिव पर्यटन, निदेशक पर्यटन एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। इस दौरान विशेष सचिव तथा निदेशक पर्यटन द्वारा प्रदेश के बौद्ध परिपथ में होने वाले विकास कार्यों की चर्चा की गई तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन में निवेश के अवसरों पर आधारित पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन दिया गया, जिसमें निवेश हेतु उपलब्ध भूमि, पर्यटन नीति 2022 तथा पीपीपी माडल पर लीज पर दी जा रही आवासीय ईकाइयों इत्यादि पर आये हुए अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस कार्यक्रम में कोरिया के विदेशी कार्य, संस्कृति, कला, वेलनेस टूरिज्म, बजट, अन्तर्राष्ट्रीय आयुक्त इत्यादि के अधिकारियों द्वारा विचार रखे गये। कोरियन डेलीगेट्स द्वारा उत्तर प्रदेश पर्यटन के अधिकारियों को सितम्बर 2023 में कोरिया में आयोजित होने वाले 'अन्तर्राष्ट्रीय वेलनेस कान्क्लेव' के लिए आमंत्रित किया गया।

## आम जनता में कांग्रेस के पक्ष में बनता दिख रहा है माहौल: खाबरी

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जनता से की कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में हो रहे नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण के प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वरिष्ठ कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं, फिल्म जगत के प्रसिद्ध कलाकारों ने व्यापक स्तर पर प्रचार किया। इस दौरान प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो, जनसम्पर्क, जन सभाएं, नुक्कड़ सभा के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए जनता से वोट मांगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से कोरोना काल में आम जनमानस को राहत पहुंचाने का कार्य किया है तथा महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, किसानों, व्यापारियों आदि के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनहित में संघर्ष किया है, उससे आम जनता में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनता दिख रहा है। खाबरी ने नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण के होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में हाथ के पंजे पर मोहर लगाकर विजयी बनाने की अपील की है।

## सपा का संकल्प सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना: डॉ. मधु गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी की राष्ट्रीय सचिव पूर्व एमएलसी डॉ. मधु गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी का संकल्प सभी क्षेत्रों में विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट के साथ शिक्षा स्वास्थ्य को सुधारने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। समाजवादी पार्टी द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सफाई कर्मियों को विशेष उपकरण मुहैया कराये जाएंगे। समाजवादी पार्टी महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वूमेन हेल्पलाइन 1090 समाजवादी पार्टी की सरकार में शुरू की गई थी। प्रसूताओं और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल लाने ले जाने के लिए 102, 108 एम्बूलेंस सुचारू रूप से चलाई गई थी। डॉ. मधु गुप्ता ने यह बात मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचाव के लिए अस्पतालों एवं कैंसर इन्स्टीट्यूट में इलाज की समुचित व्यवस्था हर स्तर पर करायी जाएगी। जल भराव, अतिक्रमण, गड्ढ़ा एवं कूडा निस्तारण का स्थायी निदान किया जाएगा। व्यापारियों, शिक्षकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी स्वच्छ, सुन्दर और सुरक्षित तथा हराभरा शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर मौजूद मीरा वर्धन ने कहा कि अखिलेश यादव में विकास का नया विजन है। उनके नेतृत्व में ही प्रदेश का विकास हुआ है।

## भाजपा के इशारे पर छानबे विधानसभा उपचुनाव में पुलिस कर रही निरंकुशता का प्रदर्शन: अरविंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन आयुक्त निर्वाचन, नई दिल्ली को भेजे शिकायती पत्र में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि जनपद मिर्जापुर की विधानसभा क्षेत्र 395 छानबे में सत्तापक्ष भाजपा के इशारे पर पुलिस पूरी तरह से निरंकुशता का प्रदर्शन कर रही है। खुलेआम समाजवादी पार्टी के समर्थकों, प्रमुख कार्यकर्ताओं, प्रधानों व अन्य सम्मानित लोगों को थाने में बुलाकर भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने और डलवाने का दबाव बना रही है। ऐसा न करने पर उन्हें फर्जी मुकदमे लिखकर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। इसी क्रम में शिवमणि यादव ग्राम करारी थाना जिगना, योगेश यादव थाना हलिया व राज नारायण पाल प्रधान थाना लालगंज आदि को थाने में बुलाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने व डलवाने के लिए धमकाया और प्रताड़ित किया गया। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि यदि पुलिस प्रशासन की निरंकुशता पर नियन्त्रण नहीं किया गया तो निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव सम्भव नहीं होंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 21 मई को

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत कार्यपालक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 मई के स्थान पर अब प्रदेश में 21 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेश के प्रत्येक जिले में सभी प्रकार के दीवानी वाद, अपराधिक वाद एवं राजस्व वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौतो के आधार पर त्वरित निस्तारित किया जायेगा।

## राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमे की अर्जी पर जांच का आदेश

**लखनऊ (विसं)।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के अकोला में महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर जी को अंग्रेजो का नौकर बताने के कथित मामले में पूर्व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल परिवाद पर अदालत ने जांच का आदेश दिया है। एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने थानाध्यक्ष हजरतगंज को निर्देशित किया है कि वो परिवाद में लगाए गए आरोप की जांच किसी उपनिरीक्षक से कराकर एक माह में उसके परिणाम से अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई दो जून को होगी। बीते नवंबर माह में यह परिवाद वकील नृपेंद्र पांडेय ने दाखिल किया था। उनका आरोप है कि 17 नवंबर 2022 को राहुल गांधी ने समाज में वैमस्यता और द्वेष फैलाने की मंशा से वीर सावरकर जी के व्यक्तित्व पर अर्नगल दोषारोपण करते हुए एक प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बात कही थी। उनके वक्तव्यों से वह न सिर्फ हतप्रभ है बल्कि उसे मानसिक व शारीरिक आघात भी पहुंचा है।

## केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल व पीएसी की कड़ी निगरानी में कल होगा मतदान

● चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस और सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रदेश पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है। युपी पुलिस के साथ ही साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और पीएसी की कड़ी निगरानी में 4 मई को मतदान होगा। प्रथम चरण का चुनाव प्रचार मंगलवार को शाम पांच बजे समाप्त हो गया। मतदान 4 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होना नियत है।

प्रथम चरण की पोलिंग पार्टियों को प्रत्येक जनपद में चिन्हित स्थानों से तीन मई को प्रात: आठ बजे से बूथों पर जाएगा। राज्य के स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस मुख्यालय स्थित चुनाव प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों के मतदान केन्द्रों की संवेदनशीलता का विविध कारकों के आधार पर आंकलन करते हुए अतिसंवेदनशील प्लस तथा अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों का चिन्हीकरण करते हुए योजनाबद्ध पुलिस प्रबन्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 37 जनपदों (33 पुलिस जनपद व 4 पुलिस कमिश्नरेट) में 10 नगर निगम, 104 नगर पालिका परिषद एवं 276 नगर पंचायत के पदों के लिए मतदान होगा। जिसके लिए 7372 मतदान केन्द्र तथा 23614 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चिन्हित समस्त अतिसंवेदनशील प्लस व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है ।



प्रथम चरण के मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए यूपी पुलिस के 19880 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर, एक लाख एक हजार 477 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, 47 हजार 985 होमगार्ड्स, 7500 प्रशिक्षणाधीन सब इंस्पेक्टर के अलावा 86 कंपनी 2 प्लाटून पीएसी बल, 35 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

**प्रशांत कुमार**
**स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था**

### एक माह से अभियान चलाकर की गई निरोधात्मक कार्रवाई

**स्पेशल** डीजी ने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत सभी जिलों में पहले ही निरोधात्मक कार्रवाई भी पुलिस के स्तर पर की जा चुकी है। प्रदेश के समस्त जिलों में अराजक, असामाजिक तथा आपराधिक तत्वों के विरुद्ध विगत एक माह से अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्रवाई की गई। समस्त जिलों में 15698 गैर जमानतीय वारंटियों, 6354 वांछित अभियुक्तों तथा 281 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। 14 अभियुक्तों को रासुका के अन्तर्गत निरुद्ध किया गया। गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत 1101 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर 831 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गुंडा अधिनियम के अन्तर्गत 7337 अभियुक्तों का चालान करते हुए 2012 अभियुक्तों को जिला बदर कराया गया। 42 फैक्ट्री निर्मित आग्नेय शस्त्र, 2958 देशी आग्नेय शस्त्र, 4510 कारतूस, 3470.37 किग्रा विस्फोटक सामग्री, 91 शस्त्र फैक्ट्रियों का भंडाफोड करते हुए 896 अवैध शस्त्र बरामद किए गए और 158 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त 987 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 37 करोड़ रुपए अनुमानित मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया गया। 10694 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 299728 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। 766 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 765 अवैध शराब की भट्ठियां बरामद की गईं। शांति भंग की आशंका के दृष्टिगत चिन्हित 55390 व्यक्तियों को 151 दप्रसं के अन्तर्गत निरुद्ध किया गया तथा चिन्हित 648604 व्यक्तियों को 107,116/ 116(3) दप्रसं के अन्तर्गत मुचलके से पाबंद कराया गया। 73 चिन्हित अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में पैरवी कर जमानत निरस्त कराई गई ।

#### 9109 चेक पोस्ट स्थापित कर कराई जा रही सघन चेकिंग

प्रदेश के समस्त जिलों में 9109 नाका/ चेक पोस्ट स्थापित कर सघन चेकिंग कराई जा रही है। इस क्रम में इन नाका//चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान 819789 वाहनों का चालान तथा 7426 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सीज की कार्रवाई की गई।

नगर निकाय निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत समस्त जनपदों के अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सतर्क व सक्रिय करते हुए विद्वेषकारी तत्वों तथा आपत्तिजनक, उत्तेजनात्मक, भड़काऊ पोस्ट करने वाले अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी विधिक कार्रवाई कराई जा रही है।

पुलिस मुख्यालय स्तर से चुनाव नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए शिफ्टवार राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर समस्त कार्रवाई तथा निर्वाचन प्रक्रिया का गहन अनुशीलन किया जा रहा है। स्पेशल डीजी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस नगरीय निकाय निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष व सकुशल कराने के लिए कटिबद्ध है।

## व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने डिप्टीसीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**व्यापार** मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उप मुख्यमंत्री ने व्यापार मंडल की सभी मांगों को मानते हुए उन्हें पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार व्यापारियों के साथ हैं। व्यापारी के हित की सभी मांगे पूरी की जाएंगी।

उन्होंने व्यापारियों से भाजपा की महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल को भारी मतों से विजई बनाने के लिए अपील की। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की तरफ़से शहर की तमाम समस्याओं को निजात दिलाने के लिए भाजपा की महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल को लखनऊ व्यापार मंडल का समर्थन देते हुए उन्हें विजयी बनाने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, सचेतक अनिल वर्मानी, महामंत्री विनोद अग्रवाल, अभिषेक खरे, उमेश शर्मा, जितेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजू आदि उपस्थित रहे।

## कैंसर हटाकर जीभ के पुनर्निर्माण में विशेषज्ञों को मिली सफलता

**लखनऊ।** कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने जीभ के कैंसर से पीड़ित एक युवक का कैंसर हटाकर जीभ के पुनर्निर्माण में सफलता पाई है। इसके लिए संस्थान में पहली बार माइक्रोवास्कुलर सर्जरी की गई। सफल परिणाम के साथ ही विशेषज्ञों ने फ्री रेडियल आर्टरी फोरआर्म फ्लैप के साथ जीभ का पुनर्निर्माण किया गया। बीते 6 अप्रैल को केएसएससीआई की ईएनटी ओपीडी में एक 56 वर्षीय रोगी ओपीडी परामर्श के लिये पहुँचा। मरीज को लगभग 4 महीने तक ठीक न होने वाले अल्सर और जीभ के बाएं किनारे पर दर्द की शिकायत थी। जब मरीज की हिस्टोपैथोलॉजी जांच कराई गयी तो उसे स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा के रूप में रोग की पुष्टि हुई और जीभ के कैंसर के मामले की पहचान की गयी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 मई, 2023



# अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध होगी एफआईआर

● डीएम ने कहा कि यदि कोई कार्मिक अस्वस्थ है तो भी वह पार्टी रवानगी स्थल पर रिपोर्ट करेगा। मौजूद चिकित्सीय दल द्वारा उसके स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत ही आरओ अंतिम निर्णय लेगा।

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जिला** निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए 03 मई को पार्टी रवानगी के दौरान यदि किसी पोलिंग पार्टी का मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहता है तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। संबंधित कार्मिक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए विभागीय कार्यवाही भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन राज्य निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। बताया कि यदि कोई कार्मिक अस्वस्थ है तो भी वह पार्टी रवानगी स्थल पर रिपोर्ट करेगा। रिटर्निंग ऑफिसर से संपर्क करेंगे। आरओ के निर्देश पर वहां मौजूद चिकित्सीय दल उसके स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत ही अंतिम निर्णय लेगा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर निकाय चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों/ कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अधिकारोंध्कर्तव्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नगर निकाय चुनाव -2023 के क्रम में प्रथम चरण के अन्तर्गत जनपद खीरी में 4 मई, 23 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत आज 2 मई, 23 को जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन परिसर में चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त जोनल/ सेक्टर पुलिस अधिकारीगण, नागरिक पुलिस व होमगार्ड के अधिकारी व कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर मतदान के दिन पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अधिकारों/कर्तव्यों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। साथ ही मतदान के दौरान किसी भी सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करते हुए निर्बाध रूप से चुनाव सकुशल संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक खीरी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, संबंधित थाना प्रभारीगण सम्मिलित हुए।

## कल 4 मई को दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान में रहेगी बंदी

**लखीमपुर खीरी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के सम्बन्ध में श्रम अनुभाग -3 उप्र शासन लखनऊ द्वारा जारी अधिसूचना के अनुक्रम में जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने मतदान की वास्तविक तिथि 04 मई को उप्र दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा 8 के अन्तर्गत् सार्वजनिक अवकाश का दिन घोषित किया है। उक्त जानकारी सहायक श्रमायुक्त डॉ महेश कुमार पांडेय ने दी। बताया कि जनपद के नगर पालिका क्षेत्र क्रमश लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मदी, पलिया, नगर पंचायत क्षेत्र क्रमशः खीरी टाउन, ओयल, मैलानी, बरबर, धौरहरा, सिंगाही भिण्डौरा, निघासन, भीरा तथा नोटिफाइड एरिया क्रमशः तिकोनिया, मैगलगंज, मितौली में स्थित सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों में मतदान की तिथि 04 मई 2023 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित् किया जाये।

# पुलिस ने पकड़ी 510 पेटी शराब चार शराब तस्कर किए गिरफ्तार

**संवाददाता।** बरेली।

● जामा तलाशी में एक लाख दस हजार नगद व दो मोबाइल बरामद किए

● पकड़ी गई शराब की कीमत 25 लाख बताई गई

● क्यूआर कोड बदलकर शराब को लाते थे और वाहनों को नंबर प्लेट बदलकर उनके द्वारा माल भेजते थे

**एसएसपी** के निर्देश पर शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज सीबीगंज पुलिस एसओजी की टीम और आबकारी विभाग ने रामपुर की ओर से आ रहे ट्रक में तलाशी के दौरान 510 पेटी शराब पकड़ी है जिसकी कीमत 25 लाख है। ट्रक के आगे एक सफेद रंग की बोलेरो कार भी चल रही थी जो कि ट्रक को रास्ता बताती आ रही थी रामपुर रोड पर शिफा होटल से आगे 50 कदम की दूरी पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने ट्रक को रोका तो दो व्यक्ति ट्रक को खड़ा करके भागने में प्रयास कर रहे थे और को मौके पर ही पकड़ लिया गया पकड़े गए ट्रक पर आगे की नंबर प्लेट पर आर जे 27 जी सी 702 लिखा था जबकि पिछले नंबर प्लेट पर आरजे 27 जीसी 7012 लिखा था अभियुक्तों ने बताया कि वह क्यूआर कोड बदलकर शराब को लाते थे और वाहनों को नंबर प्लेट बदलकर उनके द्वारा माल भेजते थे 510 पेटी शराब पकड़ी गई है। बताया कि संतोष पटेल निवासी चनहेटा कैन्ट , राजीव पटेल पुत्र कन्हैयालाल निवासी बिथरी चौनपुर और सोनू सिंह निवासी सुरेश शर्मा नगर बारादरी को बेचना 3 लोगों ने माल मंगवाया था अमर सिंह पुत्र तस्वीर सिंह बिलासपुर जनपद रामपुर , नितिन गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राकेश गुप्ता निवासी नकटिया थाना कैन्ट , विकास गुप्ता पुत्र रमेश चंद थाना डिफेन्स कालोनी नकटिया कैंट , मनोज कुमार शर्मा पुत्र किशन लाल शर्मा निवासी जयन्त इंकलेब नकटिया थाना कैंट इनके पास एक कार एक ट्रक बरामद किया है और जामा तलाशी में एक लाख दस हजार नगद व दो मोबाइल बरामद किए हैं पुलिस टीम में दरोगा कुमार संजय कुमार, विकास कुमार, आशीष कुमार , एसओजी प्रभारी टीम सर्विलांस टीम पर आबकारी निरीक्षक विनय कुमार तिवारी , प्रेमनाथ पटेल , आनंद , मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# थम गया चुनाव प्रचार

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**आज** शाम 5: 00 बजे निकाय चुनाव का प्रचार हुआ समाप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने पूरी ताकत लगा दी और घर घर जाकर मांगे वोट, प्रचार में लगे वाहन भी रुके, चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर 21 अप्रैल से शुरू हुआ राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों का प्रचार आज शाम रुक गया 4 मई को मतदान सुबह से शुरू होकर शाम तक चलेगा भाजपा सपा कांग्रेश और बसपा सहित अन्य प्रत्याशियों ने लगातार जनसंपर्क अभियान तेजी से चलाया और सभी मतदाताओं से अपने अपने पक्ष में वोट डालने की अपील की वहीं चुनाव में इस बार मतदाता पूरी तरह खामोश दिखाई दे रहा है किसी भी प्रत्याशी के साथ खुलकर अभी तक देखने को नहीं मिला है वही सभासद का चुनाव भी बगैर किसी शोर.शराबे के बहुत ही धीमी गति से घर.घर जाकर वोट मांगने का सिलसिला जारी है सभी प्रत्याशी अपनी.अपनी जीत बताकर मतदान करने की अपील कर रहे हैंए मगर मतदाता इस बार सभी से वोट देने की बात कहकर असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है किसी के साथ खुलकर अभी तक आम जनमानस सामने नहीं आया है इसी वजह से सभी दलों के प्रत्याशियों की धड़कन में बढ़ी हुई है 4 मई को मतदान के बाद 13 मई तक चुनावी गणित लगने की संभावना जताई जा रही है वही प्रचार का शोर समाप्त हो जाने के बाद प्रत्याशियों के शुभचिंतक एक दूसरे के घरों में जाकर बैठकों का दौर जारी रख रहे हैं देखना है ऊंट किस करवट बैठता है।

## अध्यक्ष पद के बैलेट का रंग होगा हरा व सफेद

**लखीमपुर खीरी।** निकाय चुनाव में मतदान के दौरान मिलने वाले बैलेट पेपर का रंग राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्धारित कर दिया है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि नगरपालिका परिषद लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मदी एवं पलिया के अध्यक्ष पद का बैलेट पेपर हरे रंग का व नगर पंचायत खीरी, ओयल ढकवा, बरबर, मैलानी, धौराहरा, भीरा, सिंगाही, निघासन के अध्यक्ष पद का बैलेट पेपर सफेद रंग का होगा। 12 नगरीय निकायों में सदस्य पद के लिए मिलने वाला बैलेट पेपर गुलाबी रंग का होगा। जिले में निकाय चुनाव के लिए मतदान 04 मई को होना है। मतदान के लिए प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। एडीएम ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिए निर्देशों से कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान अवगत करा दिया गया है।

## छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलिंग सेशन का किया गया आयोजन

**संवाददाता।** लखीमपुरखीरी

**लखनऊ** पब्लिक स्कूल में सीनियर वर्ग के छात्र .छात्राओं के लिए काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। साइको.शिक्षा सेशन का उद्देश्य छात्र.छात्राओं में वर्तमान परिवेश में आने वाली विभिन्न समस्याओं का निवारण करना था। सेशन के काउंसलर डॉ. संजय कुमार, प्रोफेसर राजनीति शास्त्र, युवराज दत्त महाविद्यालय रहे। जिन्होंने युवा अवस्था में आने वाली समस्याओं यथा स्वाभाविक क्रोध पर नियंत्रण, तनाव-मुक्त शिक्षा एवं सामाजिक व व्यवहारिक समन्वय का उचित स्थापन आदि पर बल दिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को डॉ. कुमार के सम्मुख रखा एवं उन्होंने इसका उचित मनोवैज्ञानिक निराकरण दिया। कार्यक्रम के समायोजक अनुराग मिश्र, ब्रांच काउंसलर लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यालय के सीनियर इंचार्ज अखिलेश सक्सेना ने डॉ. संजय कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट किया एवं छात्र -छात्राओं के उचित मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



# माला राठौर के समर्थन में किया घर-घर जाकर सम्पर्क

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**मंगलवार** को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में सपाइयों ने महापौर प्रत्याशी माला राठौर के समर्थन में काशीराम कालोनी में घर घर जाकर सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर महापौर प्रत्याशी माला राठौर ने बुजुर्गों से जीत का आशीर्वाद माँगा इस दौरान काशीराम कालोनी में प्रत्याशी के समर्थन के नारे लगाते हुए कहा पार्टी कार्यकर्ताओं ने पालिका परिषद का इतिहास दोहराया दोहराने की अपील की इस मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा इसबार जनता ने मन बना लिया है कि अहंकार का विनाश होगा और आम आदमी का राज होगा महापौर के पद पर सपा प्रत्याशी माला राठौर जीत दिलाकर विरोधियों को जवाब देंगे उन्होंने कहा सपा की कैंडिडेट की कन्वेसिंग में हर दिन लोगो की भीड़ इस सच का अहसास करा रही है इस बार फिरसे सपा पालिका परिषद का इतिहास दोहराने वाली है और सपा को जीत दिलाने वाली है उन्होंने कहा कि लोगों ने कई समस्याओं से अवगत कराया है। शहर की गलियों को खोद दिया गया है। लोगों का दरवाजों से निकलना मुश्किल हो गया है। कई-कई दिन तक पानी नहीं आता है। बिजली खराब होने पर तीन-तीन महीने ठीक नही कराई जाती है। उन्होंने जनता से वादा किया है कि सपा प्रत्याशी की जीत होने पर इन समस्याओं को दूर किया जाएगा। इस मौके पर सपा प्रत्याशी माला राठौर के ससुर सर्वेश राठौर ,सैयद रिजवान,राधे श्याम यादव, रामजी अवस्थी, सरताज मंसूरी, नितिन सक्सेना,हारून,सोनू,मोबिन,चाँद साबरी ,अतुल मौर्या सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और समर्थक रहे मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बसपा प्रत्याशी ने किया शहर का तूफानी दौरा

**लखीमपुर खीरी।** नगर निकाय चुनाव के करीब आते ही राजनीतिक दल के प्रत्याशी अपने.अपने प्रत्याशियों को जिताने में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार अंजू सुबोध मिश्रा ने आज तूफानी दौरा किया। इस दौरान हजारों की कार्यकर्ताओं में महिला पुरुष बुद्धिजीवी वर्ग के लोग ने अंजू सुबोध मिश्रा के पक्ष में वोट मांगे इस दौरान शहर के सब्जी मंडी सुंदर नगर पंजाबी कॉलोनी खपरैल बाजार में लोगों से हाथी चुनाव निशान पर वोट देने की अपील की। इस दौरान बड़े बुजुर्ग महिलाओं ने अंजू सुबोध सर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दिया अंजू सुबोध मिश्रा को मिल रहा है। जनता का अपार समर्थन अंजू सुबोध मिश्रा जिंदाबाद बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद बहन कुमारी मायावती जिंदाबाद के नारे से गूंज उठा वातावरण। इस दौरान बीएसपी जिलाध्यक्ष जय वीर गौतम शिव कुमार मिश्रा राजेश अवस्थी वीरेंद्र अवस्थी धर्मेंद्र अवस्थी एडवोकेट जुगल किशोर शुक्ला विपिन मिश्रा पुनीत मिश्रा अमर सिंह धीरज शुक्ला दीपांशु मिश्रा हरीश अवस्थी शिवपूजन लाल मिश्रा कृष्णपाल मिश्रा मंडल कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।



### भाजपा प्रत्याशी ने कई मोहल्लों में जनसम्पर्क कर वोट मांगे

**शाहजहांपुर।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने महानगर के कई मोहल्ले का दौरा कर समर्थन जुटाया। इस मौके पर उन्होंने ने जीत के बाद महानगर में विकास करने का भरोसा भी दिया। मंगलवार को भाजपा की मेयर प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने महानगर के मोहल्ला सिविल लाइंस, भारद्वाज कॉलोनी, कटिया टोला आदि में डोर टू डोर जाकर वोट मांगे। इस मौके पर उन्होंने लोगो से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों ने हर क्षेत्र में विकास किया है। जब यहां भाजपा का मेयर बनेगा तो और तेजी से विकास कार्य किए जायेगे। उन्होंने भाजपा को वोट देने की अपील की। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख क्षमा वर्मा, सुशील सक्सेना, हेमा अग्रवाल, दिव्यांश कोविद सिंह आदि मौजूद रहे।



### समलैंगिक विवाह के विरोध में उतरे संगठन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** समलैंगिक व्यक्तियों के विवाह को मान्यता को लेकर लगातार संगठनों का विरोध बढ़ता जा रहा है। समलैंगिक व्यक्तियों के विवाह को लेकर कोर्ट के निर्णय को लोग समाज के लिए एक अभिशाप मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस निर्णय से मानवता का पतन हो जाएगा। भारतीय सांस्कृतिक परम्पराओं, धार्मिक सिद्धान्तों एवं सामाजिक मूल्यों को बचाने के लिए आज कई संगठनों ने एकत्र होकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।इस दौरान उन्होंने बताया उन्हें मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है न्यायालय द्वारा ष्समलैंगिकों के विवाहष् के सम्बन्ध में की जा रही सुनवाई में भारतीय सामाजिक संरचना में सदियों से केवल जैविक पुरूष एवं जैविक महिला के मध्य विवाह को मान्यता दी गई है। विवाह की संस्था न केवल दो विषम लैंगिकों का मिलन है। यह मानव जाति की उन्नति एवं उत्पत्ति का आधार भी है। भारत के सभी सम्प्रदायों में केवल विपरीत लिंग के दो व्यक्तियों के विवाह को मान्यता दी गई है और इस पवित्र मिलन को सामाजिक संरचना के विकास का आधार माना गया है। मगर भारत के न्यायालय द्वारा भारत के मानवाधिकारों का उल्लंघन कर और सामाजिक तानाबाना के विपरीत समलैंगिकों के विवाह की सनुवाई पर बहुत तत्परता से सुनवाई की जा रही है, जिससे भारत के मानवीय संरचना में बहुत ही तीक्ष्ण दुष्प्रभाव और मानसिक उत्पीड़न अनुभव हो रहा है। इस दौरान विश्व जागृति मिशन, प्रान्तीय उद्योग व्यापार मंडल, बरेली सनातन धर्म सभा, करूणा सेवा समिति, पंजाबी संगठन, उत्तर प्रदेश, पर्वतीय समाज, सेन्ट्रल गुरु पर्व समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।



### ददरौल क्षेत्र के विधायक पुत्र पर ज्यादती का आरोप

**शाहजहांपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रो रो कर अपना दर्द ब्यान करने वाले पीड़ित ने भाजपा के ददरौल क्षेत्र के विधायक के पुत्र की ज्यादती की दस्ता पहले पुलिस कप्तान को फिर मीडिया को सुनाते हुए न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की बात कह दी अपने साथ बीती की दस्ता सुनाते हुए फरियादी बार बार रोने लगता था बकौल पीड़ित एग्रीमेंट कराकर 80 हजार रूपए लिए थे जिसमे ब्याज की ज्यादती ने जीना मुश्किल कर दिया। थाना तिलहर क्षेत्र के ढकिया परवेजपुर गांव निवासी जगवीर सिंह ने एसपी एस आनंद को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि, वर्ष 2019 में उन्होंने भाजपा विधायक के बेटे से जरूरत पढ़ने पर अपनी जमीन देकर एग्रीमेंट कराकर 80 हजार रुपये लिए थे। उसके बाद ब्याज समेत 1 लाख 35 हजार रुपये विधायक के बेटे को दे चुके हैं। लेकिन विधायक का बेटा अब चक्रवर्ती ब्याज के रूप में सात लाख से ज्यादा रुपये मांग रहा है। पीड़ित के मुताबिक, जब रुपये देने से इंकार किया तो, विधायक के बेटे ने जबरन उसकी बाइक, ट्रैक्टर और मशीन उठवा ली। तब विधायक के रिश्तेदारों से लेकर विधायक के पास भी गुहार लगाने गए, लेकिन कहीं सुनवाई नही हुई। अब विधायक का बेटा उसको पत्नी और बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर गांव छोड़ने को मजबूर कर रहा है। थाना तिलहर क्षेत्र के ढकिया परवेजपुर गांव निवासी जगवीर सिंह के मामले एसपी एस आनंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मामला गंभीर है इस मामले में क्षेत्राधिकारी को जाँच करने के आदेश दिए है।



### डा उजमा कमर ने देखे बच्चों के हुनर

**बरेली।** जीवनधारा पुनर्वास एवं शोध संस्थान की द्वितीय शाखा आकांक्षा एन्कलेव, मुशीनगर, डेलापीर पीलीभीत रोड डा0 उजमा कमर, अध्यक्षा, ह्यूमन चौन ने संस्थान का भ्रमण किया। डा0 उजमा कमर ने पहले संस्थान के विशेष विद्यालय का भ्रमण किया जहां उन्होने संस्थान में अध्ययनरत बौद्दिक अक्षम एवं श्रवण बाधिर बच्चों से परिचय किया तथा उनके द्वारा बानायी गई वोकेशनल सामग्री को देखा जिसमें दीपावली के दीये, जैली के दीये, लिफाफे, कैरी बैग, पैन स्टैण्ड, पेपर पैड, सजावट की झालरे, मेजपोश थम प्रिंटिग आदि तथा उनसे तैयार करने की विधि को भी पूछा।

# एडीएम ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर।



**अपर** जिलाधिकारी त्रिभुवन ने तहसील जलालाबाद में स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल मंडी समिति जलालाबाद का निरीक्षण किया, इस दौरान स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाए जाने में सावधानियां के लिए उप जिलाधिकारी और अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को सुझाव देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम में छिड़काव कर लिया जाए ताकि कीड़े मकोड़े आदि की समस्याएं न रहे। स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल पर पहुंचने के लिए अलग गैलरी बनाई जाए जिसमें जलालाबाद नगर पालिका के लिए अलग तथा अल्लाहगंज नगर पंचायत के लिए अलग-अलग हो। नगर पालिका जलालाबाद में कुल 12 मतगणना टेबल तथा तथा नगर पंचायत अल्हागंज में में 6 मतगणना टेबल लगाई जाएगी। प्रत्याशियों और कार्मिकों के आने जाने के लिए अलग अलग रास्ते बनाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल में एक ही वार्ड की गणना होगी।कुल 4 चक्रों में मतगणना कराई जाएगी। वीडियो कैमरा और सीसीटीवी कैमरा पर्याप्त संख्या में लगाया जाए। जालीदार बैरिकेडिंग तथा मजबूत बैरिकेडिंग लगाई जाए ताकि पूर्ण रूप से सुरक्षा हो। मतगणना स्थल के साथ मुख्य गेट पर भी माइक और साउंड की व्यवस्था रहे ताकि बाहरी दर्शकों और प्रत्याशियों को प्रत्येक चक्र का परिणाम स्पष्ट सुनाई दे। प्रेस मीडिया के लिए मुख्य गेट के पास बैठने की व्यवस्था की जाए तथा एक अधिकारी को नामित किया जाए जिससे मीडिया को समय-समय पर प्रत्येक चक्र की सूचना दे सकें। ऑनलाइन कंप्यूटर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित हो। साफ-सफाई पेयजल शौचालय आदि की व्यवस्था होइस मौके पर एसडीएम जलालाबाद सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदान कार्मिकों को बूथों का आवंटन आनलाइन सॉफ्टवेयर द्वारा

**शाहजहाँपुर।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ। रैण्डमाइजेशन के दौरान कुल नगर निगम एवं अन्य नगरीय निकायों हेतु कार्मिकों के बूथों का आवंटन जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एनआईसी के वीसी कक्ष में राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के आनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। शाहजहाँपुर नगर निगम के 325 मतदेय स्थलों में प्रत्येक पर 05 कार्मिक तथा अन्य नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के 329 मतदेय स्थलों पर प्रत्येक पर 04 कार्मिक तैनात किये जायेगें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह , अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा. त्रिभुवन, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डुगडुगी बजाकर 70 करोड़ की प्रॉपर्टी को पुलिस ने किया सील



**संवाददाता।** बरेली

**भू-माफिया** एलायंस बिल्डर के खिलाफदूसरे दिन भी पुलिस की कुर्की कार्रवाई जारी रही। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में डुगडुगी बजाकर महानगर स्थित पेट्रोल पंप, ऑफिस समेत 70 करोड़ की प्रॉपर्टी को पुलिस ने सील कर दिया है। 29 अप्रैल को डीएम शिवाकांत द्विवेदी ने एसएसपी की संस्तुति पर भूमिया 160 डी के गैंग लीडर मॉडल टाउन के रहने वाले रमनदीप सिंह, अमनदीप सिंह जनकपुरी के रहने वाले अरविंदर सिंह बग्गा, सतवीर सिंह बग्गा युवराज सिंह बग्गा और उनके पार्टनर हनी कुमार भाटिया की प्रॉपर्टी कुर्क कर प्रशासक तैनात करने के आदेश दिए थे। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस प्रशासन ने एलायंस बिल्डर के रेजिडेंसी गार्डन स्थित ऑफिस को सील कर दिया था। मंगलवार को मजिस्ट्रेट राम नैन सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर कैंट बलवीर सिंह, इंस्पेक्टर इज्जतनगर अरुण कुमार श्रीवास्तव की टीम महानगर पहुंची। महानगर में डुगडुगी बजाकर प्रॉपर्टी की कुर्की की मुनादी कराई गई। इसके बाद पेट्रोल पंप और भूमाफिआओं के स्वामित्व वाले भवन और जमीन को लोहे की चेन डालकर सील कर दिया गया।

# कप्तान ऑफिस में मां बेटी का हाई वोल्टेज ड्रामा

**संवाददाता।** बरेली



**एसएसएपी** ऑफिस के बाहर सोमवार को जमकर ड्रामा हुआ। 5 मिनट तक यहां महिलाओं में बाल पकड़कर थप्पड़ और लात चले। इस दौरान राहगीर अपने मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। हंगामे की सूचना पर महिला पुलिस और कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह महिलाओं में बीच बचाव कराया। पूरा मामला लव मैरिज करने का है। जहां 24 साल की युवती ने अपने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी की थी। पीड़िता सोमवार को सुरक्षा के सम्बंध में अपने प्रेमी के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची थी। बरेली के विलबा के पास का रहने वाला सुनील दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता। वहीं युवक की छह माह पहले दोस्ती दिल्ली के स्वरूप नगर निवासी कुमकुम से हुई और दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। जहां दोनों एक दूसरे से मोबाइल पर बात करने लगे। युवती भी प्राइवेट नौकरी करती थी। अप्रैल के पहले सप्ताह में युवती बिना अपने परिजनों को बताए घर से चली गई। 18 अप्रैल 2023 को दोनो ने संभल जिले के चन्दौसी में शादी कर ली। जहां युवक की रिश्तेदारी भी है। जैसे ही युवती के परिजनों को बेटी के शादी करने का पता चला तो वह धमकी देने लगे। युवती शादी के बाद अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। सोमवार को युवती अपने प्रेमी के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची। पुलिस ऑफिस में शिकायत पत्र देने के लिए युवती कचहरी भी गई, उसके बाद जब एसएसपी ऑफिस के मैन गेट पर पहुंची तभी युवती के परिवार की महिलाओं ने मारपीट शुरू कर दी। युवती की मां, भाभी और मामी ने कुमकुम को पकड़ लिया और जमकर मारपीट की। इस दौरान युवती का प्रेमी मौके से भाग गया। युवती की मां और भाभी ने बाल पकड़कर पीटना शुरू कर दिया, जिसमें युवती भी अपने परिवार की महिलाओं से भिड़ गई। युवती ने कहा कि मैंने अपनी मर्जी से शादी की है। इस पर खूब हंगामा हुआ। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ऑफिस के गेट पर पुलिसकर्मियों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। जिसके बाद महिला थाना पुलिस और कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस ने युवती के अलावा, मां, मामी और एक अन्य महिला को हिरासत में ले लिया है। सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# पुलिस ने किया बलऊ हत्याकांड का खुलासा, दो चचेरे भाई गिरफ्तार

● मकान कब्जाने को लेकर की गयी हत्या

**संवाददाता।** संडीला( हरदोई)



**तीन** दिन पूर्व नगर में हुए बलऊ हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो हत्यारे चचेरे भाईयों को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बरौनी निवासी बलऊ पुत्र चेतराम की 29/30 अप्रैल की रात ईंट से कूचकर हत्या करके शव को एक मैरिज लॉन के पास फेक दिया गया था। इस जघन्र हत्याकांड को लेकर नगर में सनसनी फैल गई थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर इस हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश देने के साथ फॉरेन्सिक टीम को भी जांच पर लगाया गया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने मृतक बलऊ के चचेरे भाई रामसेवक व विमलेश पुत्र रामअवतार निवासी मंगलबाजार को भुंइनदेवी मंदिर के पास से गिरफ्तार करके रक्तरंजित शर्ट बरामद की। हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक बलऊ के पिता चेतराम तथा हत्यारों के पिता रामअवतार तथा श्रीराम तीन भाई थे। जिनमें से श्रीराम नि:संतान थे। श्रीराम की मृत्यु के पश्चात बलऊ ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया था। इसी बात को लेकर रामसेवक तथा उसके भाई विमलेश से उसकी रंजिश चल रही थी। पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल की रात जब बलऊ खाना खाकर श्रीराम के मोहल्ला मंगलबाजार स्थित मकान में जाकर सोने के लिए निकला तो वहां रामसेवक पहले से मौजूद था। उसने बलऊ का पीछा किया और एक सुनसान गली में उसने पास में पड़ी हुई ईंट उठाकर उसके सिर पर पीछे से वार कर दिया। ईंट के प्रहार से बलऊ गिर गया, तब तक विमलेश भी आ गया। इन लोगों ने लगातार ईंट का प्रहार करके उसकी हत्या कर दी तथा चेहरे पर ईंट के कई वार करके उसके चेहरे को विक्रत करने का असफल प्रयास किया। बलऊ के मर जाने के बाद दोनों ने उसके शव को मैरिज लॉन के पास लेजाकर डाल दिया और वहां से गायब हो गए। इस घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई सकटू ने दर्ज कराई थी।

# पुलिस ने किया अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो अभियुक्त गिरफ्तार

● भारी मात्रा में तमंचे, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

● निकाय चुनाव को ध्यान में रख की गई कार्रवाई

**आलोक निगम।** बांदा



**पुलिस** ने आज एक अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पकड़े गए आरोपी लंबे समय से अवैध असलहा बनाने का काम कर रहे थे और यही अवैध असलहा जनपद और आसपास के जिलों में बेचा करते थे अवैध असलहे खरीदने वाले लोग इन्ही असलहों से दहशत फैला रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्रीनिवास मिश्र ने इस बात की पुष्टि की है कि अपराधी इन असलहों के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में गड़बड़ी फैला सकते थे। पूरा मामला बांदा जनपद के बिसंडा थाना क्षेत्र के थनैल गांव का है। जहां पर एक लंबे समय से अवैध असला फैक्ट्री संचालित थी। पुलिस ने छापेमारी करते हुए मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 18 देशी अवैध तमंचा 6 अधबने तमंचा एक देशी बंदूक के साथ असलहे बनाने का सामान छापेमारी के दौरान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक अवैध असलहे की खेप चुनाव के दौरान बेचनी थी। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चुनाव के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जा रही है। थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम थनैल में 2 व्यक्तियों द्वारा अपने पशुबाड़े में अवैध शस्त्रों का निर्माण किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा छापेमारी करते हुए घेराबंदी कर मौके से 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित अवैध तमंचे, कारतूस व शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण बरामद हुए हैं।

# जल जीवन मिशन योजना से हर घर में पहुंचाएं पेयजलः डीएम



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले** में चल रही जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत अतर सुई गांव के पास सिलौटा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का डीएम अभिषेक आनंद ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सीएलएफ फिल्टर हाउस, केमिकल हाउस, फिल्टर मीडिया, इनलेट, स्विचऑर्ड, पंप हाउस, फ्लोरिन बिल्डिंग, सीडब्ल्यू, ट्रांसफॉर्मर डीजी, कैस्केड एयरटेर आदि के कार्यों का निरीक्षण किए तथा बैठक कर चादीबागर में बन रहे इंटकवेल, अप्रोच रोड, फिल्टर मीडिया आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि यह योजना भारत सरकार व राज्य सरकार की योजना है इसमें मैन पावर बढ़ाकर स्पीड से कार्य कराएं एवं जीन गांव में पानी जा रहे हैं उन गांव में रेगुलर पानी जाना चाहिए एवं कोई घर कनेक्शन से न छूटे। कहा कि सी डब्ल्यू आर जितने हैं उसमें पंप स्टाल जल्द से जल्द कराएं। उन्होंने कहा कि जो विद्युत कार्य एवं अन्य छोटे कार्य छूटे हैं उसे तत्काल मैन पावर बढ़ाकर कराएं।

# सपा प्रत्याशी रमा देवी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**नगर** पंचायत के अध्यक्ष पद के सपा प्रत्याशी रमा देवी का मंगलवार को दिवंगत पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर के आवास पर चुनावी कार्यालय का शुभारम्भ दिग्गज सपाईयों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर सपा नेताओं ने कद्दावर दिवंगत पूर्व मंत्री व लगातार तीन बार विधायक रहे रामस्वरूप को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिये सपा को वोट देकर पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व प्रदेश महासचिव राजाराम पाल ने चुनावी कार्यालय शुभारम्भ के अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुये बताया कि दिग्गज सपा नेता रामस्वरूप सिंह गौर की रूरा व क्षेत्र में गहरी पकड़ व दबदबा था, उनके निधन के बाद सभी की जिम्मेदारी बनती है वह उनकी बहू रमा देवी को सहयोग व सर्मथन दे, सपा प्रत्याशी को जीत दिलाना ही पूर्व मंत्री को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन सपा प्रत्याशी के पुत्र पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज सिंह गौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी दिलीप यादव कल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख वेदव्यास निराला, जिलाध्यक्ष बबलू राजा, पूर्व जिलाध्यक्ष लाखन सिंह यादव, आदि ने संबोधित किया।

## प्रदेश महासचिव के साथ कांग्रेस प्रत्याशी रजोल शुक्ला ने मांगा आर्शीवाद



**रूरा, कानपुर देहात।** प्रदेश महासचिव व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीश सिंह गौर ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी श्याम बिहारी रजोल शुक्ला को जिताने के लिये लोगों से वोट मांगे, इस मौके पर कॉग्रेस प्रत्याशी को आर्शीवाद प्रदान करने का आवाहान करते हुये कस्बे में कांग्रेस को मजबूत करने की अपील की। भाजपा से टिकट न मिलने पर क्षुब्ध होकर पार्टी से बागी हुये रजोल शुक्ला को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया है। संघर्षशील प्रत्याशी का चुनाव दिन पर दिन आगे बढ़ रहा है और विपक्षी प्रत्याशियों को नई चुनौतियॉ से दो चार होना पड़ रहा है। कभी रूरा व आसपास के क्षेत्र में भाजपा का चेहरा रहे रजोल शुक्ला जमीनी व्यक्ति है, अपनी उपलब्धता, कर्मठता से उनका जनता से सीधा सम्पर्क व लगाव है, जिसका उनके चुनाव अभियान में फायदा मिलता दिख रहा है।

# सपा समर्थक अधिवक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**फतेहपुर।** नगर निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान समाजवादियों पर हाल में कायम किए गए एक मुकदमें को लेकर समजवादी पार्टी ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सपा के टिकट पर फतेहपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार मौर्य का चुनाव प्रभावित करने आदि के गंभीर आरोप लगाते हुए तमाम अधिवक्ताओं ने आज दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें सदर कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा को तत्काल पद से हटाने की पुरजोर मांग की गई है। साथ ही समाजवादियों पर कायम किए गए मुकदमें को बेजा कार्यवाही करार दिया गया है।

ज्ञातव्य रहे कि पूर्व में भी सपा प्रत्याशी द्वारा चुनाव आयोग को पत्र भेजकर प्रशासनिक व्यवस्था खासकर कोतवाली पुलिस को आरोपित किया गया था। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव समेत तमाम अधिवक्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे पालिका की सदर सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राज कुमार मौर्या द्वारा जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

# हॉल ऑफ फेम पुरस्कार से सम्मानित हुए राजा बुंदेला



**उरई,** जालौन। बुंदेलखंड की मिट्टी में जन्मे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष और फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला को सिंटा ने हॉल ऑफ फेम से सम्मानित किया। राजा बुंदेला राजनीति में आने से पहले फिल्मी दुनिया में थे और इन्होंने कई बड़े अदाकारों के साथ बड़े व छोटे पर्दे पर काम किया है। शोला शबनम की बेहतरीन अदाकारी आज भी लोगों के दिलों में बसी है। बुंदेला पिछले 8 वर्षों से खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन करते आ रहे हैं, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा जगत व बॉलीवुड की अनेक हस्तियां शिरकत करती हैं। राजा बुंदेला को टीवी सीरियल व सिनेमा में अभूतपूर्व योगदान के लिये सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा हॉल ऑफ फेम से सम्मानित किया गया। यह संस्था भारत के टीवी सिनेमा की सबसे बड़ी संस्था है। राजा बुंदेला ने बॉलीवुड से अपील की कि बुंदेलखण्ड की संस्कृति व बुंदेली फिल्मों को मुंबई में स्थान दे तो कला को राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिलेगी।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

● सांसद आर के सिंह पटेल ने अधिवक्ताओं के बीच किया जनसम्पर्क

**संवाददाता।** चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तीन मई को धर्म नगरी चित्रकूट पहुंचकर नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी से अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता के समर्थन में पुरानी कोतवाली परिसर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेगें। डिप्टी सीएम की जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए भाजपा प्रत्याशी के साथ-साथ संगठन के नेता और कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुटे हुए है। नरेंद्र गुप्ता के समर्थन में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रामकेश निषाद और नरेद्र कश्पय के बाद अब सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक 3 मई को चित्रकूट पहुंचकर चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता के साथ-साथ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, भाजपा के जिला प्रभारी देवेश कोरी, जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ नेता सुनील सिंह पटेल, शक्ति प्रताप सिंह आदि नेता और कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। दूसरे चरण में चित्रकूट में 11मई को मतदान होना है, जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरीके से तैयारियों में जुटा हुआ है।

## गुंडों-माफियाओं से भयमुक्त हुआ व्यापारी : विनीत

**चित्रकूट।** भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने मंगलवार को चित्रकूट में कहा कि सूबे की योगी सरकार में चहुमुंखी विकास होने के साथ-साथ प्रदेश का व्यापारी गुंडो-माफियाओं के आतंक से मुक्त हुआ है। उन्होने व्यापारियों से निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को जिता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आहवान किया। वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू गुप्ता के कैम्प कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि भाजपा सरकार में चहुमुंखी विकास हो रहा है। प्रदेश में कानून का राज है। व्यापारी भयमुक्त होकर व्यापार कर रहा है।

## क्विक न्यूज

### डॉ.जयनारायण को मिली पीएचडी की उपाधि

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के हिन्दी विभाग के शोध छात्र जयनारायण पुत्र बोड़ी लाल निवासी ग्राम तौरा, ब्लाक पहाड़ी को पीएचडीकी उपाधि मिली। इनके शोध विषय का शीर्षक विवेकी राय के कथा साहित्य में ग्रामीण चेतना एक अनुशीलन पर डॉ0 राममूर्ति त्रिपाठी के शोध निर्देशन में पूर्ण किया। इन्होंने हिन्दी विषय के अपने शोध विषय से सम्बंधित तमाम शोध पत्रों का प्रकाशन भी कराया। इनके पिता बहुत ही साधारण किसान है और अपनी मेहनत के बदौलत अपने सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाई।

### समाजवादी पार्टी ने घोषित की चुनाव संचालक समिति

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव के लिए चार नेताओ की घोषित कीचुनाव संचालक समिति समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह जिला प्रभारी, पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव, डॉ नवल किशोर शाक्य जिला प्रभारी एवं मोहम्मद इरफान उल हक कादरी जिला प्रभारी की अध्यक्षता में चुनाव संचालक समिति का गठन किया है। यह समिति नगर पालिका अध्यक्ष पद व टाउन एरिया अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को चुनाव जिताने का प्रयास करेगी।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

**मौदहा, हमीरपुर।** अज्ञात कारणों के चलते एक विवाहिता ने फांसी के फंदा डालकर आत्महत्या कर ली खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया कोतवाली क्षेत्र के पड़ोरी गांव निवासी रश्मि (30) पत्नी राम दुलारे नामदेव अपने नजदीकी रिश्तेदार नंद के यहां नरयाइच गांव कुछ दिनों पूर्व गई थी। अज्ञात कारणों से छत में साड़ी का फंदा डालकर मंगलवार की दोपहर सुनसान देख आत्महत्या कर ली फांसी की खबर सुनते गांव में सनसनी फैल गई देखने वालों का जमावड़ा लगने लगा वहीं कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया पीएम रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### मेधावी प्रखर का वैश्य समाज ने किया सम्मान

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में नौवां स्थान पाने वाले प्रखर गुप्ता का दोसर वैश्य समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुये माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के जिलाध्यक्ष नरायण गुप्ता के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने देवीगंज निवासी त्रिवेदी दत्त गुप्ता के छोटे पुत्र प्रखर गुप्ता के आवास पर जाकर उ0प्र0 बोर्ड परीक्षा में 12 वीं क्लास में प्रदेश स्तर पर नवां स्थान प्राप्त करने पर मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराते हुये प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भाजपा के दिग्गज नेताओं ने किया कोटरा में भ्रमण

**कोटरा, जालौन।** निकाय चुनाव 2023 के लिये चल रहे चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नगर पंचायत कोटरा में भाजपा ने पूरी ताकत झोंकते हुये केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, मंडल मनोज राजपूत, सुभाष पिंडारी, किशोरी बापू, बाबा बालकदास पाल, रामजी राजपूत आसाराम अग्रवाल, सुमित स्वामी उर्फकल्लू स्वामी, मोहित तिवारी, नारायण दास, मंगल राजपूत, हरेंद्र विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं के भारी हुजूम के साथ नगर की सड़कों पर उतरकर उन्होंने समूचे नगर में भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी सियाशरण व्यास को नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचाने में मतदाताओं से सहयोग मांगा।

### ट्रक की टक्कर से ऑटो रिक्शा चालक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज एनएच-2 पर सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा में ज़ोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के मछली शहर थाना क्षेत्र के पराहित गांव निवासी मिठाईलाल यादव का 50 वर्षीय पुत्र शमाकान्त यादव गुजरात में काम करता था। गांव में उसकी लड़की की शादी होनी थी इसलिए वह गुजरात के सिलवासा से अपने 45 वर्षीय गया प्रसाद व 43 वर्षीय नन्हे लाल साथियों के साथ अपने निजी ऑटो रिक्शे से गुजरात से जौनपुर जा रहा था। जब वह सदर कोतवाली क्षेत्र के एनएच-2 लोधीगंज के समीप देर रात लगभग 12 बजे पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनके ऑटो रिक्शे में ज़ोरदार टक्कर मार दिया। जिससे शमाकांत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# निर्दलीय प्रत्याशी कैलाशी ने चलाया धुंआधार जनसंपर्क अभियान

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**चुनाव** प्रचार के अंतिम दिन कैलाशी गुलाब जाटव ने पूरी ताकत झोंकी। नगर की जनता उन्हें समर्थन देने का वादा कर रही है। नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरी कैलाशी गुलाब जाटव ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी। उनके समर्थकों ने विभिन्न टोलियों के साथ नगर के अलग अलग वार्डों में जनसंपर्क किया। उनके जनसंपर्क में उन्हें भारी जनसमर्थन मिलता दिख रहा है। कैलाशी गुलाब जाटव ने भी नगर की जनता से वादा किया है। यदि नगर की जनता उन्हें चुनती है तो वह जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरेंगी। समाज के सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलेंगी और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के साथ ही नगर के विकास पर भी प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा।

## सभी सीटें जीतेगी भाजपा : धर्मवीर प्रजापति



**जालौन, उरई।** प्रदेश के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को नगर पहुंचकर भाजपा कार्यकारिणी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिले की चारों नगर पालिकाओं और 7 नगर पंचायतों में भाजपा की जीत की घोषणा की। प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति मंगलवार को दीपक मित्तल के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने बैठक कर चुनावी रणनीति पर विचार किया। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी की जीत को लेकर टिप्स भी दिए। चुनावी रूपरेखा को लेकर भी विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपाा जनपद की चारों नगर पालिकाओं समेत 7 नगर पंचायतों में भी जीत दर्ज कर रही है।

## सपा ने जुलूस निकालकर दिखाई ताकत

**उरई, जालौन।** मंगलवार को चुनावी प्रचार प्रसार का आखरी दिन यूं तो सभी राजनीतिक दलों के लिए जोर आजमाइश बाला रहा लेकिन समाजवादी पार्टी ने तो इस दिन को विशाल जुलूस निकालकर अपनी समूची ताकत झोंक दी कई दिग्गज नेताओं सहित पूर्व पदाधिकारियों ने भी प्रत्याशी के सात कदम से कदम मिलाकर नगर में अपनी ताकत का एहसास कराया जुलूस सपा कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ गुजरा इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहकर प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगे। चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कुशमा रानी के समर्थन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विशाल जुलूस निकाला। यह नगर के मुख्य राजमार्ग से होता हुआ विभिन्न चौराहों पर पहुंचा।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य मई को करेंगे जनसभा

**फर्रुखाबाद।** निकाय चुनाव के तहत चल रहे चुनावी प्रचार के अनुक्रम में भाजपा प्रत्याशियों के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 3 मई को फर्रुखाबाद पहुंचेंगे। निकाय चुनाव में मैदान में उतारे गये भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आगामी 3 मई को चुनावी जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे। उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के अनुसार वह 3 मई को दोपहर 2.10 बजे हेलीपैड गुरुगांव देवी मंदिर स्थित अशोक रस्तोगी के खेत में हैलीकाप्टर से उतरेंगे। वहीं 2.15 बजे गुरुगांव देवी मंदिर में पंहुचेंगे जहां वह जनसभा को सम्बोधित करेंगे। 3 बजे वह वापस वह हैलीपैड से कन्नौज के लिये उड़ान भरेंगे. लिहाजा कार्यक्रम के हिसाब से वह लगभग एक घंटे तक रहेंगे। डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा नें गुरुगांव देवी मंदिर जाकर हैलीपैड व जनसभा की व्यवस्था को परखा।

# शासन ने सरकारी भवनों में तड़ित चालक यंत्र लगाने के दिये आदेश

**हमीरपुर।** शासन ने जिले की समस्त सरकारी भवनों को आपदा से बचाने के लिये लाईटनिंग अरेस्टर(विद्युत तड़ित चालक) यंत्र लगाये जाने के सख्त आदेश दिये है। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को इसके लिये आदेश कर दिये है। जिला दैवीय आपदा विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय ने बताया कि जिले में जिला,ग्राम पंचायत ब्लाक स्तर पर सरकारी भवनों में तड़ित चालक यंत्र नही लगा है जिससे आय दिन बिजली सरकारी भवनों में गिरती है जिससे न केवल इमारत ध्वस्त होने का खतरा बना रहता है बल्कि कोई बड़ी दुर्घटना न हो इस लिये शासन ने सभी शासकीय भवनों में लाईटनिंग अरेस्टर लगाने के आदेश दिये है,सरकारी भवनों के बाद शासन प्रायवेट भवनों में तड़ित चालक यंत्र लगाने के लिये शिकंजा कसेगा। आपदा संबंधित खतरो को न्यूनीकृत कराने के लिये लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बज्रपात से होने वाली मृत्यु को हरहाल मे कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में एक साल में विजली गिरने से 16 लोगो की मृत्यु हो चुकी है जो हर साल बढ़ती जा रही है। उनका मानना है कि प्रदेश में भी दैवीय आपदा से होने वाली घटनाएं बढ़ती जा रही है जिससे शासन ने मामले को गंभीरता से लिया है।

## एडीएम व एएसपी ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

**कुरारा, हमीरपुर।** नगर पंचायत चुनाव में मतदान संपन्न कराने केलिए एडीएम व अपर पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने कस्बे के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। तथा मतदान संपन्न कराने के लिए की गई व्यवस्था का जायजा भी लिया। नगर पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्र की संख्या 9 है, तथा मतदेय स्थल बूथ की संख्या 15 है। कुल मतदाताओं की संख्या 11985 है। ग्यारह वार्ड है। जिसमे 69 प्रत्याशी मैदान में हैं।तथा चेयर मैन पद के लिए तेरह उम्मीदवार मैदान में खड़े हैं।

# पेज एक का शेष

## शरद पवार...

दिन के समय की जरूरत होगी। शरद पवार की घोषणा एनसीपी की लोकसभा सदस्य और उनकी बेटी सुप्रिया सुले द्वारा यह संकेत दिए जाने के एक पखवाड़े से भी कम समय के बाद आई है कि 15 दिन में दो राजनीतिक 'विस्फोट' होंगे, एक दिल्ली में और दूसरा महाराष्ट्र में। एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पवार की घोषणा के बाद राज्य में कुछ जगहों पर जिला इकाई के पदाधिकारियों ने कहा कि वे फैसले पर पुनर्विचार की मांग को लेकर अपने पद छोड़ रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात शरद पवार के घर चले जाने के बाद भी अनेक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल छोड़ने से इनकार कर दिया। इससे पहले, पुस्तक विमोचन के अवसर पर शरद पवार के अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा करने के बाद एनसीपी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल और पार्टी नेता जितेंद्र आव्हाद रो पड़े तथा उनसे फैसला वापस लेने का अनुरोध किया। वहीं, पार्टी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि पवार ने अपने इस्तीफे की घोषणा करने से पहले किसी को विश्वास में नहीं लिया। पुस्तक विमोचन के अवसर पर पवार ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा एक मई, 1960 को शुरू हुई थी और पिछले 63 वर्ष से अनवरत जारी है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों में उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए महाराष्ट्र और देश की सेवा की है। उन्होंने कहा, मेरी राज्यसभा की सदस्यता का तीन वर्ष का कार्यकाल शेष है। इस दौरान मैं बिना किसी पद के महाराष्ट्र और देश के मुद्दों पर ध्यान दूंगा। एक मई, 1960 से एक मई, 2023 की लंबी अवधि में एक कदम पीछे लेना जरूरी है। इसलिए, मैंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष पद छोड़ने का फैसला किया है। शरद पवार ने पार्टी अध्यक्ष पद खाली होने पर इसके लिए चुनाव का फैसला करने के लिए एनसीपी नेताओं की एक समिति बनाने की सिफारिश की। उन्होंने कहा कि समिति में पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होने चाहिए जिनमें प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, के के शर्मा, पी सी चाको, अजित पवार, जयंत पाटिल, सुप्रिया सुले, छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल, अनिल देशमुख, राजेश टोपे, जितेंद्र अव्हाड, हसन मुशरिफ, धनंजय मुंडे और जयदेव गायकवाड़ हैं। शरद पवार ने कहा कि इसमें पदेन सदस्य फौजिया खान (अध्यक्ष, राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस), धीरज शर्मा (अध्यक्ष, राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस) और सोनिया दुहन (अध्यक्ष, राष्ट्रवादी छात्र कांग्रेस) भी होने चाहिए। उन्होंने उनके इस्तीफे का विरोध कर रहे भावुक कार्यकर्ताओं से कहा, मैं आपके साथ हूं, लेकिन एनसीपी अध्यक्ष के रूप में नहीं। अपने फैसले की घोषणा करने के बाद पवार कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे तक रहने के दौरान बमुश्किल बोल पाए। वे एनसीपी नेताओं और कार्यकर्ताओं से घिरे अपनी पत्नी प्रतिभा के बगल में चुपचाप बैठे रहे। शरद पवार ने यह ऐलान ऐसे समय किया है जब उन्हें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विभिन्न विचारधारा वाले विपक्षी दलों को साथ लाने में अहम भूमिका निभाने वाला माना जा रहा है। उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि वह शिक्षा, कृषि, सहकारिता, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में बहुत काम करना चाहते हैं और युवाओं, छात्रों, कार्यकर्ताओं, दलितों, आदिवासियों एवं समाज के अन्य कमजोर वर्गों के मुद्दों पर ध्यान देना चाहते हैं।

## पवार को...

पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि शरद पवार ने कहा है कि उन्होंने फैसला कर लिया है, लेकिन आपके आग्रह पर इस पर सोचने के लिए उन्हें दो-तीन दिन का वक्त चाहिए। हालांकि, वह इस बारे में तभी सोचेंगे, जब सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घर लौट जाएंगे। राकांपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उस स्थान से जाने से इनकार कर दिया, जहां शरद पवार ने दिन में अपनी आत्मकथा के संशोधित संस्करण के विमोचन के दौरान यह घोषणा की थी। पवार के अपने आवास के लिए रवाना हो जाने के बाद भी पार्टी कार्यकर्ता वहां से नहीं गए।

## बजरंग दल...

पार्टी नेताओं की उपस्थिति में घोषणापत्र जारी किया जिसमें गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्य, युवा निधि एवं शक्ति की पांच गारंटी दोहराई गई हैं। घोषणापत्र के मुताबिक, गृह ज्योति के तहत 200 यूनिट निःशुल्क बिजली देने का वादा किया गया है, वहीं गृह लक्ष्मी में परिवार की मुखिया को दो हजार रुपए तथा अन्न भाग्य में दस किलोग्राम अनाज देने का वादा किया गया है। इस घोषणापत्र में कहा गया है कि युवा निधि के तहत बेरोजगार स्नातकों को एक माह में तीन- तीन हजार रुपए तथा डिप्लोमाधारी बेरोजगारों को डेढ़- डेढ़ हजार रुपए दिए जाएंगे। खरगे ने राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर पहले दिन ही घोषणापत्र के वादों को लागू करने का आश्वासन दिया।

## अब कांग्रेस...

आतंकवाद की कमर तोड़ी है और तुष्टिकरण का खेल बंद किया है। विजयनगर जिले के होस्पेट में मोदी ने कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा करने का मुद्दा उठाया और इसे भगवान हनुमान की पूजा करने वालों को ताले में बंद करने की कोशिश करने का कांग्रेस का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा, आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है लेकिन दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को प्रणाम करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प लिया है। यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी को प्रभु श्री राम से भी तकलीफ होती थी और अब जय बजरंगबली बोलने वालों से भी तकलीफ हो रही है। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि भाजपा कर्नाटक को नंबर एक राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और वह भगवान हनुमान के चरणों में सिर झुकाकर इस प्रतिज्ञा की सिद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। रायचूर जिले के सिंधनूर की रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने परिवार को खुश करने के लिए उन्हें जहरीला सांप कहा और इसी क्रम को उनके लायक पुत्र ने उन्हें नालायक कहकर आगे बढ़ाया।

## गैंगस्टर टिल्लू...

अवस्था में लाया गया था, उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, अन्य व्यक्ति रोहित का उपचार चल रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। टिल्लू ताजपुरिया उर्फ सुनील मान पर अपने विरोधी गैंगस्टर जितेंद्र गोगी की हत्या समेत अन्य कई आपराधिक वारदात को अंजाम देने का आरोप था। टिल्लू ताजपुरिया दिल्ली के अलीपुर के पास ताजपुर गांव का रहने वाला था। अलीपुर गांव का रहने वाला गैंगस्टर जितेंद्र गोगी कभी उसका जिगरी दोस्त हुआ करता था। दोनों दिल्ली के श्रद्धानंद कॉलेज में पढ़ाई करते थे। साल 2010 में कॉलेज में छात्र संघ चुनाव के दौरान ही दोनों की दोस्ती में दरार पड़ गई, जो बाद में दुश्मनी में बदल गई। दोनों अलग-अलग गैंग बनाकर वारदात करने लगे। टिल्लू कुख्यात नीरज बवानिया सिंडिकेट से जुड़ गया। पुलिस ने टिल्लू ताजपुरिया को वर्ष 2016 में गिरफ्तार किया था। पहले वह दिल्ली की मंडोली जेल में बंद था और यहीं से उसने गैंगस्टर जितेंद्र गोगी की हत्या साजिश रची थी। आरोप है कि उसने रोहिणी कोर्ट में 24 सितंबर 2021 को अपने शूटर भेजकर गोगी की हत्या करा दी। इस वारदात के बाद उसे तिहाड़ शिफ्ट कर दिया गया था। काफी समय से लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवानपुरिया गैंग टिल्लू की हत्या की कोशिश में था। इस बीच, गैंगस्टर सतिंदर सिंह बरार उर्फ गोल्डी बरार ने एक अपुष्ट सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि ताजपुरिया पर हमला बदला लेने के लिए किया गया था।

## उच्च न्यायालय...

जिसके परिणामस्वरूप उन्हें लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया गया था। वह केरल की वायनाड संसदीय सीट से 2019 में निर्वाचित हुए थे। सत्र अदालत ने भी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ गांधी ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

## यूक्रेन की...

जयशंकर से हस्तक्षेप करने का भी आग्रह किया। एक उपयोगकर्ता ने जयशंकर को टैग करते हुए अपने ट्वीट में कहा, मां काली का गलत चित्रण करने वाले इस अपमानजनक पोस्ट के लिए कृपया संज्ञान लीजिए। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन संकट शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की है।

## कम पीड़ा...

354 (5) के तहत, मौत की सजा के अमल के लिए एक मात्र तरीका जो निर्धारित किया गया है, वह मृत्यु तक गर्दन से लटकाना है, जबकि वायु सेना अधिनियम, सेना अधिनियम और नौसेना अधिनियम के तहत मौत तक गर्दन से लटकाकर या गोली मारकर हत्या करने का प्रावधान है।

# बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने भारत से मांगी मदद

## ● रोहिंग्या सकट के समाधान के लिए गुहार

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को भारत से अनुरोध किया कि वह म्यांमा को रोहिंग्या समुदाय के लोगों को वापस लेने के लिए राजी करने के वास्ते और प्रभावी कदम उठाए। रोहिंग्या समुदाय के इन लोगों ने अपने देश म्यांमा में उत्पीड़न से बचने के लिए बांग्लादेश में शरण ली है। राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के एक प्रवक्ता ने यहां संवाददाताओं से कहा, बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय कुमार वर्मा के साथ बंगभवन में मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने यह अनुरोध किया। शहाबुद्दीन (73) ने बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में 24 अप्रैल को शपथ ली थी। शहाबुद्दीन ने अब्दुल हामिद का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल 23 अप्रैल को समाप्त हो गया था। ढाका में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया कि वर्मा ने राष्ट्रपति शहाबुद्दीन से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक बधाई दी और हाल के द्विपक्षीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। शहाबुद्दीन ने आतंकवाद समेत बढ़ते सुरक्षा खतरों का जिक्र करते हुए बैठक में कहा कि बांग्लादेश ने मानवीय कारणों से रोहिंग्या समुदाय को आश्रय दिया था, लेकिन लंबे समय से उनके यहां रहने के कारण न केवल दक्षिण एशियाई देश, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए समस्याएं पैदा हो रही हैं। वर्ष 2017 में रखाइन प्रांत में म्यांमा की सेना की कार्वाई के कारण करीब 10 लाख रोहिंग्या मुसलमान वहां से भाग आए थे और वे बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में शिविरों में रह रहे हैं। भारत ने म्यांमा के रखाइन प्रांत के विस्थापितों की स्थाई और शीघ्र वापसी का हमेशा

## एआईएमई भारतीय व आसियान नौसेनाओं के लिए निकटता से काम करने का अवसर : एडमिरल कुमार




**सिंगापुर।** नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार ने मंगलवार को कहा कि पहला आसियान-भारत समुद्री अभ्यास (एआईएमई) भारतीय नौसेना और आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रो के संगठन) नौसेनाओ को एक साथ मिलकर निकटता से काम करने और समुद्री क्षेत्र मे अभियानो के निर्बाध संचालन का अवसर प्रदान करेगा। भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल कुमार ने कहा कि एआईएमई की शुरुआत बड़े पैमाने पर सीखने का एक अनुभव है और यह इसमे भाग लेने वाली नौसेनाओ के बीच विश्वास पैदा करेगा। पहले एआईएमई के लिए सिंगापुर मे मौजूद एडमिरल ने कहा, इन अभ्यासो का अहम परिणाम विभिन्न भागीदारो के बीच भरोसा पैदा होना है। इस नौसैन्य अभ्यास मे आसियान सदस्य देशो एवं भारत के नौ पोत, छह विमान और 1,800 से अधिक कर्मी भाग ले रहे है। भारतीय नौसेना दक्षिण चीन सागर मे समुद्री अभ्यास करेगी, जहां पिछले कुछ साल से चीन की सैन्य आक्रामकता देखी जा रही है। एडमिरल कुमार ने मंगलवार को पीटीआई से कहा, हम आसियान देशो के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यास करते रहे है, लेकिन ऐसा पहली बार है, जब हम आसियान के सभी सदस्य देशो की नौसेनाओ के साथ मिलकर एक बड़ा अभ्यास कर रहे है। यह बहुत महत्वपूर्ण अभ्यास है, लेकिन यह वार्षिक आधार पर नही होगा क्योकि विभिन्न देशो के बीच पहले से ही विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। लेकिन हम इसे दो या तीन साल मे एक बार होने वाले अभ्यास के रूप मे आगे बढ़ाएंगे।

## युगांडा के मंत्री की उनके अंगरक्षक ने गोली मारकर हत्या की : मीडिया रिपोर्ट

**भाषा।** कंपाला

**युगांडा** में एक मंत्री की उनके एक अंगरक्षक ने संभवत: निजी विवाद के कारण मंगलवार तड़के गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पीड़ित चार्ल्स एंगोला राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी की सरकार में श्रम विभाग के प्रभारी कनिष्ठ मंत्री के रूप में कार्यरत थे। एंगोला सेना के सेवानिवृत्त कर्नल थे। हमलावर की पहचान अभी सार्वजनिक रूप से नहीं हो सकी है। सरकारी प्रसारणकर्ता यूबीसी और अन्य के मुताबिक हमलावर ने हत्या करने के बाद खुद को गोली मार ली। यह घटना युगांडा की राजधानी कंपाला के एक उपनगर में एंगोला के घर के अंदर घटी जहां अब पुलिस की जासूसी टीम पहुंच चुकी है। घटना के कारण का पता अभी नहीं चल सका है, लेकिन स्थानीय मीडिया में कहा गया है कि गार्ड के वेतन को लेकर संभवत: कोई विवाद था।

## वायुसेना प्रमुख चौधरी ने श्रीलंका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की

**भाषा।** कोलंबो



**भारतीय वायुसेना** प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर.चौधरी ने मंगलवार को श्रीलंका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से अहम विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। श्रीलंका पर चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच उन्होंने दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक दोस्ती को भी याद किया। एयर चीफ मार्शल चौधरी सोमवार को चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे थे। उन्होंने श्रीलंकाई वायुसेना के कमांडर एयर मार्शल सुदर्शन पथिराना से यहां के वायुसेना मुख्यालय में मुलाकात की। श्रीलंकाई सशस्त्र बलों के क्षमता निर्माण में सहयेद्योग की भारतीय प्रतिबद्धता के तहत चीफ एयर मार्शल चौधरी ने पड़ोसी देश को एएन-32 प्रोपेलर भेंट किए ताकि श्रीलंकाई वायुसेना उच्च स्तर पर अपने विमान को अभियान के लिए तैयार रख सके। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, एयर चीफ मार्शल वी.आर.चौधरी ने एएन-32 प्रोपेलर को भारत सरकार की ओर से श्रीलंकाई वायुसेना के कटुनायके एयर बेस पर यहां के वायुसेना कमांडर को भेंट किया।

## अमेरिका के ओक्लाहोमा में दो लापता नाबालिगों की तलाश के दौरान सात शव मिले

**हैनरीटा (अमेरिका)।** अमेरिका के ओक्लाहोमा के एक ग्रामीण इलाके मे अधिकारियो को दो लापता नाबालिगो की खोज मे एक घर की तलाशी के दौरान सात लोगो के शव मिले है। ओक्मुल्गी काउंटी शेरिफ एड्डी राइस ने बताया कि सरकारी चिकित्सा परीक्षक द्वारा शवों की पहचान की पुष्टि की जानी बाकी है, लेकिन"हम मानते है कि हमने उनलोगो (लापता) की तलाश कर ली है" उन्होने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि मृतको मे जेसी मैक्फैडेन के साथ इवी वेबस्टर (14) और ब्रिटनी ब्रीवर (16) भी शामिल है।

## ऑस्ट्रेलिया सरकार ने धूम्रपान और ई-सिगरेट के खिलाफ कार्वाई की

**कैनबरा।**ऑस्ट्रेलिया सरकार धूम्रपान और ई-सिगरेट के खिलाफ बड़ी कार्वाई की है और इसके तहत अगले चार साल मे तंबाकू उत्पादो पर लगे कर मे अरबो डॉलर की वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने मंगलवार को कहा कि मनोरंजन के लिए इस्तेमाल वैपिंग (ई-सिगरेट) पर रोक लगाई जाएगी, क्योकि सरकार अगली पीढ़ी को निकोटिन का आदी होने से बचाना चाहती है। उन्होने बताया कि तंबाकू कर पर सितंबर से पांच प्रतिशत की दर से वृद्धि की जाएगी। बटलर ने बताया कि अगले चार साल मे तंबाकू उत्पादो पर लगने वाले कर मे 3.3 अरब ऑस्ट्रेलियाई डालर की वृद्धि की जाएगी।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने टीटीपी के कमांडर को मार गिराया

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलो ने देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे अलग-अलग अभियानो मे कुख्यात तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कमांडर और दो अन्य को मार गिराया और कई महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां की। मीडिया रिपोर्ट मे मंगलवार को यह जानकारी दी गई। समाचार पत्र डॉन के मुताबिक, आतंकवादियो की कथित मौजूदगी के बारे मे मिली खुफिया सूचना पर कार्वाई करते हुए सुरक्षा बलो ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे देश के उत्तर-पश्चिम प्रांत मे सोमवार को दो अलग-अलग अभियान चलाए।

## पाकिस्तान में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे एक जीप के नदी मे गिर जाने के बाद लापता हुए आठ पर्यटको को बचावकर्मियो ने तीन दिन बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी इन पर्यटको का कोई पता नही चला। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी खालिद अजीज ने बताया कि यह घटना रविवार को हिमालई क्षेत्र के विवादित नीलम घाटी जिले मे हुई। अधिकारी ने बताया कि शुरुआत मे इस घटना मे एक पर्यटक की मौत हुई और पांच अन्य पर्यटक घायल हो गए थे।

## चीन के विदेश मंत्री ने म्यांमा की यात्रा की

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने म्यांमा के साथ लगती सीमा पर स्थिरता का और सीमा पार आपराधिक गतिविधियो पर कार्वाई का आह्वान किया। उन्होने मंगलवार को म्यांमा की यात्रा की जो अपने आप मे एक असामान्य कदम है। म्यांमा की 2,129 किलोमीटर लंबी सीमा घने वन्य पर्वतो से होकर गुजरती है और यह लंबे समय से चीन मे मादक पदार्थ की तस्करी के लिए कुख्यात रही है। चीनी विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान कहा कि स्थानीय कम्युनिस्ट पार्टी और सरकारी विभागो, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी, पुलिस तथा असैन्य संस्थाओ को सीमा रक्षा प्रणाली मजबूत बनाने मे शामिल होना चाहिए।

# फलस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल पर रॉकेट दागे

**भाषा।** यरूशलम

**करीब तीन** महीने की भूख हड़ताल के चलते इजराइल की जेल में एक फलस्तीनी कैदी की मौत के बाद गाजा से फलस्तीनी उग्रवादियों ने मंगलवार को इजराइल पर रॉकेट दागे। इस्लामी जिहाद समूह के प्रमुख नेता कादर अदनान की मौत से फलस्तीनी उग्रवादियों और नेताओं में रोष है। इजराइली सेना ने कहा कि गाजा में मौजूद फलस्तीनी उग्रवादियों ने आज इजराइल की तरफ 22 रॉकेट दागे। इसने कहा कि इजराइल की आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली ने इनमें से चार रॉकेट को नष्ट कर दिया। चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि हमले में 25 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## इजराइल में लंबे वक्त से भूख हड़ताल कर रहे फलस्तीनी कैदी की मौत

**यरूशलम।** इजराइल मे करीब तीन माह से भूख हड़ताल कर रहे फलस्तीन के एक कैदी की मंगलवार को सुबह मौत हो गई। इजराइल की कारागार सेवा ने यह जानकारी दी। खादर अदनान की मौत से, इजराइल और फलस्तीन के विद्रोही संगठनों के बीच पहले से जारी संघर्ष के और बढ़ जाने का खतरा है। अदनान की मौत की सूचना मिलते ही फलस्तीनी विद्रोहियो ने दक्षिणी इजराइल की ओर अनेक रॉकेट दागे। अदनान (45) को पांच फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और उसके कुछ वक्त बाद से ही उसने भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। वह विद्रोही संगठन इस्लामिक जेहाद का सदस्य था। गौरतलब है कि हाल के वर्षो मे कई फलस्तीनी नागरिक अपनी गिरफ्तारी के विरोध मे लंबे वक्त तक भूख हड़ताल कर चुके है, हालांकि अधिकतर मामलों मे तबियत खराब होने पर इजराइल ने इन कैदियों को रिहा किया है और किसी भी व्यक्ति की हिरासत के दौरान मौत नही हुई है। इजराइल जेल सेवा ने कहा कि अदनान पर आतंकवादी गतिविधियो मे शामिल होने के आरोप थे, कानूनी कार्वाई आगे बढ़ने पर उसने चिकित्सकीय सहायता लेने से इनकार कर दिया था। जेल सेवा ने कहा कि अदनान मंगलवार को सुबह अपनी कोठरी मे बेहोश पाया गया, उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# महाराज चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह में धर्मार्थ कार्य से जुड़े लोग भी होंगे शामिल

**लंदन।** लंदन के वेस्टमिंस्टर अबे में महाराज चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के लिए शनिवार को एकत्रित होने वाले 2,200 लोगों में शाही परिवार के सदस्य, विश्व के नेता और वेल्स के राजकुमार के तौर पर उनकी धर्मार्थ पहल से जुड़े रहे भारतीय समुदाय के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। यह जानकारी बकिंघम पैलेस की ओर से दी गई। सोमवार शाम को जारी की गई अतिथि सूची की एक झलक में, यह सामने आया कि एक वास्तुकार, एक सलाहकार और एक नवोदित शेफ उन भारतीयों में शामिल हैं जो अबे में राष्ट्र प्रमुखों और सरकार के प्रमुख के साथ बैठेंगे। इस भव्य समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है। ऐसा समारोह अंतिम बार करीब 70 साल पहले देखा गया था जब चार्ल्स की दिवंगत मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की जून 1953 में ताजपोशी हुई थी। बकिंघम पैलेस ने कहा, "समारोह में शामिल होने वाले मेहमानों में शाही परिवार के सदस्यों के साथ-साथ 203



देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें लगभग 100 राष्ट्राध्यक्ष होंगे"। समारोह में शामिल होने वालों में सौरभ फड़के भी होंगे जो प्रिंस फाउंडेशन बिल्डिंग क्राफ्ट प्रोग्राम के स्नातक हैं और उन्होंने चार्ल्स द्वारा डम्फ्रीज़ हाउस, स्कॉटलैंड में स्थापित प्रिंस फाउंडेशन स्कूल ऑफ ट्रेडिशनल आर्ट्स से अध्ययन किया है।

इसके साथ ही समारोह में हिस्सा लेने वालों में गुलफशा भी शामिल हैं, जिन्हें 2022 में प्रिंस ट्रस्ट ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया था। समारोह में आमंत्रित व्यक्तियों में कनाडा से, भारतीय मूल के जय पटेल भी शामिल हैं जिन्होंने मई 2022 में प्रिंस ट्रस्ट कनाडा का युवा रोजगार कार्यक्रम पूरा किया था। समग्र अतिथि सूची में संसद सदस्य, पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री, चर्च और अन्य धर्मों के प्रतिनिधि, देश की रक्षा सेवाओं के प्रतिनिधि, नोबेल पुरस्कार विजेता और ब्रिटिश साम्राज्य पदक (बीईएम) प्राप्तकर्ता भी शामिल होंगे।

## पूर्व पुलिस अधिकारी थाओ को जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या मामले में दोषी ठहराया गया

**मिनियापोलिस (अमेरिका)।** मिनियापोलिस के एक पूर्व पुलिस अधिकारी को अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या मामले में मदद करने और उकसाने का दोषी ठहराया गया है। टी थाओ को फ्लाइड के नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए पहले से ही संघीय अदालत में दोषी ठहराया जा चुका है। फ्लॉयड की हत्या मामले में अदालत में फैसले का सामना करने वाले थाओ चार पूर्व अधिकारियों में से अंतिम थे। अभियोजकों ने जनवरी में अपने दलील दी थी कि थाओ ने अपने लगभग नौ वर्षों के अनुभव के बावजूद ठीक ढंग से काम नहीं किया। फ्लॉयड की 25 मई, 2020 को उस समय मौत हो गई थी जब पूर्व पुलिस अधिकारी डेरेक चौविन ने उसकी गर्दन को अपने घुटने से दबा दिया था जिसके कारण दम घुटने से उनकी मौत हो गई थी।

**Public Notice**
This is to inform general public that Mr. Parminder Singh Sabharwal & Mrs. Jasleen Kaur Sabharwal have acquired the Entire Ground Floor without roof rights "said floor", Built on Property Bearing No. 46, (area measuring 192.80 sq. yds), situated in the layout plan of Adarsh Bhawan Cooperative House Building Society Ltd, near Madipur, New Delhi vide two separate Gift Deeds dated 17.01.2023, Doc no. 289 and dated 24.12.2022, Doc no. 8690 and Now, Mr. Parminder Singh Sabharwal & Mrs. Jasleen Kaur Sabharwal.Above said owners have misplaced the Original Sale Deed dated 14.03.1997 registered as document no. 2165, SR-II and Sale Deed dated 28.08.1997 registered as document no. 6849, SR-II. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of Kotak Mahindra Bank Ltd.Mr. Parminder Singh Sabharwal & Mrs. Jasleen Kaur Sabharwal are intends to sell above said property to Mr. Bimlesh Aggarwal and further Mr. Bimlesh Aggarwal is mortgaging the above said property with Kotak Mahindra Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large that Mrs. Sarno Bai W/o. Mr. Gurnam Singh who is owner of the Property/land measuring 586.66 Sq. Yds., comprised in Khasra No.192/213, out of land admeasuring 0.23 hectare, Situated at wake village Falsa, Tehsil Tapukda, District Alwar, Rajasthan.; which is gifted by her husband Mr. Gurnam Singh, vide Gift Deed dated 24.03.2023, which is duly registered vide Document No. 202303111101784, at SRO-Bhiwari, on 24.03.2023 and same to be finance & mortgage by Vastu Housing Finance Corporation Limited. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP, Plot no.136, (Basement)
Uday Park, New Delhi-110049
Contact # 011-40046316

# फिलीपीन तटरक्षक बल ने दक्षिण चीन सागर की चुनौतियां दिखाई



**भाषा।** बीआरपी मालाब्रिगो पोत

**फिलीपीन के तटरक्षक** बल के दो जहाज हाल में अस्थिर दक्षिण चीन सागर में गश्त के लिए निकले तो उन्हें चीन की बढ़ती क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं और अन्य विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। एसोसिएटेड प्रेस और तीन अन्य समाचार एजेंसियों के प्रतिनिधियों को दो हफ्ते पहले फिलीपीन तटरक्षक बल द्वारा दुनिया के सबसे कड़े संघर्ष वाले समुद्रों में से एक के 1,670 किलोमीटर लंबे गश्ती अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। यह आमंत्रण दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामक कार्वाइयों पर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से फिलीपीन की एक नई रणनीति का हिस्सा था। दक्षिण चीन सागर में तेल और गैस का प्रचुर भंडार बताया जाता है। चीन इस समुद्री क्षेत्र पर अपना दावा बताता है, जबकि फिलीपीन और कई अन्य देश भी इस पर अपना दावा जताते हैं।

## गोल्डी बरार का नाम कनाडा में 25 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में

**भाषा।** टोरंटो

कनाडा की सरकार ने प्रसिद्ध गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के कथित साजिशकर्ता सतिंदर सिंह बरार उर्फ गोल्डी बरार का नाम मंगलवार को देश के शीर्ष 25 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल किया है। जून 2022 में बरार के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी कराने में भारत को सफलता मिली थी जिसके बाद से वह रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस के लिए वांछित है। नई दिल्ली में कनाडा के उच्चायोग ने एक बयान में यह बात कही। बोलो (बी ऑन द लुकआउट) कार्यक्रम की सूची के अनुसार, टोरंटो के यंग-डुंडास स्क्वायर पर सभी 25 भगोड़ों के साथ बरार का आदमकद कटआउट लगा है। बरार (29) भारत में हत्या, हत्या के प्रयास, हत्या की साजिश और अवैध हथियारों की तस्करी का आरोपी है।

# डंडेलियन्स मधुमक्खियों के लिए एक जीवन रेखा हैं

## ● हमें उन्हें प्यार करना सीखना चाहिए

**भाषा।** लैंकेस्टर (यूके)



**डंडेलियन्स** के पीले फूलों से आप प्यार करें या उनसे नफरत करें, इस वसंत में यह पूरे ब्रिटेन में हर तरफ खिल रहे हैं। एक इकोलॉजिस्ट के रूप में जो इन फूलों पर मंडराने वाले कीट का अध्ययन करता है, मैं कभी नहीं समझ पाया कि कोई उनसे नफरत क्यों कर सकता है। कुछ लोग अपने बगीचे में घास के बीच, या अपने ड्राइव वे में कंक्रीट के बीच मिट्टी की दरारों से इस पीले फूल को झांकता देखते हैं तो भला परेशान क्यों हो जाते हैं? अधिकांश लोग सिंहपर्णी को खरपतवार के रूप में देखते हैं: वे उन्हें अपने घर के आस-पास नहीं चाहते हैं और लॉन साफ करने वाले को बुलाते हैं, या इससे भी बदतर, खरपतवार नाशक कैन लेकर सिर उठाते इन पीले फूलों को कुचल डालते हैं। शायद मैं इस लिहाज से अजीब हूं कि मैं सड़क पर, लॉन में या किसी भी जगह सिंहपर्णी के फूल को खिलते देखकर आनन्दित होता हूँ। चूंकि ए फूल लुप्तप्राय मधुमक्खियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए शानदार भोजन बनाते हैं, मैं आपको इन फूलों से उसी तरह प्यार करने के लिए मनाना चाहता हूं, जैसे कि मैं करता हूं, और उनकी वैसे ही देखभाल करें जैसे आप घास के मैदान में किसी अन्य जंगली फूल की करते हैं शहर में फूल: पिछले 50 वर्षों में पूरे यूके में शहरी क्षेत्रों और खेतों का विस्तार देखा गया है। वन्य जीवन प्रदान करने के लिए जो कुछ स्थान अलग रखे गए थे, वे नष्ट हो गए हैं। हमने प्रकृति को कगार पर धकेल दिया है, लेकिन प्रकृति खुद को इन बाधाओं के अनुकूल बनाती है, बदलती है और इन्हें पार करती है। शहरों में मधुमक्खियों के खाने के पैटर्न का अध्ययन, जहां उनके अधिकांश मूल खाद्य स्रोतों को कंक्रीट और टरमैक से ढक दिया गया है, उनके जंगली, विविध आहार में सिंहपर्णी, तिपतिया घास और ब्रैम्बल्स के साथ एक बदलाव को दर्शाता है। डंडेलियन्स एक ऐसे वातावरण में चारों ओर उड़ने वाली मधुमक्खियों के लिए पराग का एक प्रचुर स्रोत है, जिसमें उनके लिए भोजन विकल्पों की विविधता कम होती जा रही है। ए पौधे बहुत कम मिट्टी में उगते हैं, शुरुआती वसंत से लेकर सर्दियों से ठीक पहले तक खिलते हैं और साल भर मधुमक्खियों के लिए जीविका प्रदान करते हैं। विभिन्न प्रकार के परागणकों को भोजन उपलब्ध कराने में सिंहपर्णी अपने आकार के कारण सफल होता है।

**Hero FinCorp Limited**
HeroFinCorp.
CIN: U74899DL1991PLC046774
Registered office: 34, Community Centre, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057
Corporate office: 9, Community Centre, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057
Fax: 011-49487197, Tel. No: 011-49487150, Website: www.herofincorp.com

Thank you for your support in our quest to Empower Every Indian's Dream of Upward Mobility...

| 10 Million+ | 14,000+ | 4,100+ | Top 25 BFSI | AA+ Rated |
|---|---|---|---|---|
| Lives Touched | Employees (on-roll & off-roll) | Touchpoints | Great Places to Work | by CRISIL, ICRA, & CARE |

| 41,497 Cr. (↑26%) | 27,713 Cr. (↑41%) | 2.6% (↓0.8%) | 790[1] Cr. (↑982 Cr.) 480[2] Cr. (↑672 Cr.) |
|---|---|---|---|
| Loan Book | Disbursal | NNPA % | PAT<br>1. Pre-fair value Adjustment; 2. Post- fair value Adjustment. Details in Note d Below |

**Unaudited/ Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2023:**

₹ in Crore

| S. No | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | Year ended | Quarter ended | | Year ended |
| | | March 31, 2023 | March 31, 2022 | March 31, 2023 | March 31, 2023 | March 31, 2022 | March 31, 2023 |
| | | (Unaudited#) | (Unaudited#) | (Audited) | (Unaudited#) | (Unaudited#) | (Audited) |
| 1 | Total Income From Operations | 1,662.95 | 1,231.77 | 6,032.93 | 1,779.54 | 1,323.58 | 6,447.55 |
| 2 | Net Profit/ (loss) for the period (before tax and exceptional items) | 319.09 | 76.34 | 712.60 | 331.14 | 89.07 | 735.22 |
| 3 | Net Profit/ (loss) for the period before tax (after exceptional items) | 319.09 | 76.34 | 712.60 | 331.14 | 89.07 | 735.22 |
| 4 | Net Profit/ (loss) for the period after tax (after exceptional items) | 214.33 | 55.69 | 457.33 | 226.38 | 68.42 | 479.95 |
| 5 | Total Comprehensive income/ (loss) for the period [Comprising profit/ (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 226.77 | 54.77 | 457.18 | 240.85 | 66.44 | 480.87 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 127.31 | 127.31 | 127.31 | 127.31 | 127.31 | 127.31 |
| 7 | Reserves (excluding revaluation reserve) | 5,161.31 | 4,710.64 | 5,161.31 | 5,120.52^ | 4,642.67^ | 5,120.52^ |
| 8 | Securities Premium Account | 3,940.30 | 3,946.30 | 3,940.30 | 3,942.75 | 3,947.64 | 3,942.75 |
| 9 | Net worth | 5,288.62 | 4,837.95 | 5,288.62 | 5,247.83^ | 4,769.98^ | 5,247.83^ |
| 10 | Paid up debt capital / outstanding debt | 33,383.68 | 26,207.77 | 33,383.68 | 36,627.86 | 28,679.73 | 36,627.86 |
| 11 | Outstanding redeemable preference shares | - | - | - | - | - | - |
| 12 | Debt Equity ratio | 6.31 | 5.42 | 6.31 | 6.98 | 6.01 | 6.98 |
| 13 | Earnings per share (of ₹ 10 each) | | | | | | |
| | i). Basic :* | 16.84 | 4.37 | 35.92 | 17.78 | 5.37 | 37.70 |
| | ii). Diluted :* | 16.82 | 4.37 | 35.89 | 17.77 | 5.37 | 37.67 |
| 14 | Capital Redemption Reserve | - | - | - | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - | - | - | - |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio | N.A. | N.A. | N.A. | N.A. | N.A. | N.A. |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | N.A. | N.A. | N.A. | N.A. | N.A. | N.A. |

*not annualised for the quarter ended
^ includes non-controlling interests
# The figures for the quarter ended March 31, 2023 and March 31, 2022 are the balancing figures between audited figures in respect of full financial year and year to date figures upto the end of the third quarter of the respective financial years.

**Notes:**

a) The financial results for the quarter and financial year ended March 31, 2023 have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at its meeting held on May 01, 2023. These financials results for the year ended March 31, 2023 have been subjected to audit by joint statutory auditors in compliance with Regulation 52 of the Securities Exchange Board of India ('SEBI') (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended.

b) The above is an extract of detailed format of quarterly and annual financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly and annual standalone and consolidated financial results are available on the websites of National Stock Exchange (NSE) of India at **www.nseindia.com** and the Company at **www.herofincorp.com**.

c) For the items referred in sub-clauses of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 the pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange and can be accessed at **www.nseindia.com** and the Company at **www.herofincorp.com**.

d) During the quarter ended March 31, 2023, the Company reassessed the classification of these CCPS and has now classified them as a financial liability, as per Ind AS 32 'Financial Instruments: Presentation' and presented it in accordance with Schedule III division III of the Companies Act, 2013 (disclosed under the Head of Subordinated Liabilities). These CCPS are subsequently measured at fair value through profit or loss as per Ind-AS 109 requirements
Further, if the CCPS were classified in accordance with Section 43 of the Companies Act, 2013 i.e., as equity, profit after tax for the year ended March 31, 2023, would be higher by ₹ 310.05 Crores and total equity would be higher by ₹ 2,310.05 Crores and subordinated liabilities would be lower by ₹ 2,310.05 Crores as at March 31, 2023.

For and on behalf of the Board
Sd/-
Abhimanyu Munjal
Jt. Managing Director & CEO

Place : New Delhi
Date : May 01, 2023

# भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार सिद्दरमैया की थी : अमित शाह

भाषा। वरुणा (कर्नाटक)



**कांग्रेस** नेता सिद्दरमैया पर उनके ही निर्वाचन क्षेत्र में निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोगों से सेवानिवृत्त होने जा रहे एक नेता तथा भविष्य के नेता के बीच फैसला करने को कहा।

उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार वी. सोमना को विधायक चुने जाने पर एक बड़ी शख्सियत बनाया जाएगा। भाजपा ने सभी को हैरत में डालते हुए अपने शीर्ष निर्वाचन क्षेत्र से आखिरी चुनाव लड़ रहे सिद्दरमैया के खिलाफ बेंगलुरु से मंत्री सोमना को खड़ा किया है। शाह ने कहा, यह कर्नाटक चुनाव महत्वपूर्ण है और वरुणा में यह चुनाव और भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। हमने वरुणा से अपने प्रत्याशी के रूप में सोमना को खड़ा किया है, आप (लोग) उन्हें विधायक बनाइए और विधानसभा भेजिए, मैं आपको बता रहा हूं कि भाजपा उन्हें एक बड़ी शख्सियत बनाएगी और उन्हें वापस लाएगी। मैसूर जिले में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सोमना और रेवन्ना (पड़ोसी टी नरसीपुर से भाजपा विधायक) के दिए वोटों के साथ उन्हें विधानसभा भेजने से कर्नाटक की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा, केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्नाटक को विकसित, समृद्ध तथा सुरक्षित बना सकते हैं, कोई और नहीं।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ने ही पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को प्रतिबंधित किया। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है और अगर सिद्दरमैया जीतते हैं तो वे पीएफआई पर प्रतिबंध हटा देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए कर्नाटक को अपने केंद्रीय नेतृत्व का एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि सिद्दरमैया के पांच साल के कार्यकाल में राज्य में भ्रष्टाचार के अलावा उन्होंने और कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, सिद्दरमैया जी, आपके कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ। पूरे भारत में सिद्दरमैया सरकार सबसे ज्यादा भ्रष्ट थी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि सिद्दरमैया के अनुसार लिंगायत समुदाय कर्नाटक में भ्रष्टाचार लेकर आया। उन्होंने कहा, सिद्दरमैया, आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। सिद्दरमैया ने भ्रष्टाचार में लिंगायतों के शामिल होने की बात कहकर लिंगायत समुदाय का अपमान किया है। कांग्रेस ने पहले भी लिंगायत नेता एस निजालिंगप्पा और वीरेंद्र पाटिल को (मुख्यमंत्री पद से) हटाकर लिंगायत समुदाय का अपमान किया था। शाह ने सिद्दरमैया से हर बार अपनी विधानसभा सीट बदलने के बारे में पूछते हुए कहा, आप किस वजह से हर बार अपनी सीट बदलते हैं? क्योंकि आप जहां जाते हैं कोई विकास कार्य नहीं करते और वहां के लोग आपको निर्वाचन क्षेत्र से भगा देते हैं। उन्होंने कहा, मैं वरुणा के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप ऐसा नेता चाहते हैं जो सेवानिवृत्त होने जा रहा है या कोई भविष्य का नेता चाहते हैं? आप फैसला करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा ने एदियुरप्पा को मुख्यमंत्री बनाया था जिन्होंने किसानों का बजट दिया। उन्होंने कहा कि एदियुरप्पा और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई किसानों के फायदे के लिए कर्नाटक में सिंचाई परियोजनाओं तथा मोदी सरकार के विभिन्न विकासात्मक कार्यों को आगे लेकर गए। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या भाजपा सरकार ने कांग्रेस द्वारा मुस्लिमों को दिया चार प्रतिशत आरक्षण हटाकर सही किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस कहती है कि अगर सिद्दरमैया जीते तो मुस्लिम आरक्षण बहाल किया जाएगा और हमने (भाजपा) जो लिंगायत आरक्षण बढ़ाया था वह कम हो जाएगा। साथ ही भाजपा द्वारा बढ़ाया एससीएसटी आरक्षण भी खत्म हो जाएगा। वे (कांग्रेस) केवल तुष्टिकरण की राजनीति कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों का श्रेय देते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस देश को सुरक्षा नहीं दे सकती, न उसे (देश को) समृद्ध, भ्रष्टाचार मुक्त और विकसित बना सकती है। उन्होंने कहा, फिर वरुणा को सिद्दरमैया के लिए मतदान क्यों करना चाहिए? मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि अगर आप वरुणा में सोमना को विजई बनाएंगे तो हम इसे राज्य में सबसे विकसित सीट बनाएंगे। इस जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा, सोमना और भाजपा के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

# समय की कसौटी पर खरे उतरे भारत-मालदीव संबंध : राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को माले में एक कार्यक्रम में भारत की ओर से तोहफे के तौर पर मालदीव को एक तेज गश्ती पोत और एक नौका सौंपी तथा हिंद महासागर में चुनौतियों का समाधान करने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि हिंद महासागर क्षेत्र में अकसर चीन की आक्रामकता दिखाई देती है। द्वीप राष्ट्र की अपनी यात्रा के दूसरे दिन सिंह ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से रक्षा संबंधों को और विस्तार देने पर बातचीत की तथा उन्हें देश के प्रति भारत का समर्थन जारी रहने का आश्वासन दिया। सोलिह के साथ सिंह की मुलाकात पर दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में देश को भारत की निरंतर सहायता और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

द्वीप राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति में सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत-मालदीव का रिश्ता वास्तव में विशेष है और यह पूरे क्षेत्र के अनुसरण के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित हुआ है।

रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत, मालदीव और क्षेत्र के अन्य समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

पोत सौंपने से संबंधित समारोह में सोलिह ने समुद्री गश्ती पोत को मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) में शामिल किया।

सिंह ने कहा, भारत-मालदीव का रिश्ता वास्तव में विशेष है। हमारे संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और हमने हमेशा जरूरत के समय एक-दूसरे का समर्थन किया है।

पोत सौंपने के समारोह से पहले सिंह ने सोलिह से मुलाकात की तथा भारत- मालदीव के संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने समारोह में कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध पूरे क्षेत्र के अनुसरण के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित हुए हैं।

उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र से संबंधित चुनौतियों को दूर करने की दिशा में भारत, मालदीव और क्षेत्र के अन्य समान विचारधारा वाले देशों को अपना सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है। सिंह ने कहा, इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास करना चाहिए कि हिंद महासागर का समुद्री विस्तार शांतिपूर्ण हो और क्षेत्रीय समृद्धि के लिए समुद्री संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो।

हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक प्रभाव बढ़ाने के चीन के बढ़ते प्रयासों के बीच भारत ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसियों में से एक मालदीव को दो समुद्री वाहन सौंपे। सिंह ने कहा, हम सहयोगात्मक संबंध बनाना चाहते हैं, जहां हम एक-दूसरे से सीख सकते हैं, एक साथ आगे बढ़ सकते हैं तथा सभी के लिए लाभ की स्थिति बना सकते हैं। हम आपको यह भी आश्वस्त करना चाहते हैं कि एमएनडीएफ और मालदीव का समर्थन करने की भारत की प्रतिबद्धता समय के साथ और बेहतर एवं मजबूत होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं में काफी वृद्धि की है जिससे वह अपने सहयोगी देशों की क्षमता निर्माण पहलों को और समर्थन देने में सक्षम हुआ है। उन्होंने कहा, भारत मित्रवत विदेशी देशों को उनकी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप अधिक रक्षा साझेदारी की पेशकश करता है।

# फास्टैग से टोल संग्रह 193.15 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मंगलवार को कहा कि फास्टैग से टोल (पथकर) संग्रह 29 अप्रैल को 193.15 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एक दिन में 1.16 करोड़ लेन-देन हुए। एनएचएआई ने बयान में कहा कि सरकार ने फरवरी में 2021 में फास्टैग को अनिवार्य कर दिया था। उसके बाद फास्टैग कार्यक्रम के तहत टोल प्लाजा (टोल वसूलने के स्थान) 770 से बढ़कर 1,228 पहुंच गए। इसमें 339 राज्य टोल प्लाजा शामिल हैं। इसमें फास्टैग रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक का उपयोग किया जाता है। इससे उपयोगकर्ता को टोल प्लाज पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ती और वह कुछ ही सेकेंड में टोल का भुगतान कर आगे बढ़ जाता है। भुगतान बैंक वॉलेट से जुड़े फास्टैग के माध्यम से डिजिटल रूप से किया जाता है। एनएचएआई ने कहा कि टोल संग्रह में प्रभावी उपयोग के बाद फास्टैग ने देश के 50 से अधिक शहरों में 140 से अधिक पार्किंग स्थलों में भुगतान को सुगम बनाया है। एनएचएआई ने यह भी कहा कि वह देश में और सुगम टोल व्यवस्था के लिए ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित पथकर व्यवस्था लागू करने के लिए कार्यों को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहा है।



मदुरै में देवी मीनाक्षी व भगवान सुंदेश्वर के विवाह उत्सव के दौरान पूजा करते भक्तगण

# पुलिस ने अदालत परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

**चंडीगढ।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को एक विशेष अभियान के दौरान राज्य की जिला और उपमंडलीय अदालतों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार पुलिस ने न्यायिक परिसरों में लगे डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी), सीसीटीवी कैमरों और अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक एक साथ विशेष जांच अभियान चलाया गया। बयान के अनुसार पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे व्यक्तिगत रूप से इस अभियान की निगरानी करें और इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराएं। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने कहा कि पुलिस दलों ने पूरे राज्य में लगभग 68 अदालतों में जांच अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के अलावा, पुलिस दलों ने अदालत परिसरों में घूम रहे 1,796 संदिग्ध लोगों की तलाशी ली और 1,768 वाहनों की भी जांच की।

## क्विक न्यूज

### क्रेन से कुचलकर छह वर्षीय बच्चे समेत चार लोगों की मौत

**इंदौर।** इंदौर में मंगलवार शाम सड़क पर बेकाबू ट्रेन से कुचलकर छह वर्षीय बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूबे के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भीषण हादसे पर शोक जताया है और अफसरों को निर्देश दिए है कि पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद की जाए। बाणगंगा पुलिस थाने के प्रभारी राजेंद्र सोनी ने संवाददाताओं को बताया, हादसा उस वक्त हुआ, जब एक बेकाबू क्रेन ने पुल से नीचे उतरते वक्त सड़क पर दो मोटरसाइकिल को कुचल दिया। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने क्रेन के नीचे दबे चारों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा। अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) अभय बेड़ेकर ने बताया कि मृतकों की पहचान छह साल के बच्चे शरद किशोर, रितेश किशोर (16), राज चंगीराम (13) और सुनील परमार (56) के रूप में हुई है, जबकि घायल महिला का नाम शारदा किशोर (40) है।

### नवचार से प्रेरित नए उपकरण

**बंगलुरू।** टेम्प्ट ने क्वालकॉम सीएसआर 8635 के नए टेम्प्ट रश नेकबैंड के साथ भारत में प्रवेश किया, इसकी कीमत मात्र 649 रुपए है। टेम्प्ट जो कि ऑडियो टेक्नोलॉजी में एक लीडिंग ब्रांड है। टेम्प्ट का यह रश नेकबैंड क्वालकॉम सीएसआर 8635 चिपसेट द्वारा संचालित अपनी तरह का पहला नेकबैंड है जो कि इनोवेश (नवाचार)के हाई -क्वालिटी साउंड आउटपुट और बेहतर यूजर एक्सपीरियंस सुनिश्चित करता है और वह भी केवल 649 रुपये की प्रभावी कीमत पर। यह नेकबैंड एफिशिएंसी एवं परफॉरमेंस का एक उत्तम मिश्रण है। जल्द ही यह फ्लिपकार्ट के साथ-साथ अमेज़न पर भी आसानी से उपलब्ध होगा। टेम्प्ट रश नेकबैंड में 10एमएम के स्पीकर हैं जो कि कॉपर रिंग, वाइब्रेशन अलर्ट, 20हर्ट्ज- 20 किलोहर्ट्ज की फ्रीक्वेंसी रिस्पांस तथा 10मीटर की वर्किंग रेंज के साथ आता है। टेम्प्ट के को -फाउंडर गौरव खेत्रपाल ने यह जानकारी दी।

### पंजाब में सरकारी कार्यालय सुबह साढ़े सात बजे से खुलेंगे

**चंडीगढ़, लुधियाना।** पंजाब सरकार के दफ्तरो के खुलने तथा बंद होने का समय मंगलवार से बदल गया है। अगले ढाई महीने तक सरकारी कार्यालय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बजाय सुबह साढ़े सात बजे से अपराह्न दो बजे तक खुलेंगे। नई समयसारिणी के मुताबिक कार्य अवधि मे आधे घंटे का भोजनावकाश नही होगा। इसके बावजूद कर्मियो को एक घंटे कम काम करना होगा। नया समय 15 जुलाई तक लागू रहेगा और इससे ढाई महीने के दौरान करीब 40-42 करोड़ रुपए की बचत होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने कर्मियो के साथ सुबह सात बजकर 28 मिनट पर यहां सिविल सचिवालय पहुंचे और इसके बाद मीडिया को संबोधित किया। मान ने कहा कि इस कदम से न केवल बिजली बचाने मे मदद मिलेगी बल्कि इसके कई अन्य फायदे भी मिलेंगे। मान ने संवाददाता सम्मेलन मे कहा, फैसला लागू करने से पहले हमने कर्मचारियो से चर्चा की और लोग इससे सहमत थे। उन्होने कहा कि इस कदम से बिजली बचाने मे मदद मिलेगी जो बहुत बड़ा मुद्दा है। कई स्थानो पर भारतीय प्रशासनिक सेवा(आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) से लेकर कार्यालय सहायक तक सरकारी कार्यालय मे तय समय सुबह साढ़े सात बजे से पहले पहुंच गए थे। कैबिनेट मंत्रियो ने भी नई समयारिणी का अनुपालन किया और समय से पहले ही अपने कार्यालय पहुंचे। मान के सूचना व जनसंपर्क अधिकारी अमन अरोड़ा ने ट्वीट किया, सुप्रभात पंजाब...काम ही पूजा है...पंजाब सरकार द्वारा कार्यालय समय बदलकर सुबह साढ़े सात बजे से अपराह्न दो बजे तक करना महान पहल है। भगवंत मान जी के नेतृत्व मे छोटे कदम से बड़ी उपलब्धि हासिल होगी नई ऊंचाई तक पहुंचेंगे।

### शिक्षा सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** लोटस पेटल फाउंडेशन ने डीएलएफ समूह की लोकोपकारी शाखा डीएलएफ फाउंडेशन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार डीएलएफ फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रम डीएलएफ केयर्स शिक्षा सहायता कार्यक्र म के अंतर्गत अंग्रेज़ी और गणित में विद्या सहयोग इंटरैक्टिव ई-लर्निंग सुधारात्मक क्लासेस शुरू किए जाएंगे और छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए समुपदेशन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसका प्रमुख उद्देश्य के आधार पर की गई थी कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और इसका प्राथमिक उद्देश्य है इन्हें हर तरह से तैयार कर संपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करना ताकि वे अपनी संपूर्ण क्षमता के अनुसार विकास कर सकें और भविष्य में एक उत्पादक और ज़िम्मेदार नागरिक बन सकें। सलोनी भारद्वाज, सह-संस्थापक एवं सीटीओ, लोटस पेटल फाउंडेशन ने जानकारी साझा करते हुए कहा, डीएलएफ फाउंडेशन के साथ भागीदारी करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है और हमें इस बात से प्रसन्नता हो रही है कि हमारे कार्यक्रम का विस्तार कई नई सरकारी स्कूलों में हो रहा है। आज लोटस पेटल फाउंडेशन विद्या सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत लाइव टू-वे इंटरेक्टिव ऑनलाइन लेक्चर आयोजित कर रहा है। जो 8 राज्यों में फैला हुआ है और इससे करीब 2500 से ज़्यादा छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। यह समझौता, विद्या सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से साल 2027 तक सुविधाओं से वंचित 100,000 बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाने के लोटस पेटल फाउंडेशन के विज़न को साकार करने की दिशा में उठाया गया। एक और कदम है जिसका लक्ष्य है भारत की सरकारी स्कूलों में पहले से मौजूद बुनियादी और शिक्षा से जुड़ी सुविधाओं में सुधार लाना।

# यूजीसी ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती के लिए एकीकृत पोर्टल की शुरुआत की

भाषा। नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने मंगलवार को सीयू-चयन की शुरुआत की ताकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाया जा सके। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने बताया कि सीयू-चयन पोर्टल एकीकृत भर्ती पोर्टल है जिसे खास तौर पर केंद्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की भर्ती के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह पोर्टल उपयोग करने में काफी आसान है और इसें भर्ती प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि यूजीसी ने इस पोर्टल को विश्वविद्यालयों और आवेदकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह पोर्टल सभी विश्वविद्यालयों की रिक्तियों विज्ञापना रोजगार को सूचीबद्ध करने के एक साझा मंच के रूप में काम करेगा। कुमार ने कहा, भर्ती प्रक्रिया में सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्वायत्ता जारी रहेगी और भर्तियां संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा की जाएंगी।

# सूडान संकट : जेद्दा से 231 भारतीय अहमदाबाद पहुंचे

भाषा। अहमदाबाद

**हिंसाग्रस्त** सूडान से नागरिकों को वापस लाने के भारत के अभियान ऑपरेशन कावेरी के तहत 231 भारतीय मंगलवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचे। इनमें गुजरात के 208 लोग शामिल हैं। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन लोगों का स्वागत किया।

सांघवी ने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि विशेष विमान से आए 231 भारतीयों में 208 गुजरात के, 13 पंजाब के और 10 लोग राजस्थान के हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को हवाई अड्डे से उनके गंतव्य तक भेजने के लिए राज्य सरकार ने व्यवस्था की है। मंत्री के अनुसार, सूडान में बस चुके गुजरात के कम से कम 360 निवासी ऑपरेशन कावेरी के तहत लौट आए हैं। सांघवी ने कहा, राजकोट के निवासियों को हवाई अड्डे से पांच वॉल्वो बसों के जरिए उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। सूडान से लौट रहे 10 बुजुर्ग लोगों की चिकित्सकीय जांच के लिए चिकित्सा दलों को तैनात किया गया है। आव्रजन प्रक्रिया को तेज बनाने के लिए हवाई अड्डे पर 15 काउंटर बनाए गए हैं। भारत लौटने पर इन लोगों ने राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। सूडान में कारोबार करने वाले राजकोट के एक निवासी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, सूडान में हालात बदतर हो रहे हैं और हम डरे हुए थे। हमें रोज बम धमाकों की आवाजें सुनाई देती थी। सूडानी सैनिक और विद्रोही आम नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचा रहे थे लेकिन जेल से भागे कैदी घरों और दुकानों में लूटपाट कर रहे हैं। स्थिति में सुधार होने तक वापस लौटने के सिवाय हमारे पास और कोई रास्ता नहीं था। ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत, खार्तूम में संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों तथा पोर्ट सूडान में फंसे अपने नागरिकों को बसों के जरिए निकल रहा है और इसके बाद उन्हें वायु सेना के विमानों तथा नौसेना के जहाजों से सऊदी अरब के जेद्दा शहर ले जाया जा रहा है। जेद्दा से भारतीय नागरिकों को भारतीय वायु सेना के अथवा अन्य विमानों के जरिए स्वदेश लाया जा रहा है।

**● सांघवी ने कहा, राजकोट के निवासियों को हवाई अड्डे से पांच वॉल्वो बसों के जरिए उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा**

# दुनिया को नेतृत्व देगा भारत : बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि बदलाव के दौर से गुजर रही दुनिया आज भारत की ओर देख रही है और अपनी कौशल सम्पन्न जनसंख्या की ताकत से भारत सम्पूर्ण विश्व को नेतृत्व प्रदान करेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 39वें वार्षिक दिवस को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि यह डिजिटल, कृत्रिम बुद्धिमता का युग है और आज विश्व परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है। उन्होंने कहा, ऐसे में सभी युवाओं को बदलते समय के साथ आगे बढ़ना होगा। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने कहा कि बदलाव के दौर से गुजर रही दुनिया आज भारत की ओर देख रही है और अपनी कौशल सम्पन्न जनसंख्या की ताकत से भारत सम्पूर्ण विश्व को नेतृत्व प्रदान करेगा। गुरु गोबिंद सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सिख समाज में सदैव आध्यात्म, बलिदान और सेवा जैसे मूल्यों की प्रधानता रही है। उन्होंने कहा कि सिख धर्म गुरुओं ने सेवा और समर्पण से मानवता को नई दिशा दी और पूरे विश्व को प्रेरित किया। बिरला ने कहा कि पूरे विश्व में सिख समाज का सामाजिक आर्थिक परिवर्तन में बड़ा योगदान रहा है और शिक्षा के साथ संस्कार और अध्यात्म सिख धर्म की पहचान है।

# बिहार में 1.78 लाख शिक्षकों की होगी भर्ती

भाषा। पटना

**बिहार** कैबिनेट ने मंगलवार को राज्य में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च कक्षाओं के लिए 1.78 लाख शिक्षकों की भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 85477 प्राथमिक शिक्षकों, 1745 उच्च प्राथमिक (मिडल) शिक्षकों और उच्च कक्षाओं के 90804 शिक्षकों की भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा, कैबिनेट ने विभिन्न संवर्ग के 1.78 लाख शिक्षकों की भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ये नियुक्तियां बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा की जाएंगी। भर्ती की पूरी प्रक्रिया बहुत जल्द और निश्चित तौर पर इस साल के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। कैबिनेट ने इस साल 30 सितंबर (मध्यरात्रि) से गया और मुजफ्फरपुर में 15 साल से अधिक पुराने सभी वाणिज्यिक वाहनों और डीजल संचालित बसों और ऑटोरिक्शा पर प्रतिबंध लगाने के परिवहन विभाग के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। परिवहन विभाग जल्द ही एक सर्कुलर जारी करेगा ताकि सिटी बसों-ऑटोरिक्शा के मालिक समय रहते सीएनजी बसों को अपनाने की योजना बना सकें और जुर्माने से बच सकें। उन्होंने कहा, विभाग ने इस साल 30 सितंबर (मध्यरात्रि) से सभी वाणिज्यिक वाहनों जो 15 साल से अधिक पुराने हैं और डीजल से चलने वाली बसों और ऑटोरिक्शा के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने के लिए पटना के लिए एक समान परिपत्र जारी किया है।

अब यह निर्णय गया और मुजफ्फरपुर के लिए भी लिया गया है। इससे पहले परिवहन विभाग ने पटना नगर निगम तथा दानापुर, फुलवारीशरीफ और खगौल के नगर परिषदों के अधिकार क्षेत्र में एक अक्टूबर से 15 साल से अधिक पुराने सभी वाणिज्यिक वाहनों और डीजल संचालित बसों और ऑटोरिक्शा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

# भोजनालय का लाइसेंस रखने वाले रेस्तरां हुक्का नहीं परोस सकते : बंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने हर्बल हुक्का परोसने के लिए लाइसेंस रद्द किए जाने की कार्वाई का सामना कर रहे एक उपनगरीय रेस्तरां को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि भोजनालय के लाइसेंस में हुक्का या हर्बल हुक्का परोसने की अनुमति स्वत: शामिल नहीं है। न्यायमूर्ति जी. एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आर. एन. लड्डा की खंडपीठ ने 24 अप्रैल को दिए अपने आदेश में कहा कि हुक्का उस रेस्तरां में परोसी जाने वाली वस्तुओं में शामिल नहीं किया जा सकता, जहां बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग जलपान या भोजन के लिए जाते हैं।

अदालत ने कहा, जहां तक भोजनालय का संबंध है, तो यह (हुक्का परोसना) पूरी तरह से परेशानी का सबब होगा। यदि ऐसा (हुक्के की अनुमति) संभव हो जाता है, तो भोजनालय में ऐसे ग्राहकों पर इसके प्रभाव की कल्पना की जा सकती है। पीठ सायली पारखी की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा पारित 18 अप्रैल, 2023 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी।

# शाह, नड्डा, योगी के चुनाव प्रचार पर रोक की मांग

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान ऐसी टिप्पणियां की हैं, जो नफरती भाषण (हेट स्पीच) के दायरे में आती हैं। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि भाजपा के इन तीनों प्रमुख नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए और इनके चुनाव प्रचार करने पर रोक लगाई जाए। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी इस मांग के संदर्भ में आयोग के समक्ष तीन प्रतिवेदन दिए। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा,



अजय माकन, सलमान खुर्शीद और कुछ अन्य नेता शामिल थे। तन्खा ने संवाददाताओं से कहा, संवैधानिक पदों पर बैठे लोग ऐसी बातें बोलते हैं, जिससे ध्रुवीकरण और समाज तथा देश में विभाजन होता है। गृह मंत्री कहते हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आ जाएगी, तो दंगा हो जाएगा। कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में शासन किया। क्या कांग्रेस की सरकारों में हमेशा दंगे होते थे? दंगे कौन कराता है, सबको पता है। उन्होंने कहा, हमने आयोग से कहा है कि गृह मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जो बयान दिए हैं, वो हेट स्पीच की परिभाषा के दायरे में आते हैं।

# असम में फायरिंग रेंज में विस्फोट, जवान की मौत

**गुवाहाटी।** असम के तामुलपुर में दांग फील्ड फायरिंग रेंज में हुए एक विस्फोट में सेना के एक जवान की मौत हो गई। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि क्राफ्ट्समैन संदीप कुमार सोमवार को ड्यूटी के दौरान रेंज में हुए विस्फोट में घायल हो गए थे। उन्होंने बताया, कुमार विस्फोट के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें रेजीमेंट के एक चिकित्सा अधिकारी ने घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। उन्हें हवाई मार्ग से गुवाहाटी में सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां उसी दिन बाद में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

# डोभाल ने तेहरान में ईरानी राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियान से मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली

**ईरानी** राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने तेहरान में, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ एक बैठक के दौरान भारत-ईरान संबंधों को विशेष रूप से आर्थिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों में एक नए मुकाम पर ले जाने की हिमायत की है।

ईरान के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सोमवार को हुई बैठक में रईसी ने डोभाल को इस बात से भी अवगत कराया कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और ब्रिक्स जैसे समूह वैश्विक भू-राजनीतिक बदलावों के मद्देनजर बहुत प्रभावकारी साबित हो सकते हैं।

डोभाल एक दिन के दौरे पर सोमवार को ईरान में थे। रईसी से मुलाकात करने के अलावा, उन्होंने अपने ईरानी समकक्ष अली शमखनी और विदेश मंत्री हुसैन अमीरअब्दुल्लाहियान के साथ अलग-अलग वार्ता भी की। डोभाल और अमीरअब्दुल्लाहियान ने अपनी बैठक के दौरान चाबहार बंदरगाह के विकास, आतंकवाद से निपटने के तरीकों, द्विपक्षीय बैंकिंग से जुड़े मुद्दों और अफगानिस्तान में स्थिति पर चर्चा की। बयान के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री ने व्यापार संबंध प्रगाढ़ करने की अपील की और उम्मीद जताई कि तेहरान में संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक किए जाने से संबंधों को नई गति मिलेगी।

# अमन और गेंदबाजों ने दिल्ली को दिलाई जीत

**भाषा।** अहमदाबाद

## ● गुजरात को 5 रनों से पराजित किया



**अमन** हकीम खान के करियर के पहले अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने उतार-चढ़ाव से भरे कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटंस को पांच रन से हराकर नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। दिल्ली के 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम कप्तान पंड्या (53 गेंद में नाबाद 59, सात चौके) के नाबाद अर्धशतक और अभिनव मनोहर (26) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 62 रन की साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 125 रन ही बना सही। राहुल तेवतिया ने सात गेंद में तीन छक्कों से 20 रन बनाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। दिल्ली की ओर से इशांत शर्मा (23 रन पर दो विकेट) और खलील अहमद (24 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि कुलदीप यादव ने चार ओवर में सिर्फ 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। दिल्ली कैपिटल्स ने शमी (11 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद अमन (44 गेंद में 51 रन, तीन छक्के, तीन चौके) के अर्धशतक से बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए आठ विकेट पर 130 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। मोहित शर्मा (33 रन पर दो विकेट) और राशिद खान (28 रन पर एक विकेट) ने शमी अच्छा साथ दिया जबकि नूर अहमद ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 20 रन दिए लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। अमन ने अक्षर पटेल (27) के साथ छठे विकेट के लिए 50 और रिपल पटेल (23) के साथ सातवें विकेट के लिए 53 रन की महत्वपूर्ण साझेदारियां भी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरे गुजरात की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने 32 रन तक चार विकेट गंवा दिए। खलील ने पारी के पहले ओवर में रिद्धिमान साहा (00) को विकेटकीपर फिल सॉल्ट के हाथों कैच कराया जबकि एनरिच नोर्किया (39 रन पर एक विकेट) की गेंद को दूसरे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (06) प्वाइंट पर मनीष पांडे के हाथों में खेल गए। इशांत ने इसके बाद विजय शंकर (06) को बोल्ड किया। कप्तान हार्दिक ने तीसरे ओवर में खलील पर तीन चौके मारे जबकि नोर्किया की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। टाइटंस ने पावरप्ले में तीन विकेट पर 31 रन बनाए। कुलदीप ने अगले ओवर में डेविड मिलर (00) को बोल्ड करके टाइटंस को चौथा झटका दिया। हार्दिक को इसके बाद मनोहर के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। अभिनव ने अक्षर पर पारी का पहला छक्का मारा। टाइटंस के रनों का अर्धशतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। हार्दिक ने खलील पर चौके के साथ 27 गेंद के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया। गुजरात को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 52 रन की दरकार थी। हार्दिक ने कुलदीप की गेंद पर एक रन के साथ 44 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन दो ओवर में 15 रन ही बने। टाइटंस को अब तीन ओवर में 37 रन की जरूरत थी। खलील की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अभिनव ने अमन को कैच थमा दिया। उन्होंने 33 गेंद का सामना करते हुए एक छक्का मारा। ओवर में सिर्फ चार रन बने। तेवतिया ने नोर्किया पर लगातार तीन छक्कों के साथ गुजरात की उम्मीद जगाई। अंतिम ओवर में टाइटंस को अब सिर्फ 12 रन की जरूरत थी और गेंद अनुभवी इशांत के हाथों में थी। इशांत ने पहली तीन गेंद में तीन रन दिए और चौथी गेंद पर तेवतिया को रिली रोसेयु के हाथों कैच करा दिया। अब अंतिम दो गेंद पर टाइटंस को नौ रन की जरूरत थी लेकिन गुजरात के बल्लेबाज तीन रन ही बना सके।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्सः** सॉल्ट का मिलर बो शमी 00, वार्नर रन आउट 02, गर्ग का साहा बो शमी 10, रोसेयु का साहा बो शमी 08, पांडे का साहा बो शमी 01, पटेल का राशिद बो मोहित 27, हकीम खान का मनोहर बो राशिद 51, पटेल का हार्दिक बो मोहित 23, नोर्किया नाबाद 03, यादव नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 05, **कुलः** 20 ओवर मे आठ विकेट पर: 130 रन, **विकेट पतनः** 1-0, 2-6, 3-16, 4-22, 5-23, 6-73, 7-126, 8-130, **गेंदबाजीः** शमी 4-0-11-4, हार्दिका-0-10-0, लिटिल 3-0-27-0, राशिद 4-0-28-1, नूर 4-0-20-0, मोहित 4-0-33-2

**गुजरात टाइटंसः** साहा का सॉल्ट बो खलील 00, गिल का पांडे बो नोर्किया 06, पंड्या नाबाद 59, शंकर बो इशांत 06, मिलर बो कुलदीप 00, मनोहर का अमन बो खलील 26, तेवतिया का रोसेयु बो इशांत 20, खान नाबाद 03, अतिरिक्तः 05, कुलः 20 ओवर मे छह विकेट पर: 125 रन, **विकेट पतनः** 1-0, 2-18, 3-26, 4-32, 5-94, 6-122, **गेंदबाजीः** खलील 4-1-24-2, इशांत 4-0-23-2, नोर्किया 4-0-39-1, कुलदीप 4-0-15-1 अक्षर 4-0-24-0

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## कोहली और गंभीर पर मैच फीस का शत प्रतिशत जुर्माना

**लखनऊ ।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान फिर एक-दूसरे से उलझ पड़े जिससे इन दोनों के मतभेद खुलकर सामने आ गए। आरसीबी के मुख्य बल्लेबाज कोहली और लखनऊ टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) गंभीर सोमवार को खेले गए मैच के बाद एक दूसरे से बहस में उलझ पड़े। आरसीबी ने इस कम स्कोर वाले मैच में 18 रन से जीत दर्ज की थी। इन दोनों पर आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 का उल्लंघन करने के लिए मंगलवार को मैच फीस का शत प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। कोहली ने जब मैच के बाद कहा कि अगर आप कुछ कहते हो तो सुनने के लिए भी तैयार रहो अन्यथा कुछ मत कहो तो संभवत: वह भारत और दिल्ली के अपने पूर्व साथी के साथ हुई झड़प के संदर्भ में यह बात कर रहे थे। कोहली ने आरसीबी के यूट्यूब चैनल पर कहा, साथियों यह बहुत प्यारी जीत थी। बहुत ही प्यारी जीत। आओ आगे बढ़े। अगर आप कुछ कहते हो तो सुनने के लिए भी तैयार रहो अन्यथा कुछ मत कहो। ऐसा लगता है कि कोहली की लखनऊ के सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स के साथ हुई संक्षिप्त बहस से इस झड़प की शुरुआत हुई। मैच समाप्त होने के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे तब लखनऊ के गेंदबाज नवीन उल हक और कोहली को आपस में बहस करते हुए देखा गया तथा आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल ने उन दोनों को एक दूसरे से अलग किया। इसके बाद गंभीर ने मायर्स को कोहली के साथ बातचीत करने से रोक दिया। इसके तुरंत बाद गंभीर को कोहली की तरफ बढ़ते हुए देखा गया। तब केएल राहुल सहित उनके अन्य खिलाड़ियों ने उन्हें रोका। इसके बाद कोहली और गंभीर में तीखी बहस हुई जबकि वे दोनों टीमों के खिलाड़ियों से घिरे हुए थे। गंभीर अधिक आक्रामक नजर आ रहे थे और लखनऊ के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने लगातार उन्हें कोहली की तरफ बढ़ने से रोका। ऐसा इन दोनों के आपस में हाथ मिलाने के बाद हुआ। शुरू में कोहली को गंभीर का कंधा पकड़े हुए देखा गया लेकिन जब दोनों के बीच तीखी बहस जारी रही तब अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा, आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी और लखनऊ के सहायक कोच तथा दिल्ली के एक अन्य पूर्व खिलाड़ी विजय दहिया ने उनको अलग किया।



### खत्म होने का नाम नहीं ले रही बरसों पुरानी रंजिश

**नई दिल्ल।** दिल्ली के दो धुरंधरों विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच मैदान पर आईपीएल मैच के बाद हुई लड़ाई से एक बार फिर सार्वजनिक हो गया कि एक दूसरे के लिए दोनो के मन मे कितनी कड़वाहट है। कैमरे मे कैद हुई इस लड़ाई मे दोनो ने जमकर मां बहन की गालियां भी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच सोमवार की रात हुए मैच के दौरान हुई इस झड़प की शुरूआत कहां से हुई, इसे लेकर वहां मौजूद लोगो के अलग अलग मत है। कुछ इसे बचपना कह रहे है तो कुछ लोगो को इस प्रतिद्वंद्विता मे मसाला मिल रहा है जबकि कुछ का मानना है कि भद्रजनो के खेल मे इस तरह की घटनाओ से बचना चाहिए। एक टीम मे शामिल प्रत्यक्षदर्शी ने कहा , आपने टीवी पर देखा कि काइल मायर्स और कोहली मैच के बाद कुछ देर तक साथ चल रहे है। मायर्स ने कोहली से पूछा कि वह उन्हे लगातार गालियां क्यो दे रहे थे तब कोहली ने कहा कि वह (मायर्स) उन्हे घूर क्यो रहा था। इससे पहले अमित मिश्रा ने अंपायर से शिकायत की थी कि विराट दसवें नंबर के बल्लेबाज नवीनुल हक को लगातार गालियां दे रहे है। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा , गौतम को लगा कि हालात बिगड़ जाएंगे तो उसने मायर्स को वहां से खीच लिया और कहा कि बात मत करो। तब विराट ने कुछ कहा।

### रियाल मैड्रिड अंडर-17 का सामना करेगी भारत की जूनियर टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरूष फुटबॉल टीम बुधवार को मैड्रिड के स्यूदाद डिपोर्टिवा डेल रियाल मैड्रिड मे रियाल मैड्रिड अंडर-17 टीम का सामना करेगी जो उसका स्पेन दौरे मे चौथा अभ्यास मैच होगा। भारत की जूनियर टीम थाईलैंड मे जून मे होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारियो के सिलसिले मे अभी स्पेन के दौरे पर है। भारत को एएफसी अंडर-17 एशियाई कप मे जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ ग्रुप डी मे रखा गया है। भारतीय टीम ने मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडीस के नेतृत्व मे स्पेन दौरे मे अभी तक एटलेटिको डी मैड्रिड अंडर-17 (4-1), सीडी लेगानेस अंडर-18 (0-2) और एटलेटिको मैड्रिलिनो (2-1) के खिलाफ तीन मैच खेले है। फर्नांडीस का मानना है कि भारतीय टीम के लिए अपने कुशल प्रतिद्वंद्वियो के खिलाफ खुद को परखने का यह बहुत अच्छा अवसर है।

### विश्व प्रत्यारोपण खेल पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली।** द आर्गन रिसीविंग एंड गिविंग अवेयरनेस नेटवर्क (आर्गन) भारत ने मंगलवार को पर्थ मे पिछले महीने हुए विश्व प्रत्यारोपण खेलो मे पदक जीतने वालो को सम्मानित करते हुए जर्मनी मे 2025 मे होने वाले इन खेलो मे और पदक जीतने की उम्मीद जताई। भारत के 32 सदस्ईय दल ने 35 पदक जीते जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ए खेल 15 से 21 अप्रैल के बीच हुए थे। आर्गन इंडिया की अध्यक्ष अनिका पाराशर ने कहा कि प्रत्यारोपण करा चुके मरीजो या अंगदान करने वालो की इन खेलो मे भागीदारी विषमताओ से निपटने की मानवीय भावना की परिचायक है।

### कैस्टेलानोस के गोल से गिरोना ने सेविला को हराया

**मैड्रिड।** अमेरिका के मेजर लीग सॉकर मे अपना जलवा बिखेर चुके टाटी कैस्टेलानोस ने स्पेनिश लीग फुटबॉल प्रतियोगिता ला लिगा मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गिरोना को एक और जीत दिलाई। जुआनपे रामिरेज़ ने 23वे मिनट मे गोल किया जबकि कास्टेलानोस ने 55वे मिनट मे दूसरा गोल दागा जिससे गिरोना ने सेविला को 2-0 से पराजित किया। कास्टेलानोस ने इससे पहले पिछले दौर मे मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड के खिलाफ गिरोना की 4-2 से जीत मे सभी चारो गोल किए थे। गिरोना इस जीत से आठवे स्थान पर पहुंच गया है जबकि सेविला पहले की तरह 11वे स्थान पर है। एक अन्य मैच मे एथलेटिक बिलबाओ ने इनाकी विलियम्स के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम मे किए गए गोल की मदद से मार्लोका को 1-1 से ड्रॉ पर रोका।

# राहुल की चोट ने बढ़ाई लखनऊ की चिंता

## ● चेन्नई की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा



**लखनऊ ।** कप्तान लोकेश राहुल और तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के चोटिल होने के कारण कमजोर पड़ी लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से सतर्क रहना होगा जो वापसी करने के लिए बेताब है। लखनऊ की टीम सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.5 ओवर में 108 रन पर आउट हो गई थी। राहुल आरसीबी के खिलाफ इस मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी दाहिनी जांघ में चोट लगी है। उनादकट रविवार को नेट्स पर गेंदबाजी करते समय फिसलकर चोटिल हो गए थे। इन दोनों खिलाड़ियों की चोट की गंभीरता का अभी तक पता नहीं चला है लेकिन राहुल आरसीबी के खिलाफ 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए थे। उन्होंने तीन गेंदों का सामना किया लेकिन वह अपना खाता नहीं खोल पाए थे। उनका चेन्नई के खिलाफ मैच में खेलना संदिग्ध है। काइल मायर्स, निकोलस पूरन, मार्कस स्टोइनिस और क्रुणाल पंड्या जैसे खिलाड़ियों ने लखनऊ की तरफ से पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन राहुल पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ अर्धशतक जड़ने के बाद रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ 28 अप्रैल को खेले गए मैच में लखनऊ की टीम ने जहां शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की थी वही सोमवार को आरसीबी के खिलाफ उसकी टीम छोटे लक्ष्य को भी हासिल नहीं कर पाई थी। लखनऊ ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट पर 257 रन बनाकर 56 रन से जीत हासिल की थी। उस मैच में मायर्स, आयुष बडोनी, स्टोइनिस, पूरन, नवीन उल हक और यश ठाकुर सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आरसीबी के खिलाफ उसके सभी खिलाड़ी नाकाम रहे। लखनऊ की टीम दबाव में बिखर जाती है जो उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। वह अभी नौ मैचों में 10 अंक लेकर आईपीएल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन आरसीबी से मिली हार के कारण उसका मनोबल गिरा होगा। चेन्नई की टीम राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद इस मैच में उतरेगी लेकिन उसकी वापसी करने की काबिलियत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उसकी इस सत्र में अधिकतर जीत में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की भूमिका अहम रही तथा यदि बुधवार के मैच में राहुल नहीं खेल पाते हैं तो वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### अपनी योजनाओं को लागू नहीं कर पाएः कृणाल

**लखनऊ।** लोकेश राहुल के चोटिल होने के कारण लखनऊ सुपरजाइंट्स की कप्तानी करने वाले कृणाल पंड्या ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ सोमवार को यहां 18 रन की शिकस्त के बाद कहा कि उनकी टीम योजना को अच्छी तरह से लागू नहीं कर पाई। कृणाल ने मैच के बाद कहा, हमने पहले हाफ में उन्हें कम स्कोर पर रोककर काफी अच्छा प्रदर्शन किया। यह एक बेहतरीन टीम प्रयास था। हमने इस टूर्नामेंट में जिस तरह की गेंदबाजी की उससे वास्तव में खुश हूं। मैच की शुरुआत में हम 126 रन आसानी से स्वीकार कर लेते। लेकिन हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित नहीं कर सके। राहुल की चोट पर उन्होंने कहा, यह दुखद है। मुझे लगता है कि उसके कूल्हे में चोट लगी है। मुझे नहीं पता कि यह कितना बुरा है। मेडिकल टीम इसका आकलन करेगी।




# पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी परीक्षा



**मोहाली।** पिछले मैच में अप्रत्याशित जीत के बाद अपना अभियान पटरी पर लाने के प्रयासों में जुटी मुंबई इंडियंस की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को यहां होने वाले मैच में पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। मुंबई और पंजाब दोनों टीमों के लिए आगे के मैच काफी महत्वपूर्ण है। पांच बार का चैंपियन मुंबई पिछले सत्र में दसवें और आखिरी स्थान पर रहा था और इस बार भी उसकी स्थिति अच्छी नजर नहीं आ रही है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के आठ मैचों में आठ अंक है और वह सातवें स्थान पर है। ऐसे में एक हार से टीम के लिए आगे की राह कांटों भरी हो जाएगी। शिखर धवन की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम के नौ मैचों में 10 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। वह इस मैच में जीत दर्ज करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करना चाहेगी। मुंबई का राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अंतिम ओवर में मिली जीत से मनोबल बढ़ा होगा। सिंगापुर में जन्मे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने लगातार तीन छक्के जड़कर मुंबई को जीत दिलाई थी। उनकी 14 गेंदों पर खेली गई नाबाद 45 रन की पारी से राजस्थान रॉयल्स का सात विकेट पर 212 रन का स्कोर भी बौना साबित हो गया। भारत के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (55), ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन (44), इशान किशन (28) और तिलक वर्मा (नाबाद 29) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया लेकिन डेविड की पारी का कोई सानी नहीं था जिसमें उन्होंने पांच छक्के और दो चौके लगाए। मुंबई को अपने खिलाड़ियों से पंजाब किंग्स के खिलाफ इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। पंजाब की टीम आक्रामक क्रिकेट खेलती है लेकिन उसके लिए सबसे बड़ी चिंता शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। कप्तान शिखर धवन और कुछ हद तक उनके सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह को छोड़कर पंजाब के अन्य बल्लेबाज अपेक्षित योगदान देने में नाकाम रहे हैं।

### सात्विक और चिराग करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवी रैंकिंग पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद मंगलवार को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर पांच रैंकिंग हासिल की। विश्व चैंपियनशिप 2022 की कांस्य पदक विजेता जोड़ी 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए दिनेश खन्ना के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। पिछले साल दिसंबर में दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी बने सात्विक और चिराग ने नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवां स्थान हासिल किया है। सात्विक और चिराग ने फाइनल में ओंग यू सिन और तियो ई ई की मलेशियाई जोड़ी को 16-21, 21-17, 21-19 से हराया था। कपिला और एमआर अर्जुन की एक अन्य भारतीय जोड़ी भी चार पायदान के फायदे से 23वें स्थान पर पहुंच गई है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय नौवें स्थान पर बरकरार हैं जबकि किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन एक-एक स्थान के फायदे से क्रमश: 22वें और 23वें स्थान पर हैं।

# नंबर एक टेस्ट टीम बना भारत

## ● आस्ट्रेलिया को पछाडा

**भाषा।** दुबई



**भारत ने** आस्ट्रेलिया को पछाड़कर आईसीसी पुरूष टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस सालाना अपडेट में 2019-20 सत्र के नतीजे नहीं है जबकि मई 2020 के बाद से खेली गई सारी श्रृंखलाओं के नतीजे शामिल हैं। भारत के रेटिंग अंक 119 से 121 हो गए हैं क्योंकि मार्च 2020 में न्यूजीलैंड से मिली 2-0 से हार इसमें शामिल नहीं है। इसमें मई 2020 से पहले की श्रृंखलाओं को 50 फीसदी और उसके बाद की श्रृंखलाओं को सौ फीसदी आंका गया है। भारत इससे पहले दिसंबर 2021 में शीर्ष पर पहुंचा था और एक महीने के लिए था। आस्ट्रेलिया के रेटिंग अंक अब 122 से 116 हो गए हैं। उसने 2019 . 20 में घरेलू श्रृंखलाओं में पाकिस्तान को 2-0 से , न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया था जो इस रैंकिंग में शामिल नहीं हैं। वहीं इंग्लैंड पर 2021-22 में मिली जीत का 50 प्रतिशत ही आंका गया है। भारत और आस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में सात जून को ओवल पर एक दूसरे के सामने होंगे। आस्ट्रेलिया जनवरी 2022 से शीर्ष पर था जिसने इंग्लैंड को 4-0 से हराकर यह स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड तीसरे स्थान पर है लेकिन उसके और दूसरे स्थान की टीम के बीच अंतर 13 की बजाय दो अंक का रह गया है।

# प्रदर्शन से दूर पहलवानों ने शिविर बहाली की मांग की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय कुश्ती** महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह से जुड़े विवाद और राष्ट्रीय शिविर बंद होने के बीच प्रदर्शन से खुद को अलग थलग रखने वाले पहलवानों ने भारतीय खेल प्राधिकरण के अभ्यास केंद्र खुलवाने की मांग की है ताकि एशियाई खेलों की तैयारियां की जा सके। फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन पुरूष पहलवानों के राष्ट्रीय शिविर बहालगढ (सोनीपत) और महिलाओं का शिविर लखनऊ में आयोजित किया जाता है। बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट समेत देश के प्रमुख पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर 23 अप्रैल से जंतर मंतर पर धरना फिर शुरू किया। राष्ट्रीय शिविर आठ अप्रैल से बंद है और अभी तक शुरू नहीं हुआ। दस भारवर्ग में 300 से अधिक पहलवान (सीनियर, जूनियर, कैडेट और अंडर15) सोनीपत में और सौ से अधिक महिला पहलवान लखनऊ में अभ्यास करते हैं। नरसिंह पंचम यादव ने मुंबई से पीटीआई से कहा , मेरे पास अभ्यास का जोड़ीदार नहीं है। राष्ट्रीय शिविर फिर शुरू होना चाहिए। एशियाई खेल दो महीने बाद है। साइ को शिविर फिर शुरू करना चाहिए। जूनियर पहलवान क्यों भुगते।

### अपने अधिकारों के लिए लड़ने वाले खिलाड़ियों को न्याय मिलना चाहिए : करहाना

**नई दिल्ली।** आईओए के खिलाड़ी आयोग के सदस्य ओम प्रकाश करहाना भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाने वाले प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन मे आए और उन्होने मंगलवार को कहा कि अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे खिलाड़ियों को न्याय मिलना चाहिए। पहलवानो के आरोपो को दबाने से भारतीय खेलो को नुकसान होगा क्योकि खिलाड़ियो का व्यवस्था मे विश्वास खत्म हो जाएगा। पिछले साल संन्यास लेने वाले करहाना ने कहा, मै खिलाड़ी आयोग की ओर से नही बोल रहा हूं लेकिन मेरा व्यक्तिगत विचार है कि अगर खिलाड़ी अपने अधिकारो की लड़ाई के लिए सामने आए है तो देश की व्यवस्था को जल्द से जल्द उन्हें न्याय दिलाने के लिए कदम उठाने चाहिए।

# मैड्रिड ओपन : मेदवेदेव उलटफेर का शिकार, खाचानोव जीते



**भाषा।** मैड्रिड

**दानिल मेदवेदेव** को मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में क्वालीफायर असलान कारात्सेव के हाथों अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा जबकि स्टेफानोस सिटसिपास और इगा स्वियातेक ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके अगले दौर में प्रवेश किया। 121वीं रैंकिंग वाले कारात्सेव ने दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को 7-6, 6-4 से मात दी। इस मैच से पहले टूर पर मेदवेदेव का रिकॉर्ड 33-4 का था। अब कारात्सेव का सामना टेलर फ्रिट्ज या झांग झीजेन से होगा। मेदवेदेव ने हम वतन रूसी खिलाड़ी एलेक्जेंडर शेवचेंको को 4-6, 6-1, 7-5 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। वहीं कारात्सेव ने 16वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 4-6, 6-4 से हराया था। रूस के कारेन खाचानोव ने अपने युगल जोड़ीदार आंद्रेइ रूबलेव को 7- 6, 6-.4 से हराया। महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक को भी 16वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना पर 6-4, 6-7 (3), 6-3 से जीत दर्ज करने के लिए पसीना बहाना पड़ा। उनका अगला मुकाबला 27वीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच से होगा जिन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा को 6-3, 7-6 (1) से हराया।

# आशीष प्री क्वार्टर फाइनल में, हर्ष बाहर

## ● पुरुष मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप

**भाषा।** ताशकंद





**तोक्यो ओलंपियन** आशीष चौधरी ने मंगलवार को यहां पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 80 किग्रा वर्ग में खंडित फैसले के तहत ईरान के मेसाम घेशलाघी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आशीष ने एशियाई चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता मेसाम को कड़े मुकाबले में 4-1 से हराया। हिमाचल प्रदेश के 28 साल के आशीष ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और मेसाम पर कुछ दमदार मुक्के जड़ते हुए पहले दौर में दबदबा बनाया। एशियाई चैंपियनशिप 2019 के रजत पदक विजेता आशीष ने इसके बाद कुशल मूवमेंट और बेहतर तकनीकी दक्षता के आधार पर ईरान के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ा। प्री क्वार्टर फाइनल में हालांकि आशीष को क्यूबा के दो बार के ओलंपिक चैंपियन आर्लेन लोपज की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस बीच पदार्पण कर रहे हर्ष चौधरी 86 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के बिली मैकएलिस्टर के खिलाफ 0-5 के सर्वसम्मत फैसले से हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। बुधवार को निशांत देव (71 किग्रा) 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अजरबेजान के सरखान अलिएव से भिड़ेंगे।

# भारतीय तीरंदाजों ने चार पदक पक्के किए



**ताशकंद।** भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप के दूसरे चरण में शानदार शुरूआत करते हुए रिकर्व और कंपाउंड चर्ग में चारों टीम स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरूषों के रिकर्व वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने मेजबान उजबेकिस्तान को 6 . 0 (56 . 54, 57 . 54, 56 . 53) से हराया। भारतीय टीम में मृणाल चौहान, तुषार शेल्के और जयंत तालुकदार थे जबकि उजबेक टीम में चेन याओ यू, ए कारोरोव और आमिरखान सादिकोव शामिल थे। इससे पहले भारत ने किर्गीस्तान को भी इसी अंतर से मात दी थी। अब उनका सामना चीन से होगा। रिकर्व महिला टीम (संगीता, प्राची सिंह और तनीषा वर्मा) ने उजबेकिस्तान को टाइब्रेकर में 5 . 4 (53.54, 56.49,52.50, 52.54, 26.26) से हराया। क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम ने सउदी अरब को 6 . 0 से हराया था। अब उनका सामना चीन से होगा। भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम (अभिषेक वर्मा, कुशाल दलाल, अमित) ने सऊदी अरब को 236 . 221 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में भारतीय टीम को बाइ मिला था। अब उनका सामना फाइनल में हांगकांग से होगा। कंपाउंड महिला टीम (परनीत कौर, प्रगति और रागिनी मारकू) क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंच गई है।